CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 25°C
न्यूनतम : 20°C

नई दिल्ली, बुधवार 6 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 28 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 18 जिल कदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



महिला आरक्षण पर भाजपा अपना रुख साफ करे: अखिलेश यादव पेज 2



बेंगलुरु में आईपीएल फ़ाइनल की मेज़बानी के मौकों पर संकट खेल टाइम्स



जेलीफिश मनुष्यों के समान सोती है सम्पादकीय



होर्मुज़ तनाव के बीच अमेरिकी प्रभाव कम हो जाएगा: ग़ालिबफ़ पेज 12

# यूएस-ईरान के बीच फिर भड़का तनाव, होर्मुज में बन रहे जंग जैसे हालात

**वाशिंगटन/तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि सीजफायर की घोषणा के बावजूद दोनों पक्षों की सैन्य गतिविधियां जारी हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने स्पष्ट किया है कि सीजफायर अभी भी लागू है और इसे खत्म नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा अभियान अलग और सीमित प्रकृति का है। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑपरेशन केवल वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा के लिए अस्थायी व्यवस्था है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प को युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम अभी भी लागू है। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने पेंटागन ब्रीफिंग में कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को निकालने का अमेरिकी प्रयास ऑपरेशन एपिक फ्यूरी से अलग है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट फ्रीडम रक्षात्मक प्रकृति का अभियान है। इसका दायरा सीमित है और यह अस्थायी अवधि के लिए है। इस अभियान का एकमात्र मिशन ईरानी आक्रामकता से निर्दोष वाणिज्यिक जहाजों की रक्षा करना है। रक्षा मंत्री ने बताया कि दो अमेरिकी वाणिज्यिक जहाज स्ट्रेट से सफलतापूर्वक गुजर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, छह अन्य जहाजों ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी का उल्लंघन करने का प्रयास किया था।



**अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ बोले- सीजफायर अभी भी लागू**

## UAE के फुजैराह पर ड्रोन हमले में तीन भारतीय घायल

**नई दिल्ली/ अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह तेल औद्योगिक क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फुजैराह में मंगलवार को हुए हमलों में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। हम प्रभावित भारतीय नागरिकों की उचित चिकित्सा देखभाल और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने कहा कि ईरान ने नवीनतम हमले में चार क्रूज मिसाइलें दागीं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, तीन मिसाइलों को वायु रक्षा प्रणालियों ने रोक लिया जबकि चौथी मिसाइल समुद्र में गिर गई। एक ड्रोन हमले के कारण फुजैराह तेल उद्योग क्षेत्र में आग लग गई, जो संयुक्त अरब अमीरात के ऊर्जा निर्यात का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए बचाव दल तैनात किए गए और घायलों को मामूली चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती किया गया।

## अमेरिका ने यूएई के तेल संयंत्र पर हमले के जवाब में किया ईरानी नौकाओं पर हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में सात ईरानी नौकाओं पर हमला किया है, क्योंकि वाशिंगटन लगभग बंद जलमार्ग के माध्यम से खाड़ी में फंसे जहाजों को बाहर निकालने का प्रयास कर रहा है। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी। संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण कोरिया दोनों ने सोमवार को महत्वपूर्ण जलमार्ग में जहाजों पर हमले की सूचना दी। संयुक्त अरब अमीरात ने यह भी कहा कि ईरानी हमले के बाद फुजैराह के तेल बंदरगाह पर आग लग गई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि स्ट्रेट में हुई घटनाओं से यह स्पष्ट हो गया है कि राजनीतिक संकट का कोई सैन्य समाधान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रोजेक्ट फ्रीडम प्रोजेक्ट डेडलॉक है। फरवरी में अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान पर हवाई हमले शुरू करने के बाद से होर्मुज स्ट्रेट बहुत हद तक अवरुद्ध रहा है।

# दीदी हैं कि मानती नहीं..

## ममता बनर्जी की चुनौती, इस्तीफा नहीं दूंगी

**कोलकाता, वार्ता**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आगे कहा कि चुनाव आयोग असली विलेन है।

उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। टीएमसी सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है। ममता ने कहा कि चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे, मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं हारी नहीं हूं। मेरे इस्तीफा देने -शेष पृष्ठ दो पर



**कहा: हम हारे नहीं, हराया गया, चुनाव आयोग विलेन, भाजपा से मिलकर 100 सीटें लूटीं, मैं आजाद पंछी, शेर की तरह लड़ूंगी**

### ममता बनर्जी ने इस्तीफा नहीं दिया, तो क्या कहता है संविधान

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस का 15 साल के शासन का अब अंत हो चुका है। इस बीच मंगलवार को राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर गलत तरीके से चुनाव जीतने का आरोप लगाया। साथ ही चुनाव आयोग को भी घेरा। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर अगर कोई मुख्यमंत्री चुनाव में हार के बाद अपने पद से इस्तीफा देने से इन्कार कर दे तो क्या हो सकता है, अगर कोई मुख्यमंत्री विधानसभा में बहुमत खोने या चुनाव हारने के बाद भी इस्तीफा देने से इन्कार कर देता है, तो स्थिति को संभालने के लिए सांविधानिक और कानूनी रास्ते अपनाए जाते हैं। विधानसभा में बहुमत खोने पर अगर ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री के पास बहुमत बनाए रखने के लिए विधायकों का समर्थन नहीं है, तो उन्हें फ्लोर टेस्ट का सामना करना पड़ता है।

# जनहित याचिका अब पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन बनी: सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (जनहित याचिका) अब प्राइवेट इंटरेस्ट और पब्लिसिटी इंटरेस्ट, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं।

यह कमेंट नौ जजों की संविधान बेंच ने केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान किया। कोर्ट ने इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन के 2006 के पीआईएल के मकसद पर सवाल उठाया, जिसमें केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर रोक को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि पीआईएल कानून की प्रोसेस का गलत इस्तेमाल है और एसोसिएशन को ऐसी पीआईएल फाइल करने के बजाय बार और अपने युवा सदस्यों की भलाई के लिए काम करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में धार्मिक जगहों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर 11वें दिन भी सुनवाई चली। सितम्बर 2018 में 5 जजों की संविधान बेंच ने 4:1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए सबरीमाला अयप्पा मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक हटा दी थी। तब कोर्ट ने कहा था कि सदियों पुरानी हिंदू धार्मिक प्रथा गैर-कानूनी और असंवैधानिक है। एसोसिएशन के वकील ने दलील दी कि पीआईएल जून 2006 में छपे चार अखबारों के आर्टिकल पर आधारित थी। इस पर सीजेआई ने कहा कि इसे सीधे खारिज कर देना चाहिए था। यह आर्टिकल जनहित याचिका फाइल करने का कारण कैसे बताता है। पीआईएल फाइल करने के लिए आर्टिकल लिखवाना आसान है। पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन अब प्राइवेट इंटरेस्ट लिटिगेशन, पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं। सभी को पीआईएल कहा जाता है, लेकिन हम सिर्फ असली पीआईएल पर ही सुनवाई करते हैं। सीजेआई को रोज सैकड़ों चिट्ठियां मिलती हैं, जिनमें सवाल किया जाता है कि क्या उन सभी को पीआईएल में बदला जा सकता है।

**सबरीमाला केस में वकीलों ने याचिका लगाई**
**जज ने कहा: अपने लोगों के लिए काम करें**



## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री ने की यूएई में ड्रोन हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह ऑयल इंडस्ट्रीज जोन पर हुए ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए थे। उन्होंने नागरिकों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य बताया और क्षेत्र में स्थिरता बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया।

### एमपी के दो सांसद साउथ में विधानसभा चुनाव हारे

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के चुनाव परिणामों में भाजपा को पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में बड़ी जीत मिली है। वहीं, एमपी कोटे से राज्यसभा के दो सांसदों को दक्षिण भारत के चुनावी रण में करारी हार का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार में मंत्री एल. मुरुगन को तमिलनाडु और जार्ज कुरियन को केरलम विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा है। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन को भाजपा ने केरलम की कांजीरापल्ली सीट से मैदान में उतारा था। ईसाई बहुल इस इलाके में कुरियन से काफी उम्मीदें थीं। हालांकि कुरियन मुख्य मुकाबले से पूरी तरह बाहर नजर आए। वे तीसरे नंबर पर रहे। उन्हें महज 26984 के करीब वोट मिले।

### चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फ्लाइट के अंदर धमाका

**चंडीगढ़।** हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो की फ्लाइट में लैंडिंग के दौरान मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। लैंडिंग के दौरान फ्लाइट में मोबाइल पावर बैंक फट गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में पांच लोगों के घायल होने की जानकारी है। फ्लाइट नंबर 6ई108 बताया जा रहा है। हालांकि घायलों की संख्या अभी बढ़ने की संभावना है। यह हादसा मोहाली स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दोपहर के बाद हुआ। जानकारी के मुताबकि फ्लाइट में 39-एफ सीट पर बैठे देवांश नाम के शख्स के पावर बैंक में लैंडिंग के दौरान अचानक आग लग गई। उसने इसकी जानकारी क्रू मेंबर्स को दी। इतनी देर में पावर बैंक फट गया। विमान दोपहर में 3 बजकर 32 मिनट पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ था।

### स्टालिन ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव हारने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। इस बीच, राजनीति में नवागंतुक और तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता विजय ने मंगलवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से अगली सरकार बनाने के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश करने के लिए मुलाकात का समय मांगा है। श्री स्टालिन ने राज्यपाल को अपना त्यागपत्र भेज दिया है और इसे लोक भवन में सौंप दिया गया है। इसी बीच विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया और राज्यपाल को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है।

# भाजपा ने शाह को बंगाल व नड्डा को असम का पर्यवेक्षक बनाया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बंगाल और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को असम के लिए पर्यवेक्षक बनाया।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में श्री शाह पश्चिम बंगाल में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। श्री सिंह ने बताया कि श्री नड्डा ओडिशा में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे।

**ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक बनाए गए**



जम्मू : एक स्कूली छात्रा ऑपरेशन सिन्दूर की बरसी से पहले पेंटिंग प्रदर्शित करती हुई।

# प. बंगाल: 10 साल में भाजपा 3 से 207 सीटों पर पहुंची

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बंगाल में टीएमसी को हराकर भाजपा पहली बार सत्ता में आई। पार्टी दस साल में 3 सीटों से 207 सीटों पर पहुंच गई है। तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया।

59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें डीएमके या एआईएडीएमके नहीं होगी। दो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमके स्टालिन चुनाव हार गए।



**भाजपा महिला को दे सकती है पश्चिम बंगाल में कमान**
**संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे**

बंगाल में भाजपा ने बिना चेहरे के चुनाव लड़ा, इसलिए अब बड़ा सवाल यह है कि कौन मुख्यमंत्री होगा। संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे है। पार्टी किसी महिला चेहरे को भी ला सकती है। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 206 सीटें जीतकर करीब 70 फीसदी का स्ट्राइक रेट हासिल किया। वहीं, टीएमसी 81 सीटों पर सिमट गई और उसका स्ट्राइक रेट करीब 27.6 फीसदी रहा। सीएम ममता समेत 35 मंत्रियों में से 22 चुनाव हार गए। ममता के पास होम मिनिस्ट्री समेत 7 महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी। महिला और बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा, उदयन गुहा, ब्रत्य बसु, चंद्रिमा भट्टाचार्य, सुजीत बसु, सिद्दीकुल्लाह चौधरी, रथिन घोष, बेचाराम मन्ना, बिरबाहा हंसदा, मोलय घटक को हार का सामना करना पड़ा है। 1972 के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में अब ऐसी पार्टी की सरकार होगी, जो केंद्र में भी सत्ता में है। 1972 में राज्य में कांग्रेस ने 216 सीटें जीतीं थीं और उस वक्त केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी। बांग्लादेश सीमा, घुसपैठ और प्रशासनिक नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी सख्ती हो सकती है। मोदी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में इसका ऐलान भी किया।

# गन्ना और कपास किसानों को बड़ी सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था को नई गति देने और प्रमुख औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से, केंद्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक फैसलों पर मुहर लगाई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद इन महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी दी।

इन फैसलों में मुख्य रूप से विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), कृषि नीतियां और समुद्री बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) शामिल हैं, जो देश के समग्र विकास और रोजगार सृजन को रफ्तार देने के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। केंद्र सरकार की कैबिनेट ने हालिया बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी है, जिन पर कुल लगभग 1.52 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए 'कपास कांती मिशन' पर 5,659 करोड़ रुपये खर्च होंगे, वहीं 2026-27 सीजन के लिए गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) से जुड़ा फैसला भी लिया गया है। आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए -ईसीएलजीएस-5 योजना पर 18,100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के मोर्चे पर वडिनार में शिप रिपेयर सुविधा (1,570 करोड़ रुपये) और कई रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जिनमें नागदा-मथुरा, गुंटकल- वाडी और बुरहवाल-सीतापुर रेल लाइनों के विस्तार पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा सेमीकंडक्टर सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए क्रिस्टल मैट्रिक्स लिमिटेड और सुची सेमिकॉन प्राइवेट लिमिटेड की यूनिट्स पर भी निवेश किया जाएगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट को मजबूत करने से जुड़ा एक नीतिगत निर्णय भी शामिल है। इन फैसलों से कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिल सकता है। देश के 32 लाख कपास किसानों को सीधा फायदा पहुंचाने के लिए कैबिनेट ने कपास क्रांति नाम से एक ऐतिहासिक पहल को मंजूरी दी है।

**केंद्रीय कैबिनेट की दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी**

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय सैन्य शक्ति रक्षा उद्योगों के कारखानों में निर्मित होती है: संजय सेठ

**नई दिल्ली/प्रयागराज।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ऑपरेशन सिदूर की सफलता का श्रेय रक्षा बलों के अद्वितीय साहस और दृढ़ संकल्प को देते हुए कहा है कि अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों और प्रणालियों ने इसे और मजबूत बनाया है। सेठ ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मंगलवार को 'नॉर्थ टेक संगोष्ठी' को संबोधित करते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ तथा स्टार्ट-अप को देश के ब्रांड एंबेसडर बताया। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप और एमएसएमई भविष्य की वृद्धि के प्रेरक बल हैं और 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे हमारे युग के विश्वकर्मा हैं।

### मुर्गों का दंगल कराने पर हिस्ट्रीशीटर समेत कई पर मुकदमा

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के कांट थाना क्षेत्र में मुर्गों का दंगल कराकर उस पर बाजी लगाने के मामले में पुलिस ने टॉप-टेन हिस्ट्रीशीटर समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर प्रियांक जैन ने मंगलवार को बताया कि सूचना मिली थी कि रावतपुर गांव के पास कुख्यात हिस्ट्रीशीटर सुहेल खां उर्फ बॉर्डर अपने साथियों के साथ मुर्गों का दंगल कराता है। पुलिस द्वारा जांच किए जाने पर सामने आया कि 25 अप्रैल को आम के बाग में चोरी-छिपे मुर्गों को लड़ाकर उन पर जीत-हार की बाजी लगाई गई थी। उन्होंने बताया कि यह स्थान उस पशु बाजार के पास है, जहां नियमित रूप से गाय, भैंस और बकरियों की खरीद-फरोख्त होती है।

# केजरीवाल ने भाजपा पर लगाया जनतंत्र की हत्या का आरोप

**नई दिल्ली, वार्ता**




■ भाजपा ने जनतंत्र को हाइजैक कर लिया है, जनतंत्र की हत्या कर दी है, पूरे देश में कोई भी पार्टी जीत कर आ जाए, इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी पर जनतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे देश में कोई भी पार्टी जीत कर आ जाए, इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है, क्योंकि एजेंसियां लगाकर विधायकों को तोड़कर सरकारें गिरा देते हैं।

केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिह मान के साथ दिल्ली आए पार्टी के विधायकों के साथ कपूरथला हाउस में संवाद किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि आज पूरे देश में बहुत बघ संकट छाया हुआ है। भाजपा ने जनतंत्र को हाइजैक कर लिया है, जनतंत्र की हत्या कर दी है। पूरे देश में कोई भी पार्टी जीत कर आ जाए, इन्हें कोई फर्क नहीं पघ्ता है। इसके बाद ए ईडी-सीबीआई और पैसे से उस पार्टी के विधायक तोड़ लेते हैं, पार्टियां तोघ लेते हैं, जेल भेज देते हैं और सरकारें गिरा देते हैं। जीतने के लिए ये लोग वोट काट देते हैं, अपना वोट जुड़वा देते हैं। सोमवार को पश्चिम बंगाल चुनाव का आया परिणाम कोई चुनाव नहीं था। पिछले 3-4 महीने से हम देख रहे हैं कि पश्चिम बंगाल के अंदर तांडव चल रहा है। इसी तरह इन्होंने बिहार, महाराष्ट्र में किया। उन्होंने कहा कि जब मैं जेल गया, उससे पहले नई दिल्ली विधानसभा में 1 लाख 48 हजार वोट थे। जब मैं लौट कर आया तो 1 लाख 6 हजार वोट बचे थे। इन्होंने करीब 6 महीने के अंदर 42 हजार वोट कटवा दिया। पिछली बार नई दिल्ली विधानसभा सीट से मैं 30 हजार वोट से जीता था। इन्होंने 42 हजार वोट कटवा दिए और इस बार मैं 03 हजार वोट से हार गया। विपक्ष कैसे जीत सकता है, जब उसके सारे वोट कटवा देंगे। आज पूरे देश के अंदर यही तांडव चल रहा है। आज देश के जनतंत्र के उपर संकट है। हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान कुर्बान करके हमें आजादी दिलाई थी, आज उस आजादी पर सकंट खघ हो गया है। उन्होंने कहा कि चार साल बाद भी पंजाब में प्रो-इंकम्बेंसी है। भगवंत मान सरकार के कामों से लोग बेहद खुश हैं और फिर सरकार बनाने के लिए बेताब हैं। पंजाब में मुफ्त बिजली, 10 लाख का इंश्योरेंस, शानदार सड़कें, पिडों में 3100 खेल के मैदान, खेतों तक नहरी पानी पहुंच रहा। पंजाब में पहली बार इतने काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी अश्वमेघ यज्ञ का घोघ पंजाब में रोका गया था और अब भी भाजपा का विजय रथ पंजाब के लोग रोकेंगे। पंजाब के छह राज्यसभा सांसद भाजपा ने चोरी की है। पंजाब के लोग इसका बदला अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में लेंगे। भाजपा ने पंजाब के लोगों की 6 राज्यसभा की सीट पर डाका डाला है।

# महिला आरक्षण पर भाजपा अपना रुख साफ करे: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: महिला आरक्षण को उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव में लागू किया जाए

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की स्पष्ट मांग है कि संसद में पारित महिला आरक्षण को उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव में लागू करने की तत्काल घोषणा की जाए।

यादव ने कहा कि यह विधेयक समस्त विपक्ष के सहयोग से पारित हुआ है, ऐसे में अब भाजपा सरकार को अपनी मंशा स्पष्ट करनी चाहिए। यदि सरकार इस पर घोषणा नहीं करती है, तो उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या भाजपा और उसके सहयोगी दल महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि जब तक इस मुद्दे पर सरकार की ओर से स्पष्ट घोषणा नहीं की जाती, तब तक उनकी पार्टी इस मांग को लगातार उठाती रहेगी। पार्टी हर सप्ताह अलग-अलग स्थानों पर इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी और महिला आरक्षण लागू कराने के लिए दबाव बनाएगी। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि प्रदेश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाना समय की मांग है। गौरतलब है कि बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली पार्टी कार्यालय में समर्थकों को संबोधित करते हुए सपा पर निशाना साधा था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि समाजवादी पार्टी ने महिला आरक्षण का विरोध किया था, लेकिन महिलाएं उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। आने वाले समय में महिलाएं समाजवादी पार्टी को सबक सिखाएगी।

# महबूबा ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

**श्रीनगर, वार्ता**



■ लगाया चुनावी हेराफेरी का आरोप

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह संस्था केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रही है। सुश्री मुफ्ती का यह बयान पश्चिम बंगाल चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत के एक दिन बाद आया है। उन्होंने इन परिणामों को देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की गिरती स्थिति के प्रति बड़ी चिता का हिस्सा बताया। पीडीपी अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि टीएन शेषन द्वारा किए गए सुधारों के बाद कभी भारत की मजबूत चुनाव प्रणाली की पूरी दुनिया में प्रशंसा होती थी और आयोग को लोकतंत्र का 'निडर रक्षक' माना जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि आज वही संस्था केंद्रीय एजेंसियों की मदद से चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने के आरोपों के घेरे में है। इसे ष्दुखद गिरावटष करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश भले ही 'विश्वगुरु' बनने का लक्ष्य हासिल न कर पाया हो, लेकिन 'चुनावी हेराफेरी की कला' में जरूर महारत हासिल कर ली है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हालिया घटनाक्रमों को इस परेशान करने वाली वास्तविकता का ताजा उदाहरण बताया।

## राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

# आंधी-बारिश से नुकसान पर सीएम का सख्त एक्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ घायलों का त्वरित और समुचित इलाज तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी, वर्षा और आक. ाशीय बिजली से हुई जनहानि को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिका. रियों को सख्त निर्देश दिया कि घायलों का त्वरित और समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को समयबद्ध सहायता देना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय होगी। उन्होने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे फील्ड में रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी करें। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शासन से समन्वय बनाए रखें। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान घरों में ही रहें और खुले स्थानों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों से दूर रहें।

प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव टीमें सक्रिय कर दी गई हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके और जनहानि को न्यूनतम रखा जा सके। दूसरी ओरउत्तर प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज बदलता नजर आएगा। मौसम विभाग द्वारा मंगलवार को जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अगले एक सप्ताह तक आंधी, गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है, जिससे भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलने के संकेत हैं।

### छह-सात मई को बारिश की स्थिति बन सकती है

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार यानी पांच मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ीं। छह और सात मई को दोनों ही हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश और मेघगर्जन की स्थिति बनी रह सकती है। विभाग ने बताया कि आठ और नौ मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। वहीं 10 और 11 मई को प्रदेश के दोनों भागों में फिर से कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 5 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना है, जो झोंकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे (झोंकों में 70 किमी/घंटा) की रफ्तार से तेज आंधी चलने की आशंका जताई गई है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76913.50
निफ्टी 23997.55

सोना 148652 प्रति 10 ग्राम
चांदी 251000 प्रति किलो

# बैंकिंग सेक्टर के दबाव में गिरावट के साथ बंद हुए प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बैंकिंग सेक्टर में बिकवाली से मंगलवार को प्रमुख सूचकांक नीचे बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 251.61 अंक (0.33 प्रतिशत) गिरकर 77,017.79 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले सेंसेक्स की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी और दोपहर तक यह 750 अंक से ज्यादा टूट गया था, लेकिन बाद में इसने काफी हद तक वापसी की। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 86.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत फिसलकर 24,032.80 अंक पर रहा। दोनों सूचकांक पिछले कारोबारी दिवस पर बढ़त में रहे थे।

वृहद बाजार में लिवाली का जोर रहा। मझौली कंपनियों का मिडकैप-50 सूचकांक 0.07 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत ऊपर रहा। ऑटो, एफएमसीजी और फार्मा सेक्टरों में अच्छी तेजी रही जबकि रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और बैंकिंग सेक्टरों के सूचकांक नीचे बंद हुए। एनएसई में जिन 3,391 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ उनमें से 1,600 के शेयर ऊपर और 1,680 के लाल निशान में रहे। अन्य 111 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 3.41 फीसदी मजबूत हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.79 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 1.32 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे।

### चांदी 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार सोने पर दबाव जारी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख के बीच मंगलवार को कमोडिटी बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक ओर जहां चांदी की कीमतों में भारी उछाल आया है, वहीं सुरक्षित निवेश के बदलते रुझानों के कारण सोने की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का ध्यान अब अमेरिकी डॉलर और बान्ड यील्ड की तरफ मुड़ गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये उछलकर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,49,500 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 300 रुपये गिरकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया (सभी करों सहित)। अंतर्राष्ट्रीय बाजार की बात करें तो, हाजिर चांदी 1.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73.51 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

# चावल, चीनी के भाव बढ़े, गेहूं नरम दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीनी में भी तेजी देखी गई जबकि में गिरावट रही। दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 30 रुपये बढ़कर 3,860 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं छह रुपये सस्ता हुआ और 2,775 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी छह रुपये घट गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 38 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 24 रुपये और मूंग दाल की 17 रुपये बढ़ गई। तुअर दाल में 23 रुपये और चना दाल में सात रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 88 रिगिट चढ़कर 4,710 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76.88 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 77 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 69 रुपये और सोया तेल की 44 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 13 रुपये और वनस्पति चार रुपये मजबूत हुआ। वहीं मूंगफली तेल में नौ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। चीनी भी चार रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7663.62 रुपये, मसूर काली 8130.38 रुपये, मूंग दाल 10167.95 रुपये, उड़द दाल 10835.36 रुपये, तुअर दाल 11222.93 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# वाहनों की खुदरा बिक्री अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में वाहनों की मांग में पिछले कुछ समय से जारी तेजी वित्त वर्ष 2026.27 में भी बरकरार रही और अप्रैल में वाहनों की खुदरा बिक्री करीब 13 प्रतिशत सालाना बढ़कर 26.11 लाख के पार पहुंच गई। वाहन डीलरों के शीर्ष संगठन फाडा द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में देश में कुल 26,11,317 वाहन बिके। यह आंकड़ा इस साल मार्च की तुलना में 3.01 प्रतिशत कम है जबकि पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 12.94 प्रतिशत अधिक है। फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने बताया कि छह में से पांच वाहन श्रेणियों में अप्रैल महीने का नया रिकॉर्ड बना है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दीदी है कि...** का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए राजभवन नहीं जाऊंगी। वे ऑफिशियली हमें हरा सकते हैं, लेकिन नैतिक रूप से हम चुनाव जीते हैं। चुनाव से दो दिन पहले हमारे लोगों को गिरफ्तार किया गया। जगह-जगह छापे मारे गए। आईपीएस- आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इसमें सीधे तौर पर शामिल हैं। मैंने राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, वाजपेयी सहित कई सरकारें देखीं, लेकिन ऐसा अत्याचार कभी नहीं देखा। अत्याचार की कोई सीमा नहीं रही। यहां लोगों को प्रताड़ित किया गया। पहले राउंड की काउंटिंग के बाद ही वे कहने लगे कि भाजपा 195-200 सीटें जीत रही है। अंतिम नतीजे का इंतजार नहीं किया। भाजपा वालों ने पोलिंग स्टेशन के अंदर घुसकर लोगों और काउंटिंग एजेंट्स को पीटना शुरू कर दिया। हम चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे। क्या करेंगे, यह अभी नहीं बताएंगे। दूसरी बात, हमने फैसला किया है कि 5 सां. सदों समेत 10 लोगों की एक फैक्ट- फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी।

# जंगल के राजा, सरकारी मेहमान

**अफजल हुसैन फौजी'**

■ उत्तराखंड के रेस्क्यू सेंटरों में कैद है करोड़ों का 'खर्चीला रुतबा'

**नैनीताल।** कभी कहा जाता था कि हाथी पालना आसान नहीं, लेकिन उत्तराखंड के चार रेस्क्यू सेंटरों में कैद 81 बाघ और तेंदुए अब सरकारी खजाने के लिए श्महंगे मेहमानश साबित हो रहे हैं। जंगल में दहाड़कर अपना साम्राज्य चलाने वाले ये वन्यजीव अब सलाखों के पीछे अपनी फिटनेस और रुतबा बरकरार रखने के लिए सरकारी बजट की बड़ी खुराक ले रहे हैं।

राज्य के रेस्क्यू सेंटरों में पल रहे इन खूंखारों की कहानी सिर्फ संरक्षण की नहीं, बल्कि भारी-भरकम आर्थिक बोझ की भी है। वन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, एक टाइगर की सेहत और खुराक पर सालाना लगभग 20 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। इनकी डाइट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक बाघ को रोजाना 10 किलो तक ताजा मांस की आपूर्ति की जाती है। उत्तराखंड में बाघों की संख्या में हुई वृद्धि वन्यजीव संरक्षण के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इसका दूसरा पहलू 'मानव-वन्यजीव संघर्ष' के रूप में सामने आया है। जब कोई बाघ या तेंदुआ आबादी वाले इलाकों में खतरा बनता है या संघर्ष में घायल होता है, तो उसे पकड़कर रेस्क्यू सेंटर भेज दिया जाता है। यहीं से शुरू होता है एक लंबी कैद और महंगे रख-रखाव का सिलसिला। वर्तमान में राज्य के चार प्रमुख केंद्रों/हरिद्वार का चिड़ियापुर, नैनीताल का रानीबाग, कॉर्बेट का ढेला और अल्मोड़ा मिनी जू में कुल 81 शिकारी वन्यजीव बंद हैं। इनमें चिड़ियापुर में 24 तेंदुए, रानीबाग में 15 तेंदुए और 3 बाघ, ढेला में 14 बाघ और 16 तेंदुए, तथा अल्मोड़ा में 10 तेंदुए मौजूद हैं।

इन वन्यजीवों का प्रबंधन सिर्फ खाने तक सीमित नहीं है। इसमें नियमित मेडिकल चेकअप, दवाइयां, एनक्लोजर (बाड़े) का रखरखाव और विशेष कर्मचारियों की तैनाती का खर्च भी शामिल है। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने स्वीकार किया कि इन रेस्क्यू सेंटरों का कुल खर्च करोड़ों में पहुंच जाता है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इन केंद्रों के संचालन के लिए हर साल भारी बजट आवंटित किया जाता है:

-ढेला रेस्क्यू सेंटर: करीब 2 करोड़ रुपये

-अल्मोड़ा मिनी जू: करीब 1.5 करोड़ रुपये

-चिड़ियापुर रेस्क्यू सेंटररू लगभग 1.20 करोड़ रुपये

-रानीबाग रेस्क्यू सेंटर: करीब 47 लाख रुपये

इसके अलावा, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के लिए राज्य, केंद्र, कैम्पा फंड और प्रोजेक्ट टाइगर से मिलने वाली राशि को जोड़कर यह खर्च 25 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लेता है। जाहिर है, जंगल से बाहर लाकर पिंजरों में कैद किए गए ये वन्यजीव न केवल अपनी आजादी खो चुके हैं, बल्कि राज्य के विकास बजट का एक बड़ा हिस्सा भी शशिकारश कर रहे हैं। संरक्षण और प्रबंधन की इस दोहरी चुनौती के बीच, यह सवाल खड़ा होना लाजिमी है कि क्या रेस्क्यू सेंटरों पर निर्भरता ही एकमात्र समाधान है?

# नैनीताल पहुंचे आचार्य प्रमोद कृष्णम!

■ कांग्रेस पर बोला तीखा हमला, कहा- बिना नेतृत्व बदले पार्टी की वापसी मुश्किल

**नैनीताल।** अपनी बेबाक बयानबा. जी के लिए मशहूर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। सरोवर नगरी नैनीताल प्रवास पर आए आचार्य ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों को देश की सुरक्षा और भविष्य के लिहाज से बेहद संवेदनशील बताया।

**ममता बनर्जी पर साधा निशाना**

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने ममता बनर्जी पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल को भारत से अलग करने की एक बड़ी साजिश रची जा रही है. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल की धरती हमेशा से महान राष्ट्रभक्तों की रही है और वहां की जनता अब इस सच्चाई को जान चुकी है. धार्मिक ख्रष्टिकोण जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि शास्त्रों में भगवान कल्कि के अवतार के साथ जिस सतयुग के आने की बात कही गई है, बंगाल में हो रहा मौजूदा बदलाव उसी की शुरुआत है।

**समाजवादी पार्टी पर बरसे आचार्य: हनुमान जी का नाम इन्हें शोभा नहीं देता**

सपा के आज किए गए ट्वीट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आचार्य ने कहा कि यह वही पार्टी है जिसने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई और उनका लहू सरयू नदी में बहाया, ऐसे लोगों के मुंह से हनुमान जी का नाम शोभा नहीं देता।

उन्होंने सपा मुखिया पर तंज कसते हुए कहा कि जो अपने पिता और चाचा का नहीं हुआ, वह जनता का क्या होगा। आचार्य ने भविष्यवाणी की कि 2027 तक समा. जवादी पार्टी के इतने टुकड़े होंगे कि उन्हें गिनना मुश्किल हो जाएगा. उन्होंने कहा कि ममता दीदी की लंका (सत्ता) जलते देख अब ये लोग डर के मारे हनुमान जी को याद कर रहे हैं।

# दाखिले का झांसा देकर ठगने वाले रैकेट का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नीट अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को एमबीबीएस में दाखिले का झांसा देकर ठगने वाले एक रैकेट का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सरगना समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना एक डॉक्टर है।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव के अनुसार आरोपियों ने तीन मई को हुई नीट (यूजी) 2026 परीक्षा से पहले पेपर उपलब्ध कराने के बहाने 18 छात्रों को अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर रखा था। पुलिस ने इन छात्रों को इनके कब्जे से सुरक्षित निकाला है। जांच में सामने आया कि कथित फर्जी प्रश्नपत्र पिछले वर्षों के सवालों और कोचिंग संस्थानों की सामग्री के आधार पर तैयार किए गए थे। उन्होंने बताया कि आरोपी अभ्यर्थियों के परिजनों से 20 से 30 लाख रुपये की मांग करते थे और मेडिकल कॉलेज में पक्का दाखिला दिलाने का दावा करते हुए अग्रिम राशि भी लेते थे। उपायुक्त ने बताया कि यह कार्रवाई 2 मई को सूरत पुलिस से मिली एक सूचना के बाद शुरू की गई, जिसमें दिल्ली से एक संदिग्ध नीट के जरिये दाखिला दिलाने का दावा कर रहा था। इंस्पेक्टर सुनील कालखंडे, इंस्पेक्टर यशेंद्र सिंह और इंस्पेक्टर महिपाल की टीम ने सूरत पुलिस के साथ मिलकर तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस महिपालपुर एक्सटेंशन पहुंची,जहां कई होटलों में तलाशी ली गई। पुलिस ने अंततः एक होटल में ठहरे चार आरोपियों की पहचान की, जिनमें विनोद भाई भीखा भाई पटेल शामिल है, जिसने गुजरात से अभ्यर्थियों को फंसाया था।

पूछताछ में पता चला कि आरोपी अभिभावकों से बड़ी रकम 10वीं और 12वीं की मूल मार्कशीट और हस्ताक्षरित खाली चेक लेकर उन्हें झूठे आश्वासन देते थे। जांचकर्ताओं के अनुसार आरोपियों ने कुछ छात्रों को उनके अभिभावकों से दूर रखा था। पुलिस ने गाजियाबाद के एक अस्पताल के पास जाल बिछाकर तीन छात्रों को बचाया और कथित सरगना संतोष कुमार जायसवाल को गिरफ्तार किया। इसके बाद गाजियाबाद स्थित एक फ्लैट पर छापेमारी कर 15 और छात्रों को छुड़ाया गया, जिनमें कुछ नाबालिग भी थे। ये छात्र 3 मई को होने वाली नीट परीक्षा में शामिल होने वाले थे। पुलिस ने बताया कि उन्हें काउंसलिंग के बाद परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई। दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया : इस दौरान दो अन्य आरोपी संत प्रताप सिंह और डॉ. अखलाक आलम उर्फ गोल्डन आलम को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, गिरोह ने मेडिकल अभ्यर्थियों की आकांक्षाओं का फायदा उठाने के लिए सुनियोजित तरीका अपनाया था। जायसवाल इस साजिश का मुख्य योजनाकार था, जबकि आलम फर्जी प्रश्नपत्र तैयार करता था। सिंह लॉजिस्टिक्स और ठहरने की व्यवस्था देखता था, जबकि पटेल बिचौलिए के रूप में परिवारों से संपर्क करता था।

## बच्ची की नाले में गिरने से हुई मौत पर रेखा गुप्ता ने गहरा शोक व्यक्त किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भलस्वा डेयरी स्थित मुकुंदपुर इलाके के एक खुले नाले में गिरने से मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस घटना को अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग (आईएंडएफसी) ने अनुबंध पर रखे जूनियर इंजीनियर को तत्काल प्रभाव से नौकरी से हटा दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, विशेष रूप से बच्चों की, जो सबसे अधिक मासूम होते हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खुले नालों व जान-माल के लिए खतरा पैदा करने वाले स्थलों की पहचान कर उन्हें तुरंत दुरुस्त करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सीधे जवाबदेही तय होगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना ही इस बच्ची के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# केजरीवाल के लिए न्याय मित्र नियुक्त करेगा उच्च न्यायालय

■ **अदालत ने अगली सुनवाई शुक्रवार को निर्धारित की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी प्रकरण में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की अपील पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक के लिए न्याय मित्र नियुक्त करने का निर्णय लिया है।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने स्पष्ट किया कि तीन वरिष्ठ अधिवक्ताओं को न्याय मित्र के रूप में नियुक्त किया जाएगा। इनके नियुक्त होने के बाद ही मामले की विस्तृत सुनवाई आगे बढ़ेगी। अदालत ने अगली सुनवाई शुक्रवार को निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि केजरीवाल, सिसोदिया और पाठक ने स्वयं को इस सुनवाई से अलग कर लिया है। इससे पहले न्यायालय ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने सुनवाई से अलग होने की मांग की थी।

गौरतलब है कि निचली अदालत ने इस मामले में केजरीवाल और सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपितों को आरोपमुक्त कर दिया था, जिसके खिलाफ सीबीआई ने उच्च न्यायालय में अपील दायर की है।

# वोकेशनल शिक्षा अभियान के शिक्षकों के वेतन में वृद्धि की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को आयोजित कैबिनेट में वोकेशनल शिक्षकों व समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित विशेष प्रशिक्षण केंद्रों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन में भी महत्वपूर्ण वृद्धि की घोषणा की है। इन केंद्रों में उन बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाता है, जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पाए या अन्य कारणों से स्कूल छोड़ गए।

दिल्ली सचिवालय में आयोजित कैबिनेट में हुए इस निर्णय की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में करीब 1,131 वोकेशनल शिक्षक कई विधाओं की ट्रेनिंग देते हैं। इनका वेतन बढ़ाकर 38,100 रुपये किया जा रहा है। पहले इन्हें 20,000 से लेकर 23,000 रुपये ही मिलते थे।

वहीं, समग्र शिक्षा अभियान के तहत वर्तमान में संचालित कुल 784 केंद्रों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के वेतन में भी वृद्धि की गई है। इन केंद्रों में तैनात सभी शिक्षकों का वेतन 21,000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 35,420 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। इन केंद्रों में स्कूल से बाहर (आउट ऑफ स्कूल) बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाता है और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समग्र शिक्षा अभियान के शिक्षकों को प्राइमरी और अपर प्राइमरी शिक्षकों के बराबर वेतन मिलेगा। यह निर्णय केवल वेतन वृद्धि नहीं है, बल्कि उन शिक्षकों के समर्पण और मेहनत का सम्मान है, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का काम कर रहे हैं। इन सभी शिक्षकों के वेतन में बढ़ोतरी होने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ेगा।




**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आयोजित कैबिनेट में वोकेशनल शिक्षकों व समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित विशेष प्रशिक्षण केंद्रों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन में वृद्धि का फैसला लिया।**

## एक नजर

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो ने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन दिल्ली स्टेट चौप्टर, के साथ मिलकर रोहिणी स्थित क्राउन प्लाजा में एक महत्वपूर्ण उद्योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता बीएआईएस की उप महानिदेशक (केंद्रीय क्षेत्र), स्नेह लता और आईआईए दिल्ली की राज्य अध्यक्ष, डॉ. ममतामयी प्रियदर्शिनी ने की। इसमें करीब 200 एमएसएमई प्रतिनिधि, निर्माता, निर्यातक और उद्यमी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जो गुणवत्ता और औद्योगिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। स्नेह लता ने कहा कि मानकीकरण आर्थिक विकास और उपभोक्ता विश्वास की मजबूत नींव है। उन्होंने बताया कि बीएआईएस एमएसएमई इकाइयों को सरल प्रमाणन प्रक्रिया, जागरूकता कार्यक्रम और तकनीकी मार्गदर्शन के माध्यम से लगातार सहयोग दे रहा है।

## बंगाल की जीत सनातन की जीत: चरणजीव मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक जीत को लेकर देशभर में राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में विख्यात गौ रक्षक और कोरोना योद्धा चारणजीव मल्होत्रा ने भी इस जीत पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। चारणजीव मल्होत्रा ने कहा कि बंगाल में मिली यह जीत सिर्फ एक राजनीतिक दल की सफलता नहीं, बल्कि "हिंदुत्व और सनातन संस्कृति की विजय" है। उन्होंने कहा कि जनता ने अपने वोट के जरिए यह स्पष्ट कर दिया है कि वे राष्ट्रवाद, संस्कृति और परंपराओं के साथ खड़े हैं। उन्होंने आगे कहा कि बंगाल की जनता ने लंबे समय बाद परिवर्तन का मार्ग चुना है और यह परिणाम देश के भविष्य की दिशा को भी प्रभावित करेगा। मल्होत्रा ने भाजपा नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को इस जीत के लिए बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नई सरकार राज्य के विकास और सुरक्षा को प्राथमिकता देगी।

## गोदरेज ने 2031 तक का लक्ष्य साझा किया

**नई दिल्ली।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने आज अपने नए 'उद्देश्य' और ब्रांड पहचान का अनावरण किया। यह ग्रुप के विकासक्रम में एक निर्णायक मोड़ है, जो इसकी नई पहचान, रणनीति और महत्वाकांक्षा को भविष्य की प्रगति के साथ जोड़ता है। इस ऐतिहासिक बदलाव की घोषणा मुंबई स्थित मुख्यालय, श्गोदरेज वनश में आयोजित एक मीडिया बैठक में की गई। गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के मनोनीत अध्यक्ष पिरोजशा गोदरेज ने कहा, 1897 से निरंतर निर्माण, हर आने वाले कल काश हमारे उस विश्वास को दर्शाता है कि मूल्य और परिणाम सदैव साथ चलने चाहिए। ग्रुप का इरादा अपनी तीन सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनियों की संख्या बढ़ाकर पाँच करने का है।

# रेल मंत्रालय की इरकॉन इंटनेशनल ने पूरे किए स्वर्णिम 50 साल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय के तहत आने वाली प्रमुख नवरत्न कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने अपने स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे किये। इस उपलक्ष्य में कंपनी ने स्थापना दिवस का आयोजन कियाद्य समारोह में रेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के शीर्ष अधिकारी, उद्योग जगत के प्रति. निधि और इरकॉन परिवार के सदस्य शामिल हुए। इस खास मौके पर भारत के रेलवे और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में कंपनी के पिछले 50 सालों के अहम् योगदान को याद किया गयाद्य कार्यक्रम में इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की 50 साल की गौरवशाली यात्रा को दर्शाने वाली एक स्मारिका (कॉफी टेबल बुक) का लॉन्च किया गया। इसके साथ ही कंपनी की आंतरिक पत्रिका 'नवनिर्माण' का लॉन्च किया गया और एक विशेष फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें इरकॉन के ऐतिहासिक प्रोजेक्ट्स और इंजीनियरिंग के महत्वपूर्ण माइलस्टोन को दर्शाया गया। कार्यक्रम में कंपनी में लंबे समय तक सेवा देने वाले कर्मचारियों और उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रोजेक्ट टीमों को सम्मानित और परुष्कृत किया गयाद्य इस दौरान इरकॉन ने इंजीनियरिंग क्षमता के जरिए देश के विकास में अपनी मजबूत भूमिका और राष्ट्र-निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दो. हराया।

समारोह का समापन श्मेलोडी किंगश कुमार सानू की एक विशेष संगीतमय प्रस्तुति के साथ हुई , जिन्होंने अपने सदाबहार हिट गानों के साथ दर्शकों को यादों की दुनिया में ले जाकर सभी का दिल जीत लिया। इस प्रस्तुति ने स्वर्ण जयंती के मौके को और भी खास बना दिया, जहां इरकॉन परिवार की अलग-अलग पीढ़ियों ने इस खुशी के पल को साथ मिलकर मनाया।

# भाजपा के विजय रथ को पंजाब रोकेगा: केजरीवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भाजपा पर लोकतंत्र को अगवा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंजाब पार्टी के 'विजय रथ' को रोक देगा। केजरीवाल का यह बयान पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत की पृष्ठभूमि में आया है। उन्होंने पार्टी पर चुनाव में हेरफेर का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल में वही किया जो उसने नई दिल्ली में मेरे विधानसभा क्षेत्र में वोट काटकर किया। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने लोकतंत्र को अगवा कर उसकी हत्या कर दी है। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है।

आप नेता ने कहा कि अगर भाजपा पंजाब में सत्ता में आई, तो राज्य को बर्बाद कर देगी। उन्होंने कहा कि पंजाब का आगामी विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आखिरी चुनाव होगा, पंजाब के बाद मोदी सरकार गिर जाएगी। हाल में आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल होने वाले सात राज्यसभा सदस्यों का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा कि ये सीट पंजाबियों की थीं।

## लंदन में गूंजा बीजेपी क जीत का जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लंदन से आई एक खास तस्वीर ने तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत को वैश्विक उत्सव में बदल दिया है। क्वीन्सबरी में बसे भारतीय समुदाय ने इस ऐतिहासिक विजय का जोरदार जश्न मनाते हुए देशभक्ति और एकता का संदेश दुनिया तक पहुंचाया।

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मिली इस बड़ी जीत को प्रवासी भारतीयों ने भारत की बढ़ती ताकत, गौरव और वैश्विक प्रभाव का प्रतीक बताया। तिरंगे के साथ जुटे लोगों ने नारेबाजी, गीतों और उत्साह के बीच अपनी मातृभूमि के प्रति गहरा लगाव और गर्व व्यक्त किया।

## एनीमिया जांच शिविर आयोजित

**नई दिल्ली।** भारत विकास परिषद, आई पैक्स शाखा द्वारा अपने स्थायी मासिक प्रकल्प 'एनीमिया मुक्त भारत' के अंतर्गत सर्वोदय बालिका विद्यालय, पॉकेट-बी, मयूर विहार फेज-II, दिल्ली में कक्षा 8 की बालिकाओं के लिए एनीमिया जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छात्राओं की हीमोग्लोबिन जाँच कर एनीमिया के कारणों, लक्षणों एवं उसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शाखा के सदस्यों द्वारा बालिकाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी छात्राओं को पोषण स्तर में सुधार हेतु 'गुड़-चना के पैकेट वितरित किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या शिल्पी पिपिल' एवं शिक्षिका निधि सहित अनेकों शिक्षिकाओं का कार्यक्रम के सफल आयोजन में सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके लिए शाखा ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

## खाली पद भरने की मांग

**नई दिल्ली।** नेशनल पब्लिक हेल्थ एलायंस (एनपीएचए) के आह्वान पर जीबी पंत अस्पताल की यूनियनों ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया। इस दौरान कर्मचारियों ने 8 घंटे काम की मांग को दोहराते हुए श्रमिकों के अधिकारों पर जोर दिया। एनपीएचए दिल्ली के अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए।

## 2026-27 से सिक्स क्लास में तीसरी भाषा अनिवार्य

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने छठवीं में तीसरी भाषा (आर3) लागू करने को लेकर सभी संबद्ध स्कूलों को निर्देश जारी करते हुए प्रक्रिया तेज करने को कहा है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए यह व्यवस्था अनिवार्य होगी और सभी स्कूलों को 31 मई 2026 तक ओसिस पोर्टल पर अपनी तीसरी भाषा का चयन अपलोड या संशोधित करना होगा। बोर्ड का यह निर्देश अप्रैल 2026 को जारी सर्कुलर के बाद आया है, जो राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा - स्कूली शिक्षा (एनसीएफ-एसई) 2023 पर आधारित है। सीबीएसई के अनुसार कई स्कूलों ने अपनी तीसरी भाषा का विकल्प पहले ही पोर्टल पर अपलोड कर दिया है, लेकिन कुछ स्कूल अब भी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए हैं, वहीं कुछ ने नीति के अनुरूप विकल्प नहीं चुने हैं। सीबीएसई ने इन खामियों को दूर करने के लिए 31 मई तक का अंतिम मौका दिया है और कहा है कि यह प्रक्रिया सभी स्कूलों के लिए अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा तक जानकारी अपडेट नहीं करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई भी हो सकती है। बोर्ड ने तीसरी भाषा की पढ़ाई को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। संविधान की सूची में शामिल भाषाओं के लिए एनसीईआरटी और सीबीएसई की वेबसाइट पर एक जुलाई 2026 से पहले पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करा दी जाएंगी।

# नकली नोटों से 25 लाख की ठगी, धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में नकली करेंसी के जरिए बड़े स्तर पर ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। सराय रोहिल्ला थाना क्षेत्र में एक ग्लास कारोबारी को 25 लाख रुपये का चूना लगाने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी शास्त्री नगर मेट्रो स्टेशन के पास से की गई।

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह ने कारोबारी को 28 लाख रुपये के माल का ऑर्डर देकर जाल बिछाया था। भुगतान के समय आरोपियों ने सीलबंद पैकेट सौंपे, जिनमें ऊपर और नीचे असली नोट रखे गए थे, जबकि बीच में नकली नोटों की गड्डियां छिपाई गई थीं। पहली नजर में पैकेट पूरी तरह असली प्रतीत होते थे, जिससे कारोबारी उनके झांसे में आ गया।

हालांकि कुछ ही देर बाद कारोबारी को शक हुआ और उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जाल बिछाया और आरोपियों को दोबारा बुलाकर मौके पर ही दबोच लिया। इस पूरे मामले में पीड़ित की सतर्कता अहम साबित हुई। समय रहते सूचना देने से न केवल उसकी बड़ी रकम बच सकी, बल्कि बाजार में नकली नोटों को खपाने की साजिश भी विफल हो गई। पुलिस अब गिरोह के सरगना और नकली नोट तैयार करने वाले ठिकानों का पता लगाने में जुटी है। प्रारंभिक जांच में इस नेटवर्क के अंतरराज्यीय संबंधों की आशंका जताई जा रही है। बरामद नोटों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि इन्हें किस तकनीक और सामग्री से तैयार किया गया था।

## 3-2 से ईमी हीरोज को हराया

**नई दिल्ली।** डीएसए ए डिवीजन लीग के ग्रुप स्टेज मुकाबले में पश्चिमी हीरोज फुटबॉल क्लब ने ईमी हीरोज को 3-2 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। ईस्ट विनोद नगर स्टेडियम में खेले गए मैच में आकाश राणा, रितेश और मनीष शर्मा ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। मिडफील्ड में मुकुल शर्मा और अभिषेक गुप्ता ने बेहतरीन नियंत्रण दिखाया।

# पार 3 मास्टर्स पिच एंड पुट टूर्नामेन्ट का सफल समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नोरेको गोल्फ कोर्स में पहले 'पार 3 मास्टर्स पिच एंड पुट टूर्नामेन्ट' का सफल समापन हुआ, यह भारत में इस खेल के विकास की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

राजधानी में 'कैन एंड एबल एंटरटेनमेन्ट' द्वारा आयोजित इस इवेंट ने पार 3 फोर्मेट को नए एवं सुलभ रूप में पेश किया, जिसने गोल्फ खिलाड़ियों, डिप्लोमेट्स, ब्युरोक्रेट्स और खेल प्रशंसकों को खूब लुभाया।

कार्यक्रम के दौरान इंडियन पिच एंड पुट एसोसिएशन (आईपीपीए) को औपचारिक रूप से पेश किया गया, जिसे फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल पिच एंड पुट एसोसिएशन (एफआईपीपीए) द्वारा मान्यता प्राप्त है। आईपीपीए के चेयरमैन एस.के. शर्मा (आईपीएस), चीफ पेट्रन पुनीत सिंह और संस्थापक अध्यक्ष मुनीश अरोड़ा ने इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता और बुनियादी स्तर पर गोल्फ को बढ़ावा देने की इसकी क्षमता पर रोशनी डाली।

# स्टैनली जॉर्डन के लाइव शो में केनवुड डेनार्ड भी देंगे साथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत में अपने विशेष माहौल और अलग अनुभवों के लिए पहचाना जाने वाला विंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स, जहाँ संगीत, विदेशी व्यंजन, क्राफ्ट बीयर और बेहतरीन डिजाइन का खूबसूरत मेल देखने को मिलता है, इस मई कुछ खास लेकर आ रहा है। टोटल एन्वायर्नमेंट म्यूजिक फाउंडेशन के तहत चार बार ग्रैमी के लिए नॉमिनेट हो चुके जैज कलाकार स्टैनली जॉर्डन, बहुमुखी और दमदार ड्रमर केनवुड डेनार्ड के साथ लाइव परफॉर्म करेंगे। यह लाइव परफॉर्मेंस 15 मई, 2026 को विंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स, हैदराबाद में होगी, इसके बाद 16 और 17 मई, 2026 को विंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स, बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी।

इस बारे में विंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स के फाउंडर कमल सागर ने कहा कि षविंडमिल्स क्राफ्टवर्क्स में हमारा उद्देश्य हमेशा से ही संगीत को उसके वास्तविक और बेहतरीन रूप में पेश करना रहा है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# राष्ट्रीय लोकदल ने की नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल महानगर के द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में हरेंद्र चौधरी को लाइनपार अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर हरेंद्र चौधरी ने अपनी कमेटी की घोषणा की। विजय नगर वार्ड 58 से बसपा प्रत्याशी सोदान ठाकुर ने अपने साथियों सहित बसपा छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। महानगर अध्यक्ष डॉ. रेखा चौधरी ने हरेंद्र चौधरी को मनोनयन पत्र सौंपा गया।

सोदान सिंह ठाकुर को उपाध्यक्ष लाइनपार, दिनेश शर्मा महासचिव ,सरला देवी सचिव, सूरजनाथ यादव सचिव,थान सिंह सचिव लाइनपार पद पर



मनोनीत किया गया। इंद्रजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक और रविन्द्र चौहान ने कमेटी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

ओ डी त्यागी ने सभी को पटका पहनाकर स्वागत किया और उनके सभी साथियों को माला पहनाकर पार्टी परिवार में जुड़ने पर स्वागत किया। मंच का संचालन प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक अर्बन कमेटी के प्रदेश संयोजक (मेरठ मंडल) सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने की। युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक और उनकी टीम ने नए सदस्यों का परिवार में जुड़ने पर स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू , प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष अमित त्यागी राष्ट्रीय महासचिव खेल परकोष्ठ विजय कौशिक,मंडल अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ राम कुमार पँवार ,प्रदेश सचिव ओ डी त्यागी ,वरिष्ठ नेता राहुल चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किशन राघव ,प्रदेश सचिव भूपेन्द्र डबास, क्षेत्रीय सचिव राजेन्द्र चन्देला ,वरिष्ठ नेता प्रदीप त्यागी,महानगर अध्यक्ष खेल संजीव अरोड़ा प्रदेश सचिव महिला दीपमाला महानगर उपाध्यक्ष,दिनेश शर्मा जिला सचिव अमित चौधरी मनोज कुमार दीपा सिरोही महानगर उपाध्यक्ष नीता कसाना संजय बैंसला अनीता राजपूत शेर सिंह मौर्य राजू गौतम युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक विवेक शर्मा वाजिद तोमर आदि उपस्थित रहे।

अर्बन कमेटी के उत्तर प्रदेश के संयोजक इन्द्रजीत सिंह टीटू ने नगर और महानगरों में पार्टी के विस्तार पर चर्चा की। रविन्द्र चौहान किशन राघव शेरसिंह मौर्य तुषार कौशिक आदि ने भी अपने सुझाव रखे।

काफी संख्या में नए लोगों ने पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने और जन जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# भाजपा की प्रचंड जीत पर मिठाई खिलाकर मनाई खुशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** पश्चिम बंगाल व असम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हिंदू एकता व भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व जीत की खुशी में वार्ड 72 के निवा. सियों को मिठाई खिलाकर भाजपा नेता व समाजसेवी वरुण शर्मा व डॉ. आचार्य कृति शर्मा ने खुशी मनाई।

# विधायक ने किया कार्यों का उद्घाटन व लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में आज विकास कार्यों की दिशा में कार्यो एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्राम अबूपुर एवं गोविंदपुरी क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया। ग्राम अबूपुर में विधायक निधि के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों का विधिवत माननीय विधायक डॉ मंजू शिवाच जी ने फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अबूपुर गेट से बाएँ हाथ पर स्थित शिव साई भवन तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया, जिसकी अनुमानित लागत 9.50 लाख (जी.एस.टी. सहित) है। इसके अतिरिक्त, एन.एच.-58 अबूपुर गेट से रोड के दाएँ हाथ



पर स्थित दुकानों तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया गया, जिसकी अनुमानित लागत 9.98 लाख (जी.एस.टी. सहित) है। इसी क्रम में, मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के गोविंदपुरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में विधायक निधि से निर्मित शौचालय का लोकार्पण भी किया गया। जिसकी अनुमानित लागत 9.31 लाख (जी.एस.टी. सहित) है। इस निर्माण से विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रति. निधि, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# आईटीएस फिजियोथैरेपी कॉलेज में विश्व अस्थमा दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस फिजियोथैरेपी कॉलेज में विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर 5, मई, 2026 को विभिन्न जन जागरूकता एवं शैक्षणिक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर का मुख्य उद्देश्य आमजन विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की आबादी को अस्थमा रोग के प्रति जागरूक करना तथा इसके रोकथाम एवं प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

यह कार्यक्रम आई.टी.एस दी एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के अंतर्गत फिजियोथैरेपी के छात्रों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता आयोजित की गई, जिसमें आम जनता को अस्थमा के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय एवं प्रभावी प्रबंधन के बारे में सरल एवं सहज भाषा में जानकारी दी। इस दौरान फिजियोथैरेपी की भूमिका को भी विस्तार से समझाया गया तथा प्रतिभागियों



को विभिन्न श्वसन व्यायाम सिखाए गए, जिससे वह अपने श्वसन स्वास्थ्य को बेहतर बना सके। इसके अतिरिक्त फिजियोथैरेपी के छात्रों के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों ने अस्थमा से संबंधित ज्ञान, रचनात्मक एवं जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी सफल एवं प्रभावी बनाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्थान के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने आई. टी.एस दी एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत: हम सभी के लिए नई ऊर्जा और संकल्प लेकर आई है: अभिजीत मुखर्जी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भाजपा युवा मोर्चा के महानगर मीडिया प्रभारी व नामित सलाहाकार सदस्य रेलवे बोर्ड अभिजीत मुखर्जी ने ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की यह ऐतिहासिक विजय केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि उन अनगिनत समर्पित कार्यकर्ताओं के संघर्ष, त्याग और तपस्या का परिणाम है, जिन्होंने वर्षो तक विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी का ध्वज ऊंचा बनाए रखा। यह जीत उन सभी वीर भाजपा कार्यकर्ताओं को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। यह विजय इस बात का प्रमाण है कि पश्चिम बंगाल की जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद की विचारधारा पर अपना विश्वास प्रकट किया है।



यह जनादेश परिवर्तन, पारदर्शिता और प्रगति के प्रति जनता की आकांक्षाओं को दर्शाता है। मैं इस ऐतिहासिक विजय के लिए हम सभी करोड़ों कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक, विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन करता हूं।

साथ ही देश के यशस्वी एवं लोकप्रिय गृहमंत्री अमित शाह, पश्चिम बंगाल के प्रभारी सुनील बंसल तथा नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को भी हार्दिक बधाई देता हूं, जिनके कुशल नेतृत्व, रणनीति और अथक परिश्रम के कारण आज पश्चिम बंगाल में कमल खिल सका है। यह विजय हम सभी के लिए नई ऊर्जा और संकल्प लेकर आई है। हम संकल्प लेते हैं कि पश्चिम बंगाल के सर्वांगीण विकास, सुशासन और जनता के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# मोदीनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत प्रचार हेतू हुआ वाहन न्याय रथ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनउ के निर्देश पर माननीय जिला जज विनोद कुमार रावत अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के नियंत्रण नेहा बहनोडिया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के आदेश पर तहसील मोदीनगर से विषेश वाहन न्याय रथ का आयोजन किया गया उपजिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह, तहसीलदार रजत सिंह, नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा, पैनल अधिवक्ता संजय मुदगल, पैनल अधिवक्ता संगीता द्वारा विषेश वाहन न्याय रथ को हरी झंडी दिखा कर विषेश वाहन न्याय रथ को रवाना किया गया विषेश वाहन न्याय रथ शहर के मुख्य मार्ग से




होते हुए गांवो विषेश वाहन न्याय रथ निकाली गयी यह विषेश वाहन न्याय रथ 09 मई 2026 को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए निकाली गयी। विषेश वाहन न्याय रथ का उद्देश्य समस्त गरीब महिलाओ, पीडित व्यक्तियों प्रत्येक भारतीय नागरिक को सस्ता व सुलभ न्याय राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर शीघ्र, व सस्ता न्याय पाये न्यायालय शुल्क वापस पाकर आपसी भाईचारे से अंतिम निर्णय पाये। इस प्रचार प्रसार वाहन का उददेश्य आम जनमानस को लोक अदालत के लाभो एंव उसकी उपयोगिता के प्रति जागरूक करना है। तथा इसमे आपसी सहमती से वादो का निस्तारण किया जाता है, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गरीबी से नीचे जीवन ज्ञापन करने वालें व्यक्तियो को निशुल्क कानूनी सलाह व मुकदमा लडने के लिए निशुल्क पैनल अधिवक्ता मिलते है, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महिलाओ और बच्चे व विकलांग व्यक्ति, कैदी और बन्दी व वृध्द व असहाय व्यकित अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति के सदस्य प्राकृतिक आपदा से प्रभावित व्यक्ति व विदेशी नागरिक निशुल्क कानूनी सलाह व पैनल अधिवक्ता ले सकते है। जिला विधिक सेव प्राधिकरण गाजियाबाद के टोल फ्री नम्बर 15100 पर कॉल करके अपनी परेशानी बता सकते है। विषेश वाहन न्याय रथ रैली में पैनल अधिवक्ता संजय मुद्गल, पैनल अधिवक्ता संगीता, पैनल अधिवकता अमित कुमार, वेदप्रक. ाश चौहान कानूनगो, मोहित शर्मा, मुकेश गिरी आर0के0, पैरा लीगल वोलिन्टर जयाश्री कश्यप, जया कश्यप, राहुल, उमंग किशोर आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा की जीत एक साधारण उपलब्धि से कहीं अधिक: एम. चूबा आओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम. चूबा आओ ने बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर कहा कि देशभर में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वैसी किसी भी राजनीतिक दल ने हाल के समय में नहीं की हैं। नागालैंड में कोरिडांग विधानसभा उपचुनाव में जीत, त्रिपुरा में एक और सीट की प्राप्ति तथा असम में शानदार प्रदर्शन इसका प्रमाण है।

दक्षिण भारत में भी केरल और तमिलनाडु में भाजपा ने सम्मानजनक चुनौती पेश की। लेकिन पश्चिम बंगाल में भाजपा ने इतिहास रच दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कहा है अब बंगाल की जीत के साथ गंगोत्री से गंगा सागर तक कमल खिल रहा है। हम सभी को इस पर गर्व है। वास्तव में, भाजपा ने एक ऐसे राज्य पश्चिम बंगाल में, जहां पहले हमारी स्थिति मजबूत नहीं थी, लगभग पूर्ण राजनीतिक पुनर्सरेखण कर दिखाया है।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की हार केवल 15 वर्षों के शासन के अंत का संकेत नहीं है, बल्कि यह भाजपा के लिए एक साधारण चुनावी जीत से कहीं अधिक है। हमें इस जीत के प्रभाव को समझना होगा।



यह समय उत्सव का भी है और साथ ही अपने संकल्प पत्र को लागू करने के लिए तत्पर होने का भी। यदि तुलना करें, तो 2017 में उत्तर प्रदेश में भी हमने बड़ी जीत हासिल की थी, लेकिन वहां पहले से ही कल्याण सिंह जी और राजनाथ सिंह जी जैसे लोकप्रिय नेताओं के नेतृत्व में भाजपा की सरकारें रही थीं।

पश्चिम बंगाल में हमने पहली बार सत्ता प्राप्त की है। बंगाल में भाजपा का वोट शेयर लगभग 49% तक पहुंच गया, जबकि तृणमूल कांग्रेस लगभग 42% पर सिमट गई। यह चुनाव केवल सत्ता विरोधी लहर का परिणाम नहीं था, बल्कि यह जनता के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और "सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास" के मंत्र पर विश्वास को दर्शाता है। समाज के हर वर्ग- पुरुष, महिलाएं, मध्यम वर्ग, उच्च मध्यम वर्ग और गरीबख्रसभी ने इस विजय में योगदान दिया है।

कोलकाता में भाजपा सरकार का उदय पूर्वोत्तर भारत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पश्चिम बंगाल के पास नदियां, समुद्री बंदरगाह, खनिज और कुशल कार्यबल जैसी विशेषताएं हैं। ये सभी तत्व प्रधानमंत्री मोदी जी के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने और 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होंगे।

# कुत्तों के हमले में बुजुर्ग गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में आवारा जानवरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती देर शाम एक आम के बाग में रखवाली कर रहे बुजुर्ग पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने शोर सुनकर किसी तरह वृद्ध को कुत्तों के चंगुल से बचाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मेघपुर निवासी 75 वर्षीय जहीरूद्दीन पुत्र नूर मौहम्मद ग्राम शिवपुरी के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित मेहंदी हसन के आम के बाग में रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान अचानक कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया और उन्हें बुरी तरह घायल



कर दिया। बुजुर्ग की चीख-पुकार सुनकर आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने कुत्तों को भगाया और उनकी जान बचाई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया। डा. मोहित कुमार और फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि कुत्ते के काटने से घायल जहीरूद्दीन को एंटी-रेबीज इंजेक्शन देकर प्राथमिक उपचार किया गया। करीब दो घंटे तक निगरानी में रखने के बाद उनकी हालत स्थिर होने पर उन्हें घर भेज दिया गया।

# साइबर सेल की बड़ी सफलता: 24 घंटे में 37,328 की ऑनलाइन ठगी राशि वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** थाना मुरादनगर की साइबर सेल टीम ने एक बार फिर अपनी सक्रियता और दक्षता का परिचय देते हुए ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए एक व्यक्ति को बड़ी राहत दिलाई है। पुलिस टीम ने पीड़ित की ₹37,328 की ठगी गई रकम को महज 24 घंटे के भीतर वापस कराकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

जानकारी के अनुसार, 03 मई 2026 को पीड़ित ने ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार होने के बाद एनसीआरपी (छब्त्च्) पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही मुरादनगर साइबर सेल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तकनीकी जांच शुरू की और संबंधित बैंकिंग गेटवे से समन्वय स्थापित किया।



साइबर टीम ने तेजी से ट्रांजैक्शन को ट्रैक कर संदिग्ध खाते को फ्रीज कराया, जिसके चलते ठगी गई राशि को सुरक्षित किया जा सका। टीम की मुस्तैदी का ही परिणाम रहा कि 04 मई 2026 को, यानी शिकायत के अगले ही दिन, पूरी ₹37,328 की रकम पीड़ित को वापस दिला दी गई।

अपनी मेहनत की कमाई वापस मिलने पर पीड़ित ने थानाध्यक्ष अंकित कुमार और साइबर सेल टीम का आभार जताया। इस त्वरित कार्रवाई से गाजियाबाद पुलिस के प्रति आम जनता का विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

# एसआरएम में हुआ पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली- एनसीआर परिसर, गाजियाबाद में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित 5- दिवसीय सार्वभौमिक मानवीय मूल्य (यूएचवी-द्वितीय) संकाय विकास कार्यक्रम का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया। दिनांक 05 मई से 09 मई 2026 तक आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए 55 संकाय सदस्यों ने सहभागिता की। इस अवसर ने उच्च शिक्षा में मानवीय मूल्यों के प्रभावी समावेशन पर विचार-विमर्श हेतु एक सशक्त मंच प्रदान किया।



कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में एआईसीटीई के प्रतिष्ठित अतिथियों ख्र डॉ. हिमांशु राय (संसाधन विशेषज्ञ), श्री आक. ाश मिश्रा (सह-समन्वयक) एवं प्रियंका ए. झा (पर्यवेक्षक)- की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके प्रेरणादायक विचारों ने कार्यक्रम को सकारात्मक दिशा प्रदान की।

हम अपने सम्माननीय नेतृत्व ख्र डॉ. एस. विश्वनाथन, निद. ेशक; डॉ. आर. पी. महापात्रा, अधिष्ठाता; डॉ. धोम्या भट्ट, अधिष्ठाता ख्र आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ; डॉ. नवीन अहलावत, अधिष्ठाता ख्र परिसर जीवन; एवं डॉ. गीता भवानी, अधिष्ठाता ख्र अनुसंधान ख्र के निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

विशेष धन्यवाद डॉ. पल्लवी जैन (यूएचवी परिसर समन्वयक) एवं डॉ. महेश गुप्ता (यूएचवी समन्वयक) को, साथ ही स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. निधि पाठक, डॉ. दधीश कुमार, यूएचवी टीम एवं आयोजन प्रबंधन टीम के समर्पित प्रयासों के लिए, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

यह पहल शैक्षणिक वातावरण में मानवीय मूल्यों के समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो शिक्षकों को विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु प्रेरित करती है। आइए, हम सभी मिलकर मूल्य-आधारित शिक्षा एवं सकारात्मक परिवर्तन की इस यात्रा को आगे बढ़ाएं।

# ऑनलाइन निवेश व टास्क ठगी गिरोह का पर्दाफाश, पांच पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन निवेश और टास्क के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों को उधम सिंह नगर से दबोचा।

प्रारंभिक जांच में लाखों रुपये की ठगी के साक्ष्य सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराकर ठगी की रकम को अलग-अलग खातों में स्थानांतरित करने का काम करता था, जिससे धन के स्रोत को छिपाया जा सके। आरोपितों के पास से पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। अब तक की जांच में लगभग तीन लाख चालीस हजार रुपये से अधिक की संदिग्ध लेन-देन का पता चला है।

मामले की शुरुआत न्यू अशोक नगर निवासी शशि रंजन भारती की शिकायत से हुई। उन्होंने बताया कि छह अप्रैल को उन्हें एक व्हाट्सऐप समूह में जोड़ा गया, जहां टास्क पूरा करने और निवेश पर अधिक लाभ का झांसा दिया गया। विश्वास में लेकर उनसे एक लाख एक हजार आठ सौ उनहत्तर रुपये की ठगी कर ली गई।

शिकायत के आधार पर साइबर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लेन-देन की कड़ियों को जोड़ा और पाया कि ठगी की राशि कई बैंक खातों में घुमाकर छिपाई जा रही थी।

## इग्नू ने असाइनमेंट जमा करने की तिथि बढ़ाई

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जून 2026 टर्म एंड परीक्षा के लिए असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन कार्यक्रमों के असाइनमेंट 31 मई 2026 तक जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी संस्थान की वेबसाइट @ignou.ac.in से प्राप्त कर सकते हैं।

## द्वारका में बारिश के साथ गिरे ओले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कई इलाकों में मंगलवार को अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि और बारिश ने लोगों को चौंका दिया। द्वारका में ओले गिरते देख आसमान से सफेद गेंदें बरसती नजर आईं। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में और बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी और आसपास के इलाकों में अगले दो दिन बारिश, तेज हवाएं और गरज-चमक के आसार बने रहेंगे। इससे एक ओर जहां लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी, वहीं अचानक बदलते मौसम के कारण सावधानी भी जरूरी हो गई है। इसके साथ ही अगले सात दिन तक गर्मी के तेवन नरम ही रहेंगे।

मंगलवार को दोपहर बाद आसमान में बादल छाए रहे । खासतौर पर दोपहर और शाम के समय कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश से तापमान में गिरावट आई । बुधवार को भी आसमान में बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश की गतिविधि थोड़ी कम हो सकती है। हालांकि, उमस और हल्की हवाओं के साथ मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 7 से 10 मई के बीच भी दिल्ली-एनसीआर में आसमान साफ नहीं होगा। बीच-बीच में बादल छाए रहने और कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी, खासकर 10 मई के आसपास फिर से बारिश सक्रिय हो सकती है।

# बाबरपुर बस टर्मिनल के पास फिर मिला शव, हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाबरपुर इलाके में स्थित बाबरपुर बस टर्मिनल के पास एक बार फिर संदिग्ध हालात में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

मृतक की पहचान दिनेश शर्मा (32) निवासी शिव विहार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने सुबह शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव पर चोट के निशान हैं या नहीं, इसका स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मृतक के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि इसी स्थान के आसपास इससे पहले भी दो शव मिल चुके हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोग पुलिस गश्त बढ़ाने और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग कर रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने की कोशिश की जाएगी।

## एयरपोर्ट से लापता हुए दो कुत्तों पर मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गायब हुए दो कुत्तों कद्दू और ब्राउनी के मामले में पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रणव जोशी ने दिल्ली पुलिस की जांच पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत ने पुलिस की कार्यप्रणाली को लापरवाह बताते हुए संयुक्त पुलिस आयुक्त (ट्रांसपोर्ट रेंज) को दोनों घटनाओं की नए सिरे से विस्तृत जांच कर रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 11 मई को होगी। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि डेढ़ महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस ने यह जानने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया कि दोनों कुत्ते जीवित हैं या नहीं और उन्हें कहां ले जाया गया।

# दिल्ली में दो वैश्विक शिखर सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार आगामी 28 मई से 1 जून तक राष्ट्रीय राजधानी में दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलनों की मेजबानी करने जा रही है। इनमें चौथा भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन और पहला इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस समिट शामिल हैं। इन आयोजनों को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उच्च स्तरीय बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन 31 मई को आयोजित होगा, जिसमें अफ्रीकी देशों के राष्ट्राध्यक्षों और प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत और अफ्रीकी देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों को और मजबूत बनाना है। यह आयोजन अफ्रीकी संघ के सहयोग से किया जाएगा, जिससे दोनों पक्षों के बीच साझेदारी को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। वहीं, 28 मई से 1 जून तक आयोजित होने वाला इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस समिट अपने प्रकार का पहला वैश्विक आयोजन है।



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा की जीत के बाद माँ काली बाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मां काली बाड़ी मंदिर में की पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सी.आर. पार्क स्थित माँ काली बाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना करके बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भाजपा की विजय का आभार जताया।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद बाँसुरी स्वराज, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सहप्रमुख संजय मयूख, विधायक शिखा रॉय, दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर एवं नई दिल्ली जिलाध्यक्ष रविन्द्र चौधरी, विक्रम मित्तल और बंगाली कार्यकर्ता भी थे।

इस मौके पर मन्दिर कमेटी के सेक्रेटरी डॉक्टर राजीव नाग, अध्यक्ष पी.के दास, मुख्य सलाहकार डॉक्टर आनंद मुखर्जी, सदस्य अजंता भटाचार्य सौरभ चक्रवर्ती और सुजाता दास भी उपस्थित थे और उन्होने भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और आये हुए सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, सांसद एवं वरिष्ठ नेताओं ने मंदिर के गर्भ गृह में माँ काली का पूजन कर आशीर्वाद लिया।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पूजन पश्चात चुनाव में गये पांचों राज्यों की जनता का अभिनंदन करते हुए बंगाल, असम एवं पांडिचेरी की जनता का विशेष आभार जताया।भाजपा अध्यक्ष ने कहा की मां काली एवं मां कामाख्या की पवित्र भूमि में जो विजयश्री मिली है इसके लिए आज मां काली के दर्शन करके माथा टेकने आए हैं।

## जेएआई के लांच की घोषणा की

**नई दिल्ली।** वैश्विक मल्टी-डिसिप्लिनरी संगठन फिनवा सिया ने आज जेएआई के लॉन्च की घोषणा की, जो भारत का पहला वॉयस-टू-वॉयस एआई फाइनेंस बडी है। यह जंप्प प्लेटफॉर्म में यस बैंक के साथ साझेदारी में इंटीग्रेट किया गया है, जो ऐप-आधारित मनी मैनेजमेंट से बातचीत-आधारित वित्तीय मार्गदर्शन की ओर बदलाव को दर्शाता है। जेएआई को रोजमर्रा के वित्तीय प्रबंधन को सरल और सुलभ बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह उपयोगकर्ताओं को अपनी वित्तीय स्थिति के बारे में सीधे बोलने और रियल-टाइम, बातचीत-आधारित मार्गदर्शन प्राप्त करने की सुविधा देता है।

# बुराड़ी रॉबरी मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के बुराड़ी थाने की टीम ने दिन-दहाड़े हुई 4.18 लाख रूपये के रॉबरी के मामले को सुलझाकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से रॉब नकदी का कुछ हिस्सा, 26,000/- , रॉब नकदी से खरीदा गया मोबाइल और अपराध में इस्तेमाल की गई एक चोरी की स्कूटी बरामद की है।

दिल्ली के उत्तरी जिला उपायुक्त राजा बाथिया ने बताया कि 27 अप्रैल की दोपहर को,बुराड़ी थाने में 4,18,600/- रुपये की रॉबरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जहां शिकायतकर्ता ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में 'कैश कलेक्शन एजेंट' के तौर पर काम करता है और ऑनलाइन ट्रेडिंग स्टोर से नकदी इकट्ठा करता है। 27 अप्रैल को, उसने बुराड़ी से 4,18,600/- रुपये की नकदी इकट्ठा की। उसने नकदी को एक बैग में रखा और अपनी बाइक से दूसरे स्टोर की ओर चल दिया। जब वह 'ओम गार्डन बैंक्वेट', 60 फुटा रोड के पास पहुंचा, तो एक स्कूटी पर सवार दो व्यक्तियों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया और उसे मामूली चोटें आईं। इसी बीच, एक दूसरी स्कूटी पर सवार दो अन्य व्यक्ति भी वहां आ गए, और उन चारों व्यक्तियों ने मिलकर उसका नकदी वाला बैग रॉब कर लिया और अपनी-अपनी स्कूटियों पर सवार होकर स्वरूप नगर की ओर फरार हो गए। इसके बाद, बुराड़ी थाने के तहत एक मामला दर्ज कर एसीपी बुराड़ी शशि कांत गौर, की देखरेख में एसएचओ बुराड़ी गिरीश चंद्र रतूड़ी के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान टीम ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया, जिसमें घटना के बाद चार लोगों को दो स्कूटी पर भागते हुए देखा गया। टीम ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरों द्वारा अपनाए गए आगे और पीछे के रास्तों का पता लगाते हुए आरोपियों का पीछा किया। इसके बाद टीम ने आरोपी समीर,(25) कृष,(22) और कपिल (19) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर, उनके एक और साथी आरोपी शादाब उर्फ अमित, (21) को भी उसी दिन अशोक विहार इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने उनके पास से 26,000 रुपये नकद, लूटे गए पैसों से खरीदा गया एक मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद की गई; पुलिस पूछताछ के दौरान, सभी आरोपियों ने ऊपर बताई गई लूट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपी समीर ने बताया कि पहले वह दिल्ली के आजादपुर स्थित Zepto Store में एक डिलीवरी बॉय के तौर पर काम करता था।

# बहन से बदतमीजी करने पर नाबालिग ने की युवक की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली इलाके में बहन पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर किशोर ने मीट काटने वाला चाकू मारकर युवक की हत्या कर दी।

वारदात के बाद आरोपित नाबालिग मौके से फरार हो गया। जिसे कुछ ही देर बाद पुलिस ने दबोच लिया। उत्तर पश्चिमी जिला पुलिस के अधिकारी के मुताबिक संगम पार्क निवासी अमन सोमवार सुबह करीब 9:40 बजे स्कूटी से अपने दोस्त के साथ रोजगार की तलाश में वजीराबाद जा रहा था। रास्ते में मलिकपुर में कूड़े के खत्ते के पास एक नाबालिग ने उन्हें रोक लिया। अमन जब तक कि कुछ समझ पाते उसने चाकू से उस पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। स्कूटी चला रहे दोस्त ने अमन को बचाने का प्रयास किया तो उसने चाकू से हमला कर उसे भी घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके इस बीच किशोर मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में दोस्त ने आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वारदात के बाद पुलिस ने कुछ ही देर में संगम पार्क क्षेत्र से ही नाबालिग को पकड़कर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है।

## ज्ञानी जैल सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में पूर्व राष्ट्रपति माननीय ज्ञानी जैल सिंह को उनकी 110वीं जयंती पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि उन्हें ज्ञानी जैल सिंह के सान्निध्य का अनेकों बार अवसर मिला। वे शांत, सौम्य, विनम्र और जिंदादिल व्यक्तित्व के धनी राष्ट्रपति थे। राष्ट्रपति बनने से पूर्व वे पंजाब के मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री भी रहे। ज्ञानी जैल सिंह कौन शेरों शायरी का भी शौक था। अपनी सभा समारोहों में वे अक्सर शेर सुनाकर लोगों को अचंभित कर देते थे।

# नकली ब्रांडेड कपड़े बेचने में शामिल रैकेट का भंडाफोड़, एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नकली ब्रांडेड कपड़े और एक्सेसरीज बनाने तथा बेचने में शामिल रैकेट का भंडाफोड़ कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से ब्रांडों के नकली रेडीमेड कपड़े, एक्सेसरीज, जूते-चप्पल और घड़ियों की भारी मात्रा बरामद की है। इसके अलावा 2,87,210/- की नकद राशि के साथ-साथ स्वाइप मशीनें, क्यू आर कोड पेमेंट डिवाइस, बिल बुक और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है।आरोपी एक जाने-माने होटल में बड़े पैमाने पर एक अस्थायी प्रदर्शनी चला रहे थे, जिसमें वे ग्राहकों को यह कहकर गुमराह कर रहे थे कि वे भारी छूट पर असली ब्रांडेड उत्पाद खरीद रहे हैं।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि एक कम्पनी के प्रतिनिधियों से मिली शिकायत पर एसीपी राजकुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के नेतृत्व में टीम ने वसंत कुंज स्थित एक लग्जरी होटल में छापा मारा गया जहां 'डिस्काउंट सेल' की आड़ में एक सुव्यवस्थित अस्थायी प्रदर्शनी चलती हुई पाई गई। ग्राहकों को प्रतिष्ठित ब्रांडों के कपड़े, असली उत्पाद बताकर दिखाए जा रहे थे।पूरे ऑपरेशन को एक वैध रूप देने के लिए बिल जारी करने के लिए भुगतान की आधुनिक सुविधाओं का उपयोग किया जा रहा था।

शिकायतकर्ता ने ब्रांड वाले उत्पादों की पहचान की और साफ तौर पर कहा कि ये नकली उत्पाद थे जिन्हें असली ब्रांडेड सामान के तौर पर बेचा जा रहा था। इस दौरान इकबाल (51), को प्रदर्शनी और बिक्री का काम सक्रिय रूप से संभालते हुए पाया गया। उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया।

# ईरान में फंसे सिखों की वापसी को लेकर डीएसजीएमसी की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने ईरान में फंसे सिखों को सुरक्षित भारत लाने की मांग को लेकर विदेश मंत्रालय से मुलाकात की है। कमेटी ने विशेष विमान रद्द होने के बाद तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने पर जोर दिया।

डीएसजीएमसी के महासचिव जगदीप सिंह काहलों और विदेश मामलों के सलाहकार परमजीत सिंह चंडोक ने मंत्रालय के अधिकारियों से मिलकर स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया। उन्होंने आग्रह किया कि ईरान में फंसे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए शीघ्र निकासी अभियान चलाया जाए।

कमेटी के अनुसार, तेहरान से सिखों को लेकर एक विशेष विमान दिल्ली आने वाला था, जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया। इस संबंध में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही नई उड़ान की व्यवस्था की जाएगी। डीएसजीएमसी ने कहा कि इस मानवीय संकट में वह केंद्र सरकार के साथ पूर्ण सहयोग करने को तैयार है। कमेटी ने उम्मीद जताई कि जल्द ही सभी फंसे हुए सिखों को सुरक्षित भारत वापस लाया जाएगा।

# राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी पर उत्पीड़न का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी उन सांसदों के खिलाफ खतरनाक बदले की राजनीति कर रही है। ये सांसद अप्रैल में आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

राघव चड्ढा के अनुसार, विलय के बाद से ही उनका लगातार उत्पीड़न हो रहा है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि उत्पीड़न के कई मामले सामने आए हैं। विश्व कप विजेता हरभजन सिंह के जालंधर स्थित निवास पर पथराव किया गया। पंजाब पुलिस की मदद से उनके घर के बाहर श्देशद्रोहीश लिखा गया। उनकी माता और बहनों के बारे में आपत्तिजनक नारे भी लगाए गए। पद्म राजेंद्र गुप्ता की पंजाब के मालवा इलाके में स्थित फैक्ट्री को बंद करने का प्रयास हुआ।

पंजाब सरकार ने उनकी फैक्ट्री का पानी का कनेक्शन काट दिया। प्रदूषण बोर्ड ने छापा मारकर फैक्ट्री बंद करने की कार्रवाई शुरू की। सांसद संदीप पाठक, जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के प्राध्यापक थे, उनके खिलाफ दो दुर्भावनापूर्ण और मनगढ़ंत प्राथमिकी दर्ज की गईं। मीडिया के माध्यम से उनकी गिरफ्तारी की अफवाह फैलाई गई । राघव चड्ढा ने बताया कि जब तक वे आम आदमी पार्टी के साथ थे, तब तक उन्हें अच्छा और संस्कारी बताया जाता था। पार्टी छोड़ने के बाद उन्हें गलत और भ्रष्टाचारी घोषित कर दिया गया।

राघव चड्ढा ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार की एजेंसियों और पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। आम आदमी पार्टी इस प्रकार से गंदा खेल रच रही है। उन्होंने पहले भी आम आदमी पार्टी में 'जहरीली कार्य संस्कृति' होने की बात कही थी।

# बच्ची की मौत मामले में जेई की नौकरी खत्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भलस्वा डेयरी स्थित मुकुंदपुर इलाके के एक खुले नाले में गिरने से मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

इस घटना को अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग ने अनुबंध पर रखे जूनियर इंजीनियर को तत्काल प्रभाव से नौकरी से हटा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, विशेष रूप से बच्चों की, जो सबसे अधिक मासूम होते हैं।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खुले नालों व जान-माल के लिए खतरा पैदा करने वाले स्थलों की पहचान कर उन्हें तुरंत दुरुस्त करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सीधे जवाबदेही तय होगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली में लीगल मेट्रोलॉजी में लाइफटाइम लाइसेंस की शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कारोबार का माहौल बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने वजन और माप सेक्टर में एक बड़ा सुधार किया है।

यह सुधार दिल्ली की "डिरेगुलेशन एक्सरसाइज 2.0" का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विभिन्न विभागों में नियमों को सरल बनाना और अनुपालन का बोझ कम करना है। इस सुधार के तहत, उद्योग एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के नेतृत्व में दिल्ली लीगल मेट्रोलॉजी (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2011 में बदलाव किया जा रहा है। अब लाइसेंस देने से पहले फिजिकल साइट इंस्पेक्शन की जरूरत खत्म कर दी गई है और लाइसेंस सेल्फ-डिक्लेरेशन के आधार पर जारी किए जाएंगे। इससे कारोबार शुरू करने और चलाने की प्रक्रिया तेज और आसान होगी।

सिरसा ने कहा कि दिल्ली अब एक ऐसे शासन मॉडल की ओर बढ़ रही है जो सुधारों पर आधारित और उद्योग की जरूरतों के अनुसार काम करने वाला है। ईमानदार कारोबारियों को बार-बार की जटिल प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना चाहिए, वर्तमान में वजन और माप विभाग के अंतर्गत दिल्ली में 600 से अधिक सक्रिय व्यवसाय काम कर रहे हैं, जिनमें 154 मैन्युफैक्चरर्स, 421 डीलर्स और 24 रिपेयरर्स शामिल हैं। इस सुधार का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा लाइसेंस के रिन्यूअल को खत्म करना है। अब एक बार निर्धारित फीस देकर लिया गया लाइसेंस तब तक वैध रहेगा जब तक उसे कंट्रोलर या अधिकृत अधिकारी द्वारा रद्द या निलंबित नहीं किया जाता। इससे कारोबारियों का समय और खर्च दोनों बचेंगे और उन्हें काम में स्थिरता मिलेगी।

## एम्स में भर्ती पिता से मिले सकेंगे सांसद इंजीनियर राशिद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बारामूला के सांसद अब्दुल रशीद शेख को दिल्ली हाई कोर्ट ने एम्स में अपने बीमार पिता से मिलने की इजाजत दे दी है। हाई कोर्ट ने अधिकारियों को उन्हें तिहाड़ जेल से एम्स ले जाने और फिर शाम को वापस तिहाड़ जेल लाने का निर्देश दिया। दिन में, वह सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक अपने पिता के साथ एम्स में रहेंगे। अब्दुल रशीद शेख ने अंतरिम जमानत आदेश में बदलाव की मांग की थी ताकि वे अपने पिता से मिल सकें, जिन्हें श्रीनगर से एम्स दिल्ली में शिफ्ट किया गया है। अंतरिम जमानत भी 10 मई तक बढ़ा दी गई है।

## आईजीएनसीए में फिल्म महोत्सव की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में 15वें दिल्ली अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में फिल्म, संगीत और कला जगत की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल रहीं। इस मौके पर प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक अडूर गोपाल कृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सिनेमा को समाज में शांति और करुणा का संदेश देना चाहिए। कार्यक्रम में आईजीएनसीए के अध्यक्ष राम बहादुर राय व चित्रकार जतिन दास भी उपस्थित रहे।

**उत्तर रेलवे**

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 77-SRDEE-G-DLI-2026-27 अभिनंदन विश्राम गृह, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली में विद्युत उपकरणों का संचालन, रखरखाव और मरम्मत (तीन वर्ष के लिए) |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु० 16013669.44/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य, डीआरएम कार्यालय, दिल्ली मंडल, उत्तरी रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, 110055 |
| बयाना राशि | रु० 320300.00/- |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 26.05.2026, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 26.05.2026, 16.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1493/26

# रम्या रामचंद्रन टाइम्स बिजनेस अवॉर्ड 2026 से हुई सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली रम्या रामचंद्रन को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित टाइम्स बिज़नेस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन टू कम्युनिटी वेलफेयर श्रेणी में यह सम्मान प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उन्हें वंचित वर्गों के लिए उनके निरंतर, समर्पित और संरचित सेवा कार्यों के लिए दिया गया है।

राजधानी के रेडिसन होटल, एमजी रोड में आयोजित भव्य समारोह में यह सम्मान सुप्रसिद्ध अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में देशभर के उद्योग जगत, नीति-निर्माताओं और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर ने रम्या रामचंद्रन की सेवा यात्रा को एक नई पहचान दी। रम्या रामचंद्रन, श्री अय्यनार एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी और सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की उपाध्यक्ष हैं। 14 अप्रैल 2024 से शुरू हुई यह पहल बिना किसी रुकावट के प्रतिदिन जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचा रही है। शुरुआत में दो स्थानों पर 250 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जाता था, जिसे अगस्त 2024 में तीसरे केंद्र तक विस्तार दिया गया। वर्तमान में प्रतिदिन 375 से अधिक लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। अशाथी अन्नदान योजना के तहत अब तक 2.5 लाख से अधिक भोजन वितरित किए जा चुके हैं और 3.5 लाख से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया गया है। इस पहल की खासियत यह है कि इसमें किसी प्रकार की शर्त या पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होती और हर जरूरतमंद को सम्मानपूर्वक भोजन दिया जाता है। रम्या रामचंद्रन ने अपने सेवा कार्यों






को स्वास्थ्य सेवाओं से भी जोड़ा है। पिछले दो वर्षों में 90 से अधिक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 60 हजार से ज्यादा लोगों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की गईं। इन शिविरों के माध्यम से हजारों लोगों को पहली बार स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच मिली। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान सराहनीय है। सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के अंतर्गत 1250 बेड का शिक्षण अस्पताल संचालित हो रहा है, जहां हर वर्ष 250 एमबीबीएस और 100 से अधिक स्नातकोत्तर छात्र शिक्षा प्राप्त करते हैं। इसके अलावा नर्सिंग, फार्मेसी और पैरामेडिकल संस्थानों के जरिए सैकड़ों स्वास्थ्यकर्मी तैयार किए जा रहे हैं। सामुदायिक विकास के तहत उन्होंने मुकिमपुर गांव को गोद लेकर उसके समग्र विकास की दिशा में कार्य शुरू किया है। रम्या रामचंद्रन को इससे पहले भी कई राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। वर्ष 2025 में उन्हें एचटी भारत निर्माण कॉन्क्लेव में (सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा उत्कृष्टता एवं परोपकार) और दैनिक जागरण द्वारा (सर्वश्रेष्ठ शिक्षाविद् एवं परोपकार) सम्मान से नवाजा गया। वहीं बिज़नेस टॉकज़ मैगज़ीन ने उन्हें (प्रमुख व्यक्तित्व 2024) के रूप में मान्यता दी। सम्मान प्राप्त करने के बाद रम्या रामचंद्रन ने कहा कि यह उपलब्धि उनकी पूरी टीम और उन सभी लोगों की है, जो इस सेवा यात्रा का हिस्सा रहे हैं। उनकी पहल का मूल संदेश भी इसी सोच को दर्शाता है एवरी मील इज़ अ प्रॉमिस, एवरी डे इज़ अ कमिटमेंट, एवरी पर्सन।

## पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए सघन अभियान चलाया और कुछ ही समय में आरोपी को दबोच लिया। थाना प्रभारी के अनुसार, बीएनएस व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त को जीएस मेडिकल कट के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान सुधीर कुमार पुत्र रतन सिंह के रूप में हुई है, जो दिनेशनगर थाना पिलखुवा क्षेत्र का निवासी है, जबकि उसका स्थायी पता गाजियाबाद जनपद के मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में बताया गया है।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि नाबालिग से जुड़े इस संवेदनशील मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक प्रक्रिया जारी है और उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

# तांत्रिक के जाल में फंसा युवक, प्रेमिका के लिए कर डाली रूह कंपा देने वाली हरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्यार में अंधविश्वास और सनक किस हद तक इंसान को ले जा सकती है, इसका भयावह उदाहरण थाना देहात क्षेत्र में सामने आया है। यहां एक युवक ने अपनी एकतरफा मोहब्बत को पाने के लिए तांत्रिक के कहने पर श्मशान घाट से जलती चिता से मानव सिर निकाल लिया और वशीकरण की तांत्रिक क्रिया शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना देहात क्षेत्र के एक श्मशान घाट से जलती चिता से सिर निकाले जाने की सूचना पर हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही अंतिम संस्कार कर रहे परिवार के लोग थाना देहात पहुंचे और थाना प्रभारी नीरज कुमार को पूरी घटना से अवगत कराया। थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी और परिवार को जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। पुलिस ने श्मशान घाट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक मोपेड पर सवार तीन युवक संदिग्ध हालत में आते-जाते दिखाई दिए। फुटेज में युवकों के चेहरे और वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर स्पष्ट दिखाई दे रहा था। इसके आधार पर पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई और वाहन के पंजीकरण के जरिए आरोपियों के ठिकाने तक पहुंच गई। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां तांत्रिक विद्या का पूरा इंतजाम चल रहा था। पुलिस ने मौके से तांत्रिक, अमान और उसके एक साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ में आरोपी



अमान ने बताया कि उसके परिवार में लंबे समय से कलह चल रही थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। इसी दौरान वह एक युवती से एकतरफा प्रेम करने लगा और उसे पाने की चाहत में तांत्रिक के संपर्क में आ गया। तांत्रिक ने उसे बताया कि यदि वह श्मशान से मानव सिर लाकर तांत्रिक क्रिया करेगा तो उसका परिवार भी जुड़ जाएगा और उसकी प्रेमिका भी उसके वश में आ जाएगी। इसके बाद तांत्रिक विधि से वशीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई, तभी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों को पकड़ लिया। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस ने मौके से एक चाकू, राख, मंत्र लिखे कागज, 'मुस्कान' नाम की तख्ती और तांत्रिक क्रिया में प्रयुक्त अन्य सामग्री बरामद की है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है और आरोपियों से आगे की पूछताछ जारी है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से जहां एक ओर मामले का जल्द खुलासा हो गया, वहीं क्षेत्र में फैले अंधविश्वास के इस खतरनाक पहलू पर भी बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

## पति बना हैवान, धारदार हथियार से पत्नी का गला रेत डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के थाना देहात क्षेत्र में घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जहां एक पति ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला फूलगढ़ी निवासी सुनील का मंगलवार सुबह अपनी पत्नी नीलम से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी पति ने आपा खो दिया और धारदार हथियार से पत्नी का गला रेत दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के



लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नीरज कुमार पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और घायल महिला का हाल जाना। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू विवाद का प्रतीत हो रहा है। महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है, ऐसे में चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। वहीं, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की की जा रही है।

## डीएम ने अस्पताल से मंडी तक व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना ने मंगलवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएम ने साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता और मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार और सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने नवीन मंडी गढ़ रोड पहुंचकर गेहूं खरीद की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से क्रय प्रक्रिया, किसानों को मिल रही सुविधाओं और भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी ली। डीएम ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और खरीद प्रक्रिया पारदर्शी व सुचारु रूप से संचालित हो। वहीं, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत ब्लॉक सिंभावली के ग्राम सिखेड़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान नवजात बेटियों के जन्म पर खुशियां मनाई गईं और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अरविंद चौधरी, अध्यक्ष अरुण कुमार, सीएचसी अधीक्षक अमित कुमार, बीसीपीएम रविंद्र मावी, नेहा त्यागी (डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर) और वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर सोनिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने बेटियों के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए समाज को जागरूक करने पर जोर दिया।



## जेएमएस ग्रुप की बड़ी उपलब्धि, तीन नए कोर्स को मिली मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में शुमार जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को शैक्षणिक क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए संस्थान को बीएससी कृषि, बीएससी होम साइंस और बीएससी माइक्रोबायोलॉजी जैसे तीन नए पाठ्यक्रमों के संचालन की मंजूरी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा प्रदान की गई है। इस उपलब्धि से संस्थान में उत्साह का माहौल है और विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों के द्वार खुल गए हैं।

इस अवसर पर संस्थान परिसर में जश्न-ए-सफलता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रबंधन, शिक्षकों और स्टाफ ने केक काटकर खुशी जाहिर की। डा. आयुष सिंघल ने कहा कि




संस्थान का उद्देश्य हापुड़ और आसपास के क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें उच्च शिक्षा के लिए एनसीआर या दिल्ली की ओर रुख न करना पड़े। इसी सोच के तहत संस्थान लगातार नए और रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। वहीं, सचिव डा. रोहन सिंघल ने बताया कि डायरेक्टर जनरल प्रो. (डा.) सुभाष गौतम के कुशल नेतृत्व में संस्थान के निदेशक, प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्षों और प्राध्यापकों के सहयोग से अकादमिक और प्रशासनिक स्तर पर लगातार गुणवत्ता सुधार की दिशा में कार्य किया जा रहा है। नए पाठ्यक्रमों को मिली मंजूरी से क्षेत्र के विद्यार्थियों में उत्साह है। यह उपलब्धि जेएमएस ग्रुप की शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति और उत्कृष्टता का प्रतीक मानी जा रही है।

### एक नजर

## ऑपरेशन शस्त्र का असर, अवैध असलहा लेकर घूम रहा युवक चढ़ा हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध हथियार रखने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना पिलखुवा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने मोनार्ड यूनिवर्सिटी के पास संदिग्ध गतिविधियों के चलते एक युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अभिषेक उर्फ गोलू पुत्र यशपाल निवासी ग्राम खेड़ा थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ के रूप में हुई है, जो वर्तमान में ग्राम कस्तला कासमाबाद थाना पिलखुवा क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

## नगर निगम कार्यालयों में हुई जनसुनवाई



eFkjkA जन शिकायतों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही किए जाने के लिए प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम मथुरा वृंदावन के तीनों कार्यालयों में जनसुनवाई होती है। पांच मई को भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त जग प्रवेश ने जनसुनवाई की। वृंदावन जोनल कार्यालय में अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक एवं सिटी जोन में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान भूतेश्वर जोन में कुल नौ शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से चार अतिक्रमण, एक सफाई, एक लाइट, एक राजस्व एवं एक रैंप निर्माण के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें से एक लाइट से संबंधित शिकायत का निस्तारण करा दिया गया है। वृंदावन जोन में कुल पांच शिकायत प्राप्त हुईं। जिनमें से एक निर्माण, एक संपति, तीन जलकल से संबंधित शिकायत प्राप्त है हुई। एवं सिटी जोन में चार शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक सफाई से संबंधित एवं तीन सड़क निर्माण से संबंधित थीं। जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी, सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, अधिशासी अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र यादव, सहायक अभियंता जल हेमेंद्र गौतम, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामगोपाल आदि उपस्थित रहे।

## हाथ को धोने से दूर रहती हैं बीमारियां: सीएमओ



eFkjkA जनपद में मंगलवार को विश्व हाथ स्वच्छता दिवस(वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे) मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा बल्लभ के नेतृत्व में जनपद में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हाथों में गंदगी छिपी होती है, जो सामान्य आंखों से दिखाई नहीं देती है। यह गंदगी किसी वस्तु को छूने, उसका इस्तेमाल करने और कई तरह के दैनिक कार्यों के कारण होती है।

## गैस संकट से जूझ रहा चौमुहां, लम्बी लम्बी कतारों में बीत रहा दिन

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA चौमुहाँ–कस्बे में घरेलू गैस की किल्लत ने आमजन की परेशानियां बढ़ा दी हैं विगत कई दिनों से उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिये परेशान है लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। सुबह होते ही ग्रामीण अपने जरूरी काम छोड़कर गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं, जहां लंबी–लंबी कतारें लग रही हैं। स्थिति यह है कि घंटों इंतजार के बाद भी अधिकांश उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है

सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं को हो रही है, जिन्हें घर में भोजन बनाने के लिए भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवार मजबूरी में लकड़ी, उपले या अन्य वैकल्पिक ईंधन का सहारा ले रहे हैं, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि गैस की अनियमित आपूर्ति से रोजमर्रा के कामकाज ठप पड़ गए हैं स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द गैस आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। फिलहाल उपभोक्ता राहत की आस में एजेंसियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

## भारतीय किसान यूनियन (अखंड) के नवनिर्मित जिला कार्यालय हुआ उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बागपत में दिल्ली-सहारनपुर रोड़ स्थित सीएनजी पेट्रोल पम्प के निकट राज रिजॉर्ट के सामने भारतीय किसान यूनियन (अखंड) के नवनिर्मित जिला कार्यालय का मंगलवार को राष्ट्रीए अध्यक्ष चौधरी महेश कसाना के नेतृत्व भव्य उद्घाटन हुआ इस दौरान जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र कसाना का जन्मदिवस भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष धीरेंद्र कसाना की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन के साथ ही उनका जन्मदिन भी केक काटकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से सुरू हुआ जा लगभग 2:30 बजे तक सम्पन्न हुआ।




कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकर्ता, किसान व युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के सूत्रधार जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान रहे। कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं शहर के सम्मानित नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को कई गुना बढ़ा दिया। संगठन ने कहां कि नवनिर्मित यह कार्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि क्षेत्र के किसानों और मजदूरों की आवाज को बुलंद करने का सशक्त केंद्र बनेगा। संगठन ने संकल्प लिया कि वह हर किसान-मजदूर की समस्या को प्रशासन तक पहुंचाकर उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रमन चौधरी (अम्बावता) जिला सचिव इस्लाम अल्वी, मीडिया प्रभारी इरशाद मलिक, जिला कार्यालय प्रभारी वाजिद खान, सहित सभी बड़ी संख्य में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नौहझील बाजना में चल रहीं डेयरियों पर पैनी नजर

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA नौहझील बाजाना क्षेत्र में चल रहीं डेयरियों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने नजर गढा दी है। पनीर और दूध में मिलावट खोरी और सिंथेटिक प्रोडक्ट तैयार करने की लगातार शिकायतें विभाग के पास पहुंच रही हैं।

गर्मी के मौसम में लोगों को गुणवत्तायुक्त खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देशन में खाद्य सचल दल के सदस्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, मोहर सिंह कुशवाह, दलवीर सिंह एवं भरत सिंह द्वारा पारसौली रोड, बाजना स्थित राधे मिल्क प्रोडक्ट्स (प्रो. गीतम सिंह) का निरीक्षण कर पनीर व मिश्रित दूध का एक एक नमूना, पप्पू डेयरी (प्रो. बलवीर सिंह) से पनीर के दो नमूने, सिरसा मिल्क प्रोडक्ट् (प्रो. रिषी) से पनीर व मिश्रित दूध का एक एक नमूना एवं मुड़लिया रोड, बाजना स्थित सोनू डेयरी (प्रो. जय प्रकाश) से पनीर, मिश्रित दूध व क्रीम के एक–एक नमूनें संग्रहित किये गये। सोनू डेयरी (प्रो. जयप्रकाश) पर अस्वच्छकार दशाओं में पनीर निर्माण होते हुए पाये जाने पर उक्त फर्म पर एफएसएस एक्ट 2006 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए डेयरी संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई।

# दुष्कर्म में असफल रहने पर महिला को जलाकर मारने वाले को सजा ए मौत

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA रिश्ते की बहन से दुष्कर्म के प्रयास में नाकाम रहने पर जिंदा जलाकर हत्या करने वाले भाई को अदालत ने सजा ए मौत सुनाई है। जिला जज की अदालत ने मंगलवार को मृत्युदंड दिया है। साथ ही 1.30 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

13 महीने की अदालती कार्यवाही में सजा मुकर्रर की गई। एक मई को जिला जज विकास कुमार की कोर्ट ने दोषी करार दिया था। सजा के बिन्दु पर अदालत में 5 मई को सुनवाई हुई और फांसी की सजा सुनाई



गयी। फरह थाना क्षेत्र के एक गांव में उमेश निवासी हसनपुर थाना हसनपुर पलवल हरियाणा 11 मार्च 2025 की दोपहर महिला का वेश धारण कर घर में घुस गया था। रिश्तो की बहन के साथ उमेश ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर महिला पर पेट्रोलियम पदार्थ डाल कर उसे जला दिया। महिला की चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो उमेश छत से कूद गया था। इससे उसके सिर व पैर में चोट आई थी।

महिला को गंभीर हालत में परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया था। घायल उमेश को फरह पुलिस ने हिरासत में लेकर आगरा एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया था। महिला के पति ने उमेश के खिलाफ फरह थाने में पत्नी को जिंदा जलाकर उसकी हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# दोपहिया वाहन चोरों के गिरोह का पर्दाफाश

■ पुलिस ने दो शातिरों को दबोचा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-24 पुलिस ने रेकी कर दो पहिया वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह के सरगना व उसके साथी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चोरी के 12 दो पहिया वाहन बरामद हुए हैं। इनमें दो स्कूटी भी शामिल हैं। इनके खिलाफ दिल्ली एनसीआर के अलग-अलग थानों में 22 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि आरो. पियों ने अब तक 100 से अधिक वाहनों की चोरी की है।

एडीसीपी मनीषा सिंह का बताया कि पुलिस ने सेक्टर-11 से मंगलवार को दो चोरों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान खोड़ा निवासी 24 वर्षीय अनिकेत उर्फ अंकित और 23 वर्षीय रवि के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 10 बाइकें और दो स्कूटी बरामद की गई हैं। उनके पास से दो चाकू भी बरामद हुए हैं। आरोपियों से पूछताछ में संगठित गिरोह चलाने का पता चला है। गिरोह के बदमाश एनसीआर के अलग-अलग शहरों में पहले रेकी करते हैं और भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों और घरों के बाहर खड़ी बाइक व स्कूटी को निशाना बनाते हैं। चोरी के बाद वाहनों को नोएडा के सेक्टर-54 स्थित सुनसान जंगल व झाड़ियों में छिपा देते है। इसके बाद जरूरत के अनुसार एक-एक कर इन वाहनों को कम दाम में बेच देते है।

जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी अंकित पर नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली में चोरी, अवैध हथियार और आबकारी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में 15 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, रतन सिंह उर्फ रवि पर भी विभिन्न थानों में सात मामले दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट और वाहन चोरी के केस शामिल हैं।

पूछताछ के दौरान पता चला कि अंकित ही गिरोह का सरगना है। दोनों गिरफ्तार आरोपी पहले भी जेल जा चुका है। बरामद पांच बाइक नोएडा के अलग-अलग हिस्से से चोरी की गई हैं। बाइकों को आठ से 15 हजार रुपए में बेचा जाता है। स्कूटी 10 हजार रुपए में बेचते थे।

# प्रदूषण से निपटने के लिए हरियाली पर 108 करोड़ रुपये खर्च करेगा प्राधिकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वायु प्रदूषण रोकने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण करीब 108 करोड़ रुपये खर्च करेगा। बोर्ड बैठक में मंजूरी के बाद अब ग्रीनबेल्ट में सुधार के अलावा सड़कों पर धूल उड़ने से रोकने के लिए ग्रास ग्रिड जैसे काम कराए जाएंगे। ग्रेनो वेस्ट और ग्रेटर नोएडा दोनों ही जगह की सड़कें इसके लिए प्राथमिकता में रखी गई हैं।

प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि पिछले वर्षों से लगातार वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। सर्दियों के दिनों में एक्यूआई 300 से अधिक रहता है जो लोगों की सेहत के लिए ठीक नहीं है। एनजीटी भी इसको लेकर कई बार निर्देश दे चुका है। विशेषज्ञों की राय है कि ग्रीनकवर बढ़ाने और सड़कों से धूल कम करने से प्रदूषण से राहत मिल सकती है। उन्होंने बताया कि इसके लिए इस साल के बजट में 100 करोड़ रुपये से अधिक बजट का प्रावधान किया गया। इसको मंजूरी मिलने के बाद अब टेंडर प्रक्रिया शुरू कर काम शुरू हो सकेगा।

**ये काम होंगे:** ग्रीनबेल्ट में सेक्टर्स के पार्कों के अलावा सिटी पार्क, रोटरी, सेंट्रल वर्ज को भी शामिल किया गया है। ग्रास ग्रिड के काम में खास तरह की टाइल्स लगाई जाएंगी जिनमें सुराख रहेंगे और इनमें घास पैदा हो सकती है। इससे जहां सड़कों पर धूल नहीं रहेगी, वहीं भूगर्भ जल रीचार्ज भी हो सकेगा।

सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ग्रीनबेल्ट में जहां भी पौधे लगाने की जरूरत है वहां लगाएं। पौधे अगर सूखे हैं तो उनको बदला जाए। पौधरोपण अभियान भी प्राधिकरण चलाएगा। इसमें निजी कंपनियों की भी मदद प्राधिकरण लेगा।

**इन उपायों पर भी खर्च होगा बजट**

- मैकेनिकल स्वीपिंग के लिए ट्रक माउंटेड मशीनों की खरीद व संचालन।
- एंटी स्मॉग गन का रखरखाव व संचालन।
- प्रमुख सड़क जैसे 130 मीटर, 105 मीटर, 60 मीटर के पास ग्रीनबेल्ट व नॉलेज पार्क में संस्थानों के आसपास पौधरोपण।
- परी चौक व दूसरी प्रमुख जगहों पर वर्टिकल गार्डन का विकास।
- औद्योगिक क्षेत्रों में मियावाकी पद्धति से 'ग्रीन बफर जोन' का विकास।

# गाय से टकराकर गिरे वास्तुकार की कार से कुचलकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-49 ट्रैफिक सिग्नल के पास सोमवार रात गाय से टकराकर सड़क पर गिरे स्कूटी सवार वास्तुकार (आर्किटेक्ट) को कार ने कुचल गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कार भी पुलिस के कब्जे में है। मृतक की पहचान सेक्टर-99 निवासी अर्जेश कुमार के रूप में हुई। वह वास्तुकार थे और नोएडा प्राधिकरण से भी जुड़े थे। उनके छोटे भाई अर्जुन प्रजापति ने एफआईआर कराई कि अर्जेश कुमार अपनी स्कूटी से घर लौट रहे थे, तभी सेक्टर-49 रेडलाइट से कुछ मीटर पहले एक गाय ने उनके स्कूटी को टक्कर मार दी। वह सड़क पर गिर गए, जिसके बाद पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनको कुचल दिया। घटना रात करीब आठ बजे हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार पूरी घटना कार में लगे डैश कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में देखा गया कि एक लावारिस गाय डिवाइडर के साथ-साथ चल रही थी और अचानक मुड़कर स्कूटी से टकरा गई। अर्जेश कुमार सामान्य गति से चल रहे थे। कार चालक, जो स्कूटी के पीछे तेज रफ्तार से आ रहा था, टक्कर से बचने के लिए बाईं ओर मुड़ा, लेकिन गति अधिक होने के कारण वह अर्जेश को टक्कर मार बैठा। पुलिस का कहना है कि कार चालक ने ब्रेक भी लगाई पर वाहन की गति तेज होने के कारण स्कूटी सवार उसकी चपेट में आ गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंपा। मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। घर में मृतक की पत्नी और बच्चे हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

**कार की जानकारी**

**टूरिज्म कंपनी से जुड़ी है कार:** अर्जेश मूलरूप से मेरठ के सरधना के रहने वाले थे। कुछ साल पहले वह नोएडा आए थे। उनके भाई भी वर्तमान में नोएडा में रहते हैं। पुलिस ने बताया कि जिस कार ने टक्कर मारी, वह एक टूरिज्म कंपनी से जुड़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है हादसा शहर में लावारिस पशुओं और तेज रफ्तार वाहनों के खतरे को उजागर करता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़कों पर घूम रहे पशुओं को हटाने और ट्रैफिक नियमों के सख्त पालन की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

**पिछले हादसे**

**पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकीं**

18 **जनवरी** 2025: नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर अचानक सामने आई गाय से बाइक सवार युवक टकरा गया। गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

27 **जुलाई** 2024 : सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में फैक्टरी से घर लौट रहे युवक की बाइक सामने आई गाय से टकरा गई। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई।

12 **नवंबर** 2023 : सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में दोपहिया वाहन से जा रहे युवक की सड़क पर घूम रही गाय से टक्कर हो गई। संतुलन बिगड़ने से वह गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

# 22 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

■ ग्रेटर नोएडा में ऊंचे दामों पर बेचता था शराब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 22 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। यह गिरफ्तारी मंगलवार को ननुआ का राजपुर गांव के पास से हुई।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान नवादा निवासी निखिल उर्फ रॉकी के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध रूप से शराब की तस्करी कर आसपास के गांवों में सप्लाई करने जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी क्षेत्र के गांवों में ऊंचे दामों पर शराब बेचकर अवैध कमाई करता था। पूछताछ में निखिल ने बताया कि वह पिछले कई महीनों से शराब की तस्करी कर रहा था और इस धंधे से होने वाली कमाई से अपने शौक पूरे करता था। पुलिस ने आरोपी निखिल के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया।

## निष्कासन के बाद आरोपी छात्रा बेपरवाह

**ग्रेटर नोएडा।** निजी विश्व. विद्यालय प्रबंधन ने हॉस्टल में छात्रा से मारपीट की आरोपी युवती को निष्कासित कर दिया, लेकिन इस बीच उसका एक नया वीडियो सामने आया है। वीडियो में निष्कासित छात्रा पर कार्रवाई का कोई असर नहीं दिख रहा। वह बेप. रवाह होकर मखौल बनाती नजर आ रही है। सपा छात्र सभा ने कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए विश्वविद्यालय में प्रदर्शन की चेता. वनी दी है। कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विगत दिवस तीन मिनट 17 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ था। यह वीडियो बेनेट विश्वविद्यालय के छात्रावास का था। वीडियो में एक छात्रा दूसरी छात्रा की रैगिंग कर उसे सात थप्पड़ मारती है।

# 11 करोड़ से दूर होगा छिजारसी मोड़ का जाम, बहलोलपुर अंडरपास तक रफ्तार भी मिलेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नेशनल हाईवे-9 से सेक्टर-63 स्थित छिजारसी मोड़ और बहलोलपुर अंडरपास तक ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत मिलेगी। फरीदाबाद-नोएडा गाजियाबाद (एफएनजी) के इस हिस्से के लिए नोएडा प्राधिकरण ने 11 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत वाली दो परियोजनाएं तैयार करवाई हैं। पहली परियोजना में 5 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से एनएच मोड़ से छिजारसी गोल चक्कर तक 640 मीटर सड़क को चार लेन करने के साथ दोनों तरफ नाले बनाए जाएंगे। वहीं दूसरी परियोजना के तहत गोल चक्कर से बहलोलपुर अंडरपास तक 1 किलोमीटर 50 मीटर वाली 7 लेन की सड़क की मरम्मत और रिसर्फेसिंग की जाएगी। इस पर करीब 6 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत आएगी।

मंजूरी के बाद नोएडा प्राधिकरण ने निर्माण एजेंसी को टेंडर जारी कर दिया है। अभी इस हिस्से में सड़क उखड़ी है। मोड़ पर सड़क संकरी होने की वजह से सुबह-शाम व्यस्त समय में जाम लग जाता है। इससे बड़ी आबादी प्रभावित होती है। प्राधिकरण इस समस्या का लंबे समय से स्थायी हल खंगाल रहा था। इसके लिए ही एफएनजी को एनएच-9 से जोड़ने वाली छिजारसी की 640 मीटर लंबी सड़क को संवारने और चौड़ी करने का फैसला लिया गया है। मोड़ पर स्थित एक निजी एफएनजी गोल चक्कर तक का हिस्सा एक तरह से बॉटलनेक बनता है। सड़क भी उखड़ी हुई है इस वजह से इस हिस्से में जाम लगा रहता है। सड़क का यह हिस्सा पुश्ता रोड में आता है लिहाजा ये काम प्राधिकरण सिंचाई विभाग से करवाएगा। यहां पर जलनिकासी के लिए दोनों तरफ नाली बनेगी और सड़क चौड़ी होगी। इसके आगे एफनजी पर ही बहलोलपुर अंडरपास तक की सड़क भी उखड़ी पड़ी है। इसके चलते वाहनों की रफ्तार थमती है। प्राधिकरण ने सड़क को मजबूत करवाने के साथ रिसर्फेसिंग कराने का फैसला लिया है। इस पर 6 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत अनुमानित है।

## एक नजर

### मई में 50 नए ट्रांसफार्मर लगेंगे

**नोएडा।** शहर में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति देने के लिए 31 मई तक 400 केवी के 50 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इसके अलावा वर्ष 2027 तक इतनी ही क्षमता के 500 और ट्रांसफार्मर लगाने की योजना है। विद्युत निगम के एमडी ने बीते दिनों बिजली उपकेंद्र समेत ढांचे को सुधारने के कार्य की धीमी गति पर अभियंताओं और एजेंसी को फटकर लगाई थी। इसके बाद युद्ध स्तर पर बिजली ढांचे को सुधारने का कार्य शुरू कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार अभी नोएडा शहर में 400 केवी के नए ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस कार्य की शुरुआत सेक्टर-22 ई-ब्लॉक से की गई।

शहर के अन्य आवासीय और औद्योगिक सेक्टर में भी इतनी ही क्षमता के नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। यह काम 31 मई तक पूरा कर लिया जाएगा। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता तकनीकी विवेक कुमार पटेल ने बताया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति देना विद्युत निगम की प्राथमिकता है। इसके लिए बिजली ढांचे को लगातार मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। ताकि नियमित आपूर्ति दी जा सके।

### तिलपता अंडरपास में जलजमाव, दो घंटे फंसी रही गर्भवती

**ग्रेटर नोएडा।** सोमवार की रात हुई बारिश से तिलपता अंडरपास में जलजमाव हो गया। इसके कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तिलपता की गर्भवती महिला सोनम करीब दो घंटे जलजमाव में फंसी रही। डॉक्टर के पास जाने के दौरान अंडरपास में जलजमाव में उसकी कार फंस गई, जिसे निकालने में काफी परेशानी हुई। अन्य राहगीरों को भी गंदे पानी से होकर निकलना पड़ा।

सोनम ने बताया कि जिम्मेदारों की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। घुटनों तक पानी जमा होने के कारण उन्हें मजबूरी में गाड़ी के अंदर ही बैठना पड़ा। उनकी सास ने बताया कि अगर जलजमाव की जानकारी होती तो दूसरे विकल्प के बारे में सोचती।

अंडरपास में जलजमाव के कारण करीब तीन घंटे तक वाहन रेंगते रहे, जिससे जाम लग गया। पुलिस मौजूद नहीं होने से समस्या और बढ़ गई। लोगों ने आरोप लगाया कि कभी भी पुलिस मौजूद नहीं रहती है।यदि पुलिस होती तो वाहनों को निकाला जा सकता था।

### स्वच्छता कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, संविदाकारों के साथ बैठक आयोजित

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को जनस्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यों की समीक्षा के लिए संविदाकारों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित प्रबंधक भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी संविदाकार अपने कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करें, ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों के अनुरूप शहर को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से नालियों की सफाई पर ध्यान देने को कहा और निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु से पहले सभी क्षेत्रों में अभियान चलाकर नालों और नालियों की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि सफाई के दौरान नालियों के किनारे उगी घास और झाड़ियों को भी हटाया जाए, जिससे जल निकासी बाधित न हो।

सार्वजनिक स्थानों और सड़कों की नियमित सफाई पर भी जोर देते हुए निर्देश दिए गए कि फुटपाथों और सड़कों के किनारे जमा कूड़ा, मलबा आदि को समय पर हटाया जाए। विशेष रूप से कचरा संग्रहण वाहनों (केसी. ट्रेंच) की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी संविदाकार अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करेंगे और सफाई कर्मचारियों को निर्धारित वर्दी में ही कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि कार्य में अनुशासन और पहचान बनी रहे। प्राधिकरण का उद्देश्य शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ कर नागरिकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है।

# राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग ने शिक्षामित्रों को सम्मानित कर मानदेय प्रतीकात्मक चेक किये वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामय उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा गोरखपुर में शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़ा हुआ मानदेय वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद गौतम बुद्ध नगर सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बड़े उत्साह के साथ देखा एवं सुना गया।

इसी क्रम में जनपद गौतम बुद्ध नगर में जीएनआईओटी कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित शिक्षामित्रों, जनप्रति. निधियों एवं अधिकारियों द्वारा गोरखपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन, सरकार की नीतियों एवं शिक्षामित्रों के प्रति व्यक्त विचारों को उपस्थित जनसमूह ने गंभीरता से सुना, जिससे सभी में प्रेरणा एवं उत्साह का संचार हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश जसवंत सिंह सैनी जी उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों के रूप में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, माननीय विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, माननीय विधायक दादरी तेजपाल नागर, जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा तथा महानगर अध्यक्ष नोएडा महेश चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रशास. निक अधिकारियों में जिलाधिकारी मेधा रूपम, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट अर्चना गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवॉर एवं बड़ी संख्या में शिक्षामित्र मौजूद रहे। मंत्री जसवंत सिंह सैनी जी ने अपने संबोधन में मानदेय में वृद्धि हेतु उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त करते हुए मानदेय वृद्धि को लेकर शिक्षामित्रों को बधाई दी। उन्होंने शिक्षामित्रों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सरकार उनके हितों के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है तथा मानदेय में वृद्धि उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जिले में अब स्विमिंग पूल पार्टी देर रात नहीं हो सकेंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में अब देर रात तक स्विमिंग पूल में गतिविधि यानी पार्टी नहीं हो सकेंगी। प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए इनका समय तय कर दिया है।

निर्धारित समय के बाद स्विमिंग पूल का संचालन होने पर लाइसेंस निरस्त करने समेत अन्य कार्रवाई की जाएगी।

प्रभारी जिला खेल अधिकारी डॉ परवेज अली की ओर से जारी किए गए दिशा-निर्देश के अनुसार स्विमिंग पूल का उपयोग सुबह 5:30 बजे से 9:30 बजे तक और शाम को 4:00 बजे से रात 10:00 बजे तक ही किया जा सकेगा। इसके बाद किसी भी प्रकार की गतिविधि खासकर देर रात पूल पार्टी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। देर रात तक चलने वाली पूल पार्टियों से आसपास के लोगों को परेशानी होने के साथ कानून-व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़ी समस्या भी सामने आ रही है।

पूल पार्टी के दौरान नशे में धुत लोग शोर करते हैं। ऐसे में हादसा होने की भी आशंका बनी रहती है। जिलाधिकारी के आदेश पर जारी किए गए दिशा-निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले स्विमिंग पूल संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस निरस्त करने से लेकर जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# यमुना सिटी में बिजली घर के निर्माण को मंजूरी मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी के सेक्टर-28 में 400 केवी क्षमता का बिजलीघर बनेगा। उत्तरप्रदेश सरकार ने मंगलवार को इसकी मंजूरी दे दी है। इसके लिए 653. 53 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया है। इसके बनने से औद्योगिक और आवासीय सेक्टरों में निर्बाध बिजली मिल सकेगी।यमुना सिटी में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चिरंग कलस्टर, डेटा सेंटर, फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल पार्क, हस्तशिल्प पार्क आदि में सैकड़ों इकाई लगने जा रही हैं। सभी को निर्बाध बिजली की आवश्यकता होगी। इसके लिए यूपी सरकार ने 400/220 केवी क्षमता बिजलीघर बनाने की मंजूरी दे दी है।

यह बिजलीघर गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन (जीआईएस) से बनाया जाएगा। परंपरागत सब स्टेशन के बजाय इसमें जमीन कम लगती है और खर्च भी कम आता है।

इसके अलावा इससे संबंधित लाइनें और बे भी बनाए जाएंगे। सोमवार को यूपी कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर लगा दी गई। इसके लिए 653.53 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी गई। यमुना प्राधिकरण ने इसके लिए पहले ही 4.9 हेक्टेयर जमीन दी जा चुकी है। बजट की मंजूरी मिलने के बाद अब इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# सभी विभाग समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर जल्द प्रस्तुत करें: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बाढ़ समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद की भौगोलिक स्थिति के आधार पर संभावित बाढ़ परिस्थितियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में तत्काल प्रभाव से अपनी-अपनी विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जिला आपदा प्रबंधन को उपलब्ध कराएं।

बैठक में सिंचाई विभाग द्वारा यमुना नदी से प्रभावित होने वाले संभावित ग्रामों एवं क्षेत्रों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों सिंचाई, पशु चिकित्सा, कृषि, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, विद्युत, अग्निशमन, जल निगम एवं आपूर्ति विभाग की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सुव्यवस्थित योजना एवं समन्वित कार्यप्रणाली के माध्यम से बाढ़ जैसी आपदा के प्रभाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने संबंधित प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिसूचित क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण तथा लीज पर आवंटित भूमि पर संचालित ऐसी गतिविधियां, जिनसे जनहानि की आशंका हो, धारा 10 के अंतर्गत नोटिस जारी किए जाएं। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि जो भी नियम के विपरीत निर्माण कार्य कर रहा हो,उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने तीनों विकास प्राधिकरणों के एसीईओ की अनुपस्थिति पर उन्होंने नारा. जगी व्यक्त की।

उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ नियंत्रण हेतु पूर्वानुमान एवं चेतावनी प्रणाली को सुदृढ़ किया जाए, तटबंधों का समयबद्ध निरीक्षण एवं मरम्मत सुनिश्चित की जाए, बाढ़ चौकियों की स्थापना की जाए तथा नालों की सफाई कर जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। इसके साथ ही, राहत एवं बचाव कार्यों के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करते हुए बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने एवं आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने स्टाफ की ड्यूटी निर्धारित कर उनके संपर्क सूची उपलब्ध करायें।



जिलाधिकारी ने बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि डूब क्षेत्र में संचालित सरकारी एवं गैर सरकारी गौशालाओं की मैपिंग करते हुए अपनी तैयारियां पूर्ण करें। साथ ही कहा कि यह सुनिश्चित करें की सभी गौशालाओं में भूसे की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रहे एवं बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए समय से ही अस्थाई गौशाला के लिए स्थान भी चिन्हित कर लिया जाये। जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि वह भी फसलों को बाढ़ से बचाने के लिए पहले से ही अपने कार्य योजना तैयार कर लें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए रैपिड रिस्पांस टीम, मेडिकल टीम सभी बाढ़ चौकिया पर तैनात रहे एवं एंबुलेंस में दवाईयों की पर्याप्त मात्रा बनी रहे। लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण भी बाढ़ संभावित क्षेत्रों में भ्रमण कर सड़कों को दुरुस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग का अधिकारी को निर्देश दिए कि बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ संभावित क्षेत्रों में अल्टरनेट बिजली सप्लाई की व्यवस्था रखें। जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ चौकियों पर जो हैंड पंप है, उनका समय रहते दुरुस्त कर लिया जाए और जहां पर नहीं है वहां नया हैंडपंप लगा दिया जाए।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# सरधना मेले के नाम पर घमासान

## 'बूढ़ा बाबू' बनाम 'बूढ़ा बाबा' विवाद में फंसी पालिका, हंगामे के बीच बोर्ड बैठक स्थगित





- नगर पालिका में जोरदार टकराव, सभासदों के बीच तीखी बहस
- चेयरपर्सन और ईओ के सामने बिगड़ा माहौल, दो दिन बाद फिर होगी बैठक



सरधना नगर पालिका में आयोजित बैठक में उलझते सभासदगण।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के ऐतिहासिक मेले को लेकर एक बार फिर सियासी और सामाजिक टकराव खुलकर सामने आ गया है। मंगलवार को नगर पालिका परिषद सरधना में मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बोर्ड बैठक उस समय हंगामे में बदल गई, जब 'बूढ़ा बाबू' और 'बूढ़ा बाबा' नाम को लेकर सभासद आमने-सामने आ गए।

बैठक शुरू होते ही जैसे ही मेले के नाम का मुद्दा उठा, सभासदों के बीच बहस तेज हो गई। देखते ही देखते यह बहस तीखी नोकझोंक में बदल गई और माहौल पूरी तरह गरमा गया। बीजेपी सभासदों और अन्य सभासदों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया, जिससे बैठक की कार्यवाही प्रभावित हुई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि नगर पालिका चेयरपर्सन शकीला अंसारी और अधिशासी अधिकारी (ईओ) की मौजूदगी में ही हंगामा बढ़ता चला गया। हालात काबू से बाहर होते देख अधिकारियों को मजबूरन बैठक को तत्काल प्रभाव से स्थगित करना पड़ा।

### नाम को लेकर फिर गहराया विवाद

दरअसल, सरधना में लगने वाला यह मेला वर्षों पुरानी परंपरा से जुड़ा हुआ है। नगर के कई वरिष्ठ सभासदों और स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मेला करीब 60 वर्षों से 'बूढ़ा बाबू' के नाम से आयोजित होता आ रहा है और यही नाम जनमानस में प्रचलित है। दूसरी ओर बीजेपी सभासदों का दावा है कि मेले की असली पहचान 'बूढ़ा बाबा' और उससे जुड़े ब्रह्मा मंदिर से है। उनका कहना है कि पहले मेले का नाम 'बूढ़ा बाबा' ही था, जिसे बाद में बदल दिया गया। अब वे इसे उसके मूल स्वरूप में वापस लाने की मांग कर रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों के बीच टकराव लगातार गहराता जा रहा है, जिसका असर सीधे मेले के आयोजन पर पड़ रहा है।

### बैठक में जोरदार हंगामा, बैठक हुई स्थगित

मेले की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक के दौरान दोनों पक्षों के सभासद एक-दूसरे पर आरोप लगाने लगे। कुछ सभासदों ने आरोप लगाया कि बिना वजह पुराने नाम को बदलने की कोशिश की जा रही है, जिससे परंपरा को नुकसान पहुंचेगा। वहीं बीजेपी सभासदों ने पलटवार करते हुए कहा कि मेले की धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान के साथ छेड़छाड़ की गई है और इसे सही करने की जरूरत है। कई बार स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि सभासद अपनी सीटों से उठकर आमने-सामने आ गए और जोरदार बहस करने लगे।

### पिछले साल भी अधर में लटका था मेला

यह कोई पहला मामला नहीं है जब मेले के नाम को लेकर विवाद हुआ हो। पिछले वर्ष भी इसी मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ था। उस समय भी सहमति न बनने के कारण मेले का आयोजन केवल 15 दिनों तक ही सीमित कर दिया गया था, जबकि परंपरागत रूप से यह मेला लगभग एक महीने तक चलता आया है। इस वजह से व्यापारियों और स्थानीय लोगों को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा था।

### दो दिन बाद फिर होगी निर्णायक बैठक

नगर पालिका प्रशासन ने मौजूदा हालात को देखते हुए दो दिन बाद फिर से बोर्ड बैठक बुलाने का ऐलान किया है। अब उम्मीद की जा रही है कि अगली बैठक में इस विवाद का कोई समाधान निकल सकेगा। हालांकि, जिस तरह से दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े हुए हैं, उसे देखते हुए सहमति बनना आसान नहीं लग रहा।

### सरधना मेला पर बना संशय

लगातार विवाद के चलते क्या इस साल भी मेले की अवधि कम होगी या फिर पालिका इस बार सर्वसम्मति से निर्णय लेकर मेले का भव्य आयोजन करा पाएगी। यह सवाल सभी नगर वासियों के मन में पल रहा है। हालांकि सूत्रों के हवालें से खबर है कि इस साल कुछ सभासद मेले के आयोजन को लेकर संतुष्ट नही है, जिस कारण मेले के आयोजन पर संशय बना हुआ है।

## नौचंदी मेले की सुरक्षा व्यवस्था परखने पहुंचे एसपी सिटी, दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नौचंदी मेले में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए सोमवार को पुलिस अधीक्षक नगर विनायक भोसले ने पुलिस बल के साथ औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में किया गया। एसपी सिटी ने मेले में भीड़ प्रबंधन, यातायात और सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों और आम लोगों से बात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। सभी व्यवस्थाएं इस तरह हों कि किसी भी नागरिक को असुविधा न हो। एसपी सिटी ने स्पष्ट कहा कि मेले में छेड़खानी, अभद्रता या मनचलों की किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में शामिल लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। पुलिस प्रशासन के अनुसार नौचंदी मेले में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। सतत निगरानी के साथ मेले को सकुशल संपन्न कराया जाएगा।

# तीन राज्यों में जीत पर सरधना में भाजपा का भव्य विजय जुलूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद सरधना नगर मंडल में सोमवार को कार्यकर्ताओं ने जोरदार उत्साह के साथ विजय जुलूस निकाला। कार्यक्रम की शुरुआत गुजरान गेट से हुई, जहां बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर जश्न मनाया, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। माहौल को और रंगीन बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने गुलाल लगाकर होली जैसा उत्सव मनाया और नृत्य भी किया। विजय जुलूस मुख्य बाजार से होता हुआ देवी मंदिर पहुंचा, जहां सभी कार्यकर्ताओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर देश की खुशहाली और पार्टी की निरंतर प्रगति की कामना की। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष विनोद जैन ने कहा कि यह जीत देश के हर नागरिक और भाजपा के छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और वर्षों की मेहनत ने आज ऐतिहासिक सफलता दिलाई है, खासकर पश्चिम बंगाल जैसे महत्वपूर्ण राज्य में मिली जीत बेहद अहम है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मंडल के दोनों महामंत्री सुभाष, वेद प्रकाश, रक्षित गर्ग, आलोक जैन, उपाध्यक्ष ललित गुप्ता, मंगू प्रधान, वीरेंद्र सैनी, प्रदीप बुद्धिराजा, शंकर लोधी, मंत्री शालिनी सैनी, नवीन त्यागी, विक्की पर्चा, संजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष आदेश जैन, मीडिया प्रभारी सौरभ जैन, सोशल मीडिया प्रभारी अंकुर गुप्ता, आईटी संयोजक अंकित चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शोभित विवि में 'कोड क्वेस्ट-2026' का सफल आयोजन, छात्रों ने दिखाई उत्कृष्ट कोडिंग क्षमता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के कंप्यूटर क्लब द्वारा स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के संयुक्त तत्वावधान में 'कोड क्वेस्ट-2026 कोडिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के कोडिंग कौशल, तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता एवं प्रोग्रामिंग दक्षता को प्रोत्साहित करना था, ताकि वे वास्तविक दुनिया की समस्याओं का प्रभावी समाधान विकसित करने में सक्षम बन सकें। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं शाखाओं से बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों को कई जटिल एवं रोचक समस्याओं का समाधान करना पड़ा, जिनमें डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिदम, लॉजिकल एनालिसिस और कोड ऑप्टिमाइजेशन से संबंधित प्रश्न शामिल थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्ञानशु कुशवाहा, द्वितीय स्थान प्रिंस राज तथा तृतीय स्थान जैद अंसारी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. दिव्या प्रकाश, डीन स्टूडेंट अफेयर्स, ने कहा कि कंप्यूटर क्लब द्वारा आयोजित ऐसे तकनीकी कार्यक्रम न केवल छात्रों की शैक्षणिक दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व, नवाचार और आत्मविश्वास जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं का भी विकास करते हैं।

कंप्यूटर क्लब के संकाय प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कंप्यूटर क्लब का उद्देश्य छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित रखना नहीं है, बल्कि उन्हें व्यावहा. रिक अनुभव प्रदान करना भी है। इस आयोजन की सफलता में कंप्यूटर क्लब की कोर टीम आशा, करण, चिन्मय, ईशा, हर्ष, राहुल और अंशिका की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक में नियुक्ति पत्र किए वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के पार्टी कार्यालय में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित हुई, जिसमें संगठन मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। रालोद अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष हाजी जहीर अब्बासी ने नव-नियुक्त पदा. धिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष दिलनवाज खान रहे। इस दौरान दिलप्रीत कोहली, नरेंद्र खजूरी, सुनील रोहटा, मारूफ अली, अनिकेत भारद्वाज और अरशद अल्वी भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने संगठन को पार्टी की ताकत बताते हुए कार्यकर्ताओं से नीतियों को जनता तक पहुंचाने और अल्पसंख्यक समाज के हित में सक्रिय रहने का आह्वान किया।

## मेडिकल कॉलेज में बड़ी कामयाबी, 11.75 किलो का दुर्लभ ट्यूमर निकालकर बचाई मरीज की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेडिकल कॉलेज मेरठ के शल्य चिकित्सा विभाग ने एक बेहद जटिल ऑपरेशन में 11.75 किलोग्राम वजनी रेट्रोपेरिटोनियल सारकोमा ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकालकर मरीज को नया जीवन दिया है। मोदीनगर निवासी 50 वर्षीय धीर सिंह के पेट में पिछले कई महीनों से सूजन और दर्द की शिकायत थी। जांच में पता चला कि उनके पेट के पिछले हिस्से में एक विशाल ट्यूमर है जिसने दाएं गुर्दे को पूरी तरह घेर रखा था। डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में सहायक आचार्य डॉ. शुभम यादव, डॉ. आकांक्षा सिंह, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. नौशाद, डॉ. आयुष, डॉ. मीनाक्षी और एनेस्थीसिया टीम ने मिडलाइन लैपरोटॉमी के जरिए करीब कई घंटे चले इस ऑपरेशन में टड्मूर को एन ब्लॉक तकनीक से पूरी तरह निकाला। राहत की बात यह रही कि डॉक्टरों ने अत्यंत सावधानी से मरीज का दायां गुर्दा भी बचा लिया।

### क्या है रेट्रोपेरिटोनियल सारकोमा?

यह एक दुर्लभ किस्म का सॉफ्ट टिशू कैंसर है जो प्रति 1 लाख लोगों में से सिर्फ 0.5-1 व्यक्ति को होता है। यह ट्यूमर बिना लक्षण के चुपचाप बढ़ता है और बड़ा होने पर ही दर्द, सूजन या भूख न लगने जैसी परेशानी देता है। विशेषज्ञों के अनुसार



वंशानुगत सिंड्रोम, पुरानी रेडिएशन थेरेपी या एस्बेस्टस, आर्सेनिक जैसे रसायनों का एक्सपोजर इसके जोखिम कारक हो सकते हैं। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक इस तरह की सर्जरी निजी अस्पतालों में 2.5 से 5 लाख रुपये तक में होती है, लेकिन मेडिकल कॉलेज में यह सरकारी दरों पर की गई। ऑपरेशन के बाद मरीज अब कैंसर-मुक्त है और उसे छुट्टी दे दी गई है। प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता ने पूरी शल्य चिकित्सा टीम को इस सफल ऑपरेशन के लिए बधाई दी और कहा कि यह मल्टीडिसिप्लिनरी टीम वर्क का बेहतरीन उदाहरण है।

## डी मोनफोर अकादमी में किंडरगार्डन के बच्चों की वॉटरमेलन पार्टी ने बिखेरी खुशियों की मिठास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डी मोनफोर अकादमी में किंडरगार्डन के बच्चों के लिए वॉटरमेलन पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चे तरबूज के रंग (लाल और हरे) के सुंदर कपड़े पहनकर आये। कुछ बच्चे तरबूज के रूप में सजे हुए भी नजर आये, जिसने पूरे कार्यक्रम को बेहद आकर्षक और रोचक बना दिया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। मीतू राणा, को-ऑर्डिनेटर रसीन तथा कक्षा अध्यापिकाएं डॉली और नीलम ने बच्चों के साथ मिलकर इस कार्यक्रम की बेहतरीन तैयारी की। उन्होंने बच्चों को पूरा सहयोग किया और उन्हें हर गतिविधि में प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वागीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें सीखने के साथ-साथ आनंद का अवसर प्रदान करते हैं। विद्यालय की निदेशिका डॉ. गरिमा शर्मा ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास और टीम भावना को बढ़ाती हैं। विद्यालय के निर्देशक डॉ. के.के. शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं और उन्हें सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य ने भी बच्चों और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालय के सकारात्मक वातावरण को मजबूत बनाते हैं। इस दौरान बच्चों ने खूब आनंद लिया और विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन से भरपूर था, बल्कि बच्चों के लिए सीखने और अपनी रचनात्मकता दिखाने का एक शानदार अवसर भी रहा।






## क्षेत्राधिकारी मवाना व थाना प्रभारी ने बहसूमा में किया पैदल गश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्राधिकारी मवाना पंकज लवानिया ने थाना प्रभारी रविंद्र पंवार व पुलिस फोर्स को साथ लेकर मंगलवार की शाम को बहसूमा कस्बे में संघन पैदल गश्त किया। जिससे नागरिकों में सुरक्षा हेतु भावनाएं बढ़ी रहे। गश्त में क्षेत्राधिकारी ने शांति व्यवस्था बनाये रखने, तथा पुलिस फोर्स के सहयोग की अपील की। पुलिस टीम ने बहसूमा कस्बे के मुख्य बाजारों, मुख्य सड़क, चौराहों और संवेदनशील मौहल्लो में पैदल गश्त किया। गश्त का मुख्य उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर नजर रखना और कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। गश्त के दौरान सीओ मवाना पंकज लवानिया ने स्थानीय दुकानदारों और नगरवासियों से बातचीत की। उन्होंने सभी से शांति बनाये रखने की अपील की और स्पष्ट निर्देश दिये कि असामाजिक तत्व गड़बड़ी करते हुए पाये गये तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी मवाना पंकज लवानिया, थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार के साथ उपनिरीक्षकों सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल थे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर मेरठ रेंज अलर्ट, 1200 पुलिसकर्मी तैनात, 15 हॉटस्पॉट चिन्हित

## डीआईजी कलानिधि नैथानी की 45 शोभायात्राएं व 32 कार्यक्रमों पर रहेगी कड़ी नजर

- सोशल मीडिया पर भी रहेगी पैनी नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मेरठ।** महाराणा प्रताप जयंती 9 मई के अवसर पर मेरठ रेंज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी के निर्देश पर पूरे परिक्षेत्र में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। रेंज के चारों जिलों मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में कुल 05 अपर पुलिस अधीक्षक, 20 सीओ, 64 निरीक्षक, 197 उपनिरीक्षक, 272 हेड कांस्टेबल, 440 आरक्षी, 180 होमगार्ड/पीआरडी और 01 कंपनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। सभी पुलिसकर्मी दंगा निरोधक उपकरणों से लैस रहेंगे।

### बुलंदशहर में सबसे ज्यादा 35 शोभायात्राएं

परिक्षेत्र में महाराणा प्रताप की कुल 19 प्रतिमाएं स्थापित हैं। सबसे ज्यादा 11 प्रतिमाएं हापुड़ में हैं। जयंती पर कुल 45 शोभायात्राएं निकाली जाएंगी, जिनमें अकेले बुलंदशहर में 35 शोभायात्राएं प्रस्तावित हैं। इसके अलावा मेरठ में 4 और हापुड़ में 6 शोभायात्राएं निकलेंगी। माल्यार्पण और भंडारे के 32 कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

### 15 संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर

डीआईजी कलानिधि नैथानी ने शोभायात्रा मार्ग पर पड़ने वाले 15 हॉटस्पॉट चिन्हित किए हैं। इनमें बुलंदशहर में 13 और हापुड़ में 2 संवेदनशील स्थान शामिल हैं। इन सभी जगहों पर पिकेट और पैट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। क्यूआरटी टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है।



डीआईजी कलानिधि नेथानी

### 250 गोष्ठियां का लिया गया फीडबैक

डीआईजी नैथानी ने बताया कि सफल आयोजन के लिए पुलिस ने 103 पीस कमेटी, 81 विभागीय और 66 आयोजकों के साथ गोष्ठियां कर ली हैं। थानों के रजिस्टर नंबर-8 का अवलोकन कर पुरानी समस्याओं का निवारण किया गया है। निर्देश दिए गए हैं कि परंपरा से हटकर कोई नया आयोजन न हो।

### सोशल मीडिया पर डिजिटल वालंटियर्स सक्रिय

किसी भी अफवाह को रोकने के लिए सोशल मीडिया पर डिजिटल वालंटियर्स को ब्रीफ कर दिया गया है। आपत्तिजनक पोस्ट पर तत्काल कार्रवाई होगी। प्रमुख कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। आकस्मिक घटनाओं के लिए आकस्मिक योजना तैयार है और रिजर्व फोर्स भी तैनात रहेगी।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए नसीम कुरैशी ने अजय राय को भेजे सुझाव

- 30 वरिष्ठ नेताओं की सलाहकार परिषद बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य और एआईसीसी ओबीसी के नेशनल कोऑर्डिनेटर नसीम कुरैशी ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पत्र लिखकर 2026 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कई अहम सुझाव और मांगें रखी हैं। अपने पत्र में कुरैशी ने संगठनात्मक अनुभव साझा करते हुए कहा कि 2019 में नए प्रयोग के तौर पर घोषित जिला व शहर अध्यक्षों के नेतृत्व में ही पार्टी ने 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा था। उन्होंने बताया कि 5 दिसंबर 2024 को प्रदेश की सभी कमेटियां भंग कर दी गई थीं, जिसके बाद 20 मार्च 2025 को फिर से जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई।



नसीम कुरैशी

### क्या हैं मुख्य सुझाव?

नसीम कुरैशी ने 2026 चुनाव में पार्टी को मजबूत करने के लिए 5 सूत्रीय सुझाव दिए हैं जिसमे पहला सलाहकार परिषद का गठन दूसरा मासिक बैठक अनिवार्य तीसरा सीधा संवाद चौथा अनुशासन समिति और पांचवा सुझाव सामाजिक भागीदारी जिसमे ओबीसी, ईबीसी, एससी, एसटी और माइनॉरिटी वर्ग से चुनाव लड़ने वाले योग्य उम्मीदवारों की पर्याप्त साझेदारी तय हो। हर विधानसभा से पहले ही 3-5 उम्मीदवारों का पैनल बनाया जाए।

### मेरठ के लिए विशेष मांग

नसीम कुरैशी ने मेरठ के लिए वरिष्ठ कांग्रेसजनों के नाम सलाहकार परिषद गठित करने की मांग की है। उन्होंने 30 नेताओं की सूची सौंपी है, जिसमें ओ.पी. शर्मा, युसूफ कुरैशी, सतबीर डागर, सुरेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, प्रेम प्रकाश शर्मा और दीपक शर्मा जैसे नाम शामिल हैं। साथ ही 10 सदस्यीय अनुशासन समिति की भी मांग की गई है।

### 38 साल के अनुभव का हवाला

56 वर्षीय कुरैशी ने पत्र में लिखा कि 38 साल की राजनीति में उन्होंने पहली बार 26 जनवरी और 15 अगस्त को मेरठ में जिला व शहर कांग्रेस के झंडे एक ही स्थान पर फहरते देखे। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति के साथ अगर अनुभव को सम्मान से जोड़ा जाए तो सार्थक परिणाम मिलेंगे।

## शाहजहांपुर में प्रीपेड मीटर के विरोध में उबाल, सपा यूथ ब्रिगेड ने एसडीओ किठौर का किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर में स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। मंगलवार को समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव मुमताज आलम के नेतृत्व में सैकड़ों नगरवासियों ने उपखंड अधिकारी किठौर कार्यालय का घेराव किया और जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ किठौर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि कस्बे में लगाए जा रहे प्रीपेड मीटरों को तत्काल हटाया जाए और पुरानी पोस्टपेड व्यवस्था बहाल की जाए। मुमताज आलम ने आरोप लगाया कि बिना उपभोक्ताओं की सहमति के प्रीपेड मीटर थोपे जा रहे हैं, जो जनता के साथ सीधा छल है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से किसान और मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है और पूरे प्रदेश में लोगों के बीच आक्रोश का माहौल है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार और प्रशासन ने जनता की मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# शिक्षामित्र को सांकेतिक चेक देकर किया सम्मानित

## मानदेय बढ़ोतरी के उपलक्ष में शिक्षामित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट लोक मंच पर एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने न केवल शिक्षामित्रों के चेहरे पर मुस्कान लाई, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र में नई ऊर्जा भर दी। योगीराज बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केंद्र गोरखपुर में शिक्षामित्र की मानदेय बढ़ोतरी के उपलक्ष में शिक्षामित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 143000 शिक्षामित्र कार्यरत है जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षामित्र को सांकेतिक चेक देकर सम्मानित किया और उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं नीतियों के बारे में प्रकाश डाला और उन्होंने अनुभवी शिक्षकों की प्रशंसा भी की। इसी के क्रम में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद में कलेक्ट्रेट लोक मंच पर उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण जंतु उद्यान राज्य मंत्री केपी मलिक मुख्य अतिथि की उपस्थिति में गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट लोकमंच पर देखा गया। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जब मंच से एक-एक कर शिक्षामित्रों को सम्मानित किया गया और उनके हाथों में बढ़े हुए मानदेय का प्रतीकात्मक चेक सौंपा गया, तो वर्षों के संघर्ष, समर्पण और सेवा को मानो एक नई पहचान मिल गई। यह अवसर था शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़ा हुआ मानदेय वितरण समारोह का, जहाँ शिक्षा के इन आधार स्तंभों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मंत्री ने शिक्षामित्रों का सम्मान करते हुए उन्हें बधाई दी। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने उत्साह के साथ देखा और सुना। एक समय था जब शिक्षामित्रों को 3500 मानदेय मिलता था, फिर वर्ष 2017 में यह बढ़कर 10,000 हुआ और अब इसे बढ़ाकर 18,000 प्रतिमाह कर दिया गया है। यह केवल आंकड़ों का बदलाव नहीं, बल्कि सम्मान और विश्वास का विस्तार है। यह उस समर्पण की स्वीकृति है, जो शिक्षामित्र वर्षों से गांव-गांव में बच्चों को शिक्षित करने में लगा रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा कि गुरुओं का सम्मान और बड़ों का आशीर्वाद ही एक अच्छे राष्ट्र की नींव रखता है। शिक्षक ही वह शक्ति है, जो समाज को सही दिशा देती है और बच्चों के भविष्य को संवारती है। उन्होंने कहा कि यह मानदेय वृद्धि केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि शिक्षामित्रों के प्रति सरकार के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने शिक्षामित्रों से अपील की कि वे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और सही मार्गदर्शन भी दें। समारोह में सम्मान प्राप्त करते समय कई शिक्षामित्रों की आंखें नम हो गईं। तालियों की गूंज के बीच जब उन्हें डमी चेक प्रदान किया गया, तो उनके चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलक रहा था। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल, अपर जिलाधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी केके भड़ाना सहित समस्त खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।





# रटौल ढिकोली मार्ग पर घायल अवस्था में बेहोश मिला बालक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली मार्ग पर रटौल पेट्रोल पम्प के समीप एक 14 वर्षीय युवक घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला है जिसे पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि एक 14 वर्षीय बालक रटौल ढिकोली मार्ग पर रटौल पेट्रोल पम्प के पास घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। राहगीरों ने देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौकें पर पहुंची और घायल अवस्था में लेकर खेकड़ा सीएचसी पहुचें जहा से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मोबाइल ग्रुपो पर फोटो शेयर करा और आस पडौस के गावों में भी बालक के बारे में जानकारी की लेकिन अभी तक बालक के परि. जनों का पता नही चल पाया है। रटौल चौकी इंचार्ज भूरेन्द्र सिंह नें बताया कि रात्रि बालक पेट्रोल पम्प के समीप घायल अवस्था में मिला था जिससे प्रतीक हो रहा था की किसी वाहन ने उसे टक्कर मारी हो बालक अभी अज्ञात है और बोल नही पा रहा है परिजनों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भाजपा की जीत पर श्रमिक एसोसिएशन ने मनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में सोमवार को श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के साथ-साथ अन्य राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर जश्न मनाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई देते हुए भाजपा की जीत पर हर्ष जताया। श्रमिकों ने भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कहा कि यह जीत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत है। इस मौके पर सोनू वर्मा आकाश जग्गू कार्तिक अरोड़ा फरीद कसार आदि मौजूद रहे।



# क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** फतेहपुर पुट्टी की श्री साई ग्लोबल एकेडमी में मंगलवार को एडुग्लोरी फाउंडेशन के तत्वाधान में एक स्पैलिंग क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा चार से नौ तक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई।

फाउंडेशन की सचिव कविता मलिक ने प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा की, जिसमें कक्षा नौ में नक्ष तोमर प्रथम, मयंक द्वितीय व आयुष तृतीय रहे। कक्षा आठ में अंशिका प्रथम, विवेक द्वितीय व लक्की तृतीय रहे। कक्षा सात में परी प्रथम, कार्तिक द्वितीय व ऋषभ तृतीय, कक्षा छह में अवनी, देव व अकील क्रमशः प्रथम, द्वितीय तृतीय रहे। कक्षा पांच में सिद्धांत, अर्णव अरहान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार में चितवन व दीक्षांत संयुक्त रूप से प्रथम, मिशा द्वितीय तथा देवांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। आयोजन में प्रधानाचार्य निशू मलिक, प्रबंधक अनुज मलिक, राजीव कटारिया, अमित शर्मा, पूजा, राखी, रोहित, नफीस, आशु आदि का सहयोग रहा।




## एक नजर

# प्रकृति को बेहतर बनाने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए:केपी मलिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत विकासखंड से नीलू, बागपत विकासखंड से राजेश, बिजेंद्र भाटी, मेनका, खेकड़ा विकासखंड से निष्ठा, प्रियंका, सुनीता, बिनौली विकासखंड से अनुराधा, रविन्द्र कुमार, कपिल भारद्वाज, पिलाना विकासखंड से देवेंद्र, अरुण, अलका और छपरौली विकासखंड से मंजू, प्रवेश, गुड्डन तोमर सहित कुल 376 शिक्षामित्रों को सम्मानित किया गया जिनके खाते में 18000 रुपए का मानदेय बढ़ाकर पहुंचा है। इन सभी ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। कार्यक्रम में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि शिक्षामित्र केवल शिक्षक नहीं, बल्कि समाज के निर्माणकर्ता हैं। उनके प्रयासों से विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हो रही है और बच्चों के सपने साकार हो रहे हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ अब विद्यालयों तक पहुंच रहा है, जिससे बच्चों को बेहतर वातावरण और अवसर मिल रहे हैं। मानदेय वृद्धि से शिक्षामित्र और अधिक उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। मंच से यह संदेश भी दिया गया कि सामाजिक शिक्षा से ही राष्ट्र का वास्तविक उदय संभव है। जब बच्चे अच्छे संस्कार और शिक्षा के साथ आगे बढ़ते हैं, तो समाज अपने आप सशक्त होता है। शिक्षक ही वह माध्यम हैं, जो बच्चों को सही और गलत का अंतर सिखाते हैं और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया गया। राज्य मंत्री ने कहा कि प्रकृति को बेहतर बनाने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पौधे हमें जीवन देते हैं, इसलिए उनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी जागरूक रहें और अपने आसपास हरियाली बढ़ाने में योगदान दें। शिक्षामित्रों के मानदेय में यह वृद्धि उनके मनोबल को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। अब वे आर्थिक रूप से अधिक सक्षम होंगे और अपने कार्य में पूरी निष्ठा के साथ योगदान दे सकेंगे। सरकार शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और शिक्षकों को उनका उचित सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है। जनपद में वर्तमान में 376 शिक्षामित्र कार्यरत हैं, जबकि पूरे प्रदेश में लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्र शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने में लगे हैं। मानदेय वृद्धि से उनका मनोबल बढ़ेगा और वे और अधिक उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। इस अवसर पर स्कूल बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। मंत्री ने निपुण शिक्षा बच्चों को कैसे सिखाया जाए। संबंधित बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए स्टेला का भी अवलोकन किया और उन्होंने कहा कि पेरेंट्स मीटिंग में भी इस चीज की जानकारी दी जानी चाहिए कि बच्चों को अच्छे उदाहरण से कैसे समझाया जा सकता है बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकला को देखकर मंत्री ने प्रशंसा की।

# डीएम व एसपी ने किया संभावित वीवीआईपी भ्रमण कार्यक्रम का निरीक्षण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने संभावित वीवीआईपी भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत गोरख नाथ आश्रम, ग्राम मौजिजाबाद नांगल भगवानपुर, जनपद बागपत का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आश्रम परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया तथा सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित की जाएं, जिससे प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, सीओ बड़ौत अंशु जैन, अर्जुन नाथ महाराज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार रात पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत का जश्न मनाया। बाजार क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया।

नगर मंडल अध्यक्ष संदीप प्रजा. पति के नेतृत्व में पार्टी पदाधिका. रियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। उन्होंने आतिशबाजी की और ढोल-नगाड़ों की धुन पर खुशी का इजहार किया। इस दौरान (भारत माता की जय) और (वंदे मातरम) के नारे भी लगाए गए। कार्यकर्ताओं ने इस जीत को पार्टी की नीतियों, मजबूत नेतृत्व और जनता के विश्वास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और जन आशीर्वाद का प्रतिफल है। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष संदीप प्रजापति, जिला मीडिया सह-प्रभारी अंकुश जैन, योगेश यादव, सागर थामा, चंद्रमोहन दहिया, दीपक शर्मा, बिट्टू धामा, सूरज धामा, रविंद्र धामा, फुरकान, सागर यादव, राहुल यादव, अमित बाल्मीकि, सागर उपाध्याय, अशोक श्रीवास्तव, मनीष उर्फ टीनू, राजेंद्र गुप्ता, डा.प्रवीण धामा, नितिन कश्यप, पंकज कौशिक और आयुष जैन सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की इस विजय को जनता को समर्पित किया। उन्होंने भविष्य में भी विकास कार्यों को गति देने का संकल्प लिया।

# विद्यार्थियों का फुल मालाओं से लादकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के छपरौली रोड स्थित शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र पर फुलों की मालाओं से लादकर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

गुरुकुल के विद्यार्थी प्रथम अमर शहीद सोमवीर सिंह शामली में 2026 तीरंदाजी निशानेबाजी प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र के विद्यार्थी शिवा शर्मा एवं प्रिंस शर्मा शामली में गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया गया। यह दोनों विद्यार्थी प्रथम निशाने बाजी की जीत का परचम लहराकर बड़ोत नगर में पहुंचे हैं इन्हीं के साथ अनंत पंडित को सिल्वर मैडल दूसरे स्थान पर मिला है। इन सभी विद्यार्थियों का शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र के संस्थापक आचार्य संदीप गौतम शास्त्री के नेतृत्व में फूलों की मालाओं के साथ मिठाई खिलाकर गुरुकुल आगमन पर स्वागत किया गया। स्वागत सम्मान करने वालों में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री नितिन गोस्वामी आचार्य कुंदन भारद्वाज आचार्य विजय कौशिक एडवोकेट आचार्य अनुज दिक्षित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी अचार्य उमेश कौशिक पंकज शास्त्री विनोद शास्त्री मिंटू शास्त्री विनोद पंडित श्याम वशिष्ठ शास्त्री रामहेर शर्मा के अलावा शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र के सभी विद्यार्थियों ने फुलों की मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर संस्थापक आचार्य पंडित संदीप दत्त गौतम ने कहा कि गुरुकुल में विद्यार्थियों को सुबह यज्ञ हवन करने के बाद तीरंदाजी निशानेबाजी का खेल सभी विद्यार्थियों को सिखाया जाता है यहां के विद्यार्थी एक दिन बड़े-बड़े कार्यक्रमों में में जाकर गुरुकुल का नाम रोशन करने का काम करेंगे।



# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सृष्टि ने जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुरा महादेव गांव की सृष्टि मलिक ने कानपुर शहर में हुई ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। पदक जीतने पर परिजनों व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया।

कोच अभिषेक शर्मा ने बताया कि कानपुर शहर स्थित द स्पोर्ट्स हब में एक से तीन मई तक पांचवीं उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसकी सब जूनियर 38 किग्रा. से कम भार वर्ग स्पर्धा स्वर्ण पदक जीता। इस प्रदर्शन से सृष्टि ने नैशनल के लिए भी क्वालीफाई किया है। उसकी इस उपलब्धि पर उसके परिजनों व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है। कानपुर में TSH स्टेडियम मे 1 से 3 मई तक ताइक्वांडो स्टेट प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें सृष्टि मलिक ने 37 किलो भार में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल जीत कर नेशनल के लिए हुआ चयन। सृष्टि मलिक बागपत जिले के एक छोटे से गांव पूरामहदेव के एक साधारण परिवार की बेटी है। सृष्टि मलिक की मां सरकारी अस्पताल में एक प्राइवेट स्टाफ नर्स की नौकरी करती है। सृष्टि अपनी प्रैक्टिस खेड़की गांव में अल्फा ताइक्वांडो एकेडमी में कोच अभिषेक शर्मा के पास करती है। सृष्टि ने इस से पहले भी स्टेट चैंपियनशिप, नेशनल और स्कूल गेम में भी मैडल जीता है।



# बागपत में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत, विभिन्न मामलों का होगा त्वरित निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 09 मई 2026 को जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सचिव/अपर सिविल जज (सी.डि.) अंकिता सिंह-II ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श मनोज कुमार-III के मार्गदर्शन में इस लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में दीवानी वाद, चेक बाउंस (धारा 138 एन.आई. एक्ट) से संबंधित मामले, धन वसूली, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल कर से जुड़े प्रकरण (अशमनीय मामलों को छोड़कर), वैवाहिक विवाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण, पेंशन, किरायेदारी, उपभोक्ता व अन्य राजस्व मामलों का निस्तारण आपसी सहमति से किया जाएगा। इसके अलावा प्री-लिटिगेशन एवं शमनीय आपराधिक मामलों का भी समाधान किया जाएगा। जनसामान्य को जागरूक करने के उद्देश्य से आज 05 मई को जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार-III ने प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का सस्ता, त्वरित और सुलभ निस्तारण कराएं।

# मेधावी छात्रा को राज्य मंत्री केपी मलिक ने किया सम्मानित

**बड़ौत।** क्रिस्तु ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल 10वीं की छात्रा छवि आर्य को जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर राज्यमंत्री केपी मलिक ने सम्मानित किया। राज्यमंत्री केपी मलिक छवि आर्य के घर पहुंचे और शुभकामनाएं दी। राज्यमंत्री ने कहा कि छवि आर्य ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। बोर्ड परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त करना गर्व की बात है। ये उपलब्धि क्षेत्र के अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार मेधावी छात्रों को हर संभव प्रोत्साहन देगी।

# मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक में भाजपा की जीत पर खुशी

**मेरठ।** खैर नगर स्थित महामंत्री कार्यालय पर मंगलवार को मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिले प्रचंड बहुमत पर हर्ष व्यक्त करते हुए सदस्यों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी को अग्रिम शुभकामनाएं भी दी गईं। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष देवेंद्र भसीन ने की, जबकि संचालन महामंत्री रजनीश कौशल ने किया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को जीत की बधाई देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की।

# 10 असामाजिक तत्वों को छह महीने के लिए किया जिलाबदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर 10 असामाजिक तत्वों को छह महीने के लिए जिलाबदर किया गया है, जबकि चार शस्त्र लाइसेंस रद्द किए गए हैं।

यह कार्रवाई जनपद में अपराधों की रोकथाम और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान का हिस्सा है। पुलिस अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रही है ताकि शांति व्यवस्था कायम रह सके। जिलाबदर किए गए असामाजिक तत्वों में बागपत कोतवाली से रोहि. हत, सावेज और आकाश शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, बिनौली थाने से सलमान, दोघट थाने से नितिन और साहिल, छपरौली थाने से सचिन, रमाला थाने से आस मोहम्मद, तथा बालेनी से दीपक और गौतम को भी छह माह के लिए जिलाबदर किया गया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि जिलाबदर की अवधि के दौरान ये व्यक्ति जिले की सीमा में पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कदम जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए उठाया गया है।

# ढिकोली बंधला मार्ग पर पांची गांव के पास कार और टेम्पो की भिड़ंत में पांच लोग घायल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली बंधला मार्ग पर पांची गांव के समीप कार और टेम्पो की भिड़ंत हो गयी जिसमे दोनो और से पांच लोग घायल हो गये, जिन्हें निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है। वही स्कूटी सवार दम्पत्ति भी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गये।

दतनगर निवासी सचिन पुत्र छत्रपाल अपने पिता को आंख दिखानें बंधला कार से गया था, जब वह वापस लौट रहा था तो ढिकोली पांची मार्ग पर मेरठ की और से कोल्ड्रिंक्स से भरा टेम्पो लेकर आ रहे टेम्पो चालक आस मौहम्मद पुत्र निजामुद्दीन, उसके हसीन और आमिर जो बड़ागांव अपने घर आ रहे थे। पांची गांव में बेरीयो के पास दोनो की आमने सामने भिड़ंत हो गयी जिसमे पांच लोग घायल हो गये। सूचना मिलते ही चांदीनगर पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी और घायलों को निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है। पुलिस छानबीन में जुटी है। इसके अलावा तितरोदा निवासी सुशील अपनी राखी के साथ स्कूटी से जा रहा था जिससे पांची के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गये।

# दिल्ली ने चेन्नई को 156 रन का टारगेट दिया

### दिल्ली के लिए समीर रिजवी ने नाबाद 40 और स्टब्स ने 38 रन बनाए

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 156 रन का टारगेट दिया है। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। दिल्ली के लिए समीर रिजवी ने नाबाद 40 रन की पारी खेली। उनके अलावा, ट्रिस्टन स्टब्स 38, पथुम निसांका 19, नीतीश राणा 15, आशुतोष शर्मा 14, करुण नायर 13 और केएल राहुल 12 रन बनाए। चेन्नई की ओर से नूर अहमद ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। आशुतोष शर्मा शानदार खेलने के बाद रन आउट हो गए। उन्होंने सिर्फ 5 गेंदों में 14 रन बनाए, जिसमें 2 छक्के शामिल रहे। गायकवाड ने मिड-आन से तेजी दिखाते हुए सीधा थ्रो किया और अशुतोष क्रीज से काफी दूर रह गए। जैमी ओवरटन ने आखिरकार स्टब्स की अहम पारी का अंत कर दिया। पुल शाट खेलने की कोशिश में स्टब्स गेंद को सही टाइम नहीं कर सके और डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े मुकेश चौधरी ने आसान कैच लपक लिया।


दिल्ली। चेन्नई के खिलाफ दिल्ली के बल्लेबाज समीर रिजवी व स्टब्स रन लेते हुए।

स्टब्स 38 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ उनकी और रिजवी के बीच 65 रन की साझेदारी भी टूट गई। 18वें ओवर में समीर रिजवी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अंशुल कंबोज के ओवर में दो शानदार छक्के जड़ दिए। ओवर से कुल 14 रन आए और दिल्ली का स्कोर 130/5 पहुंच गया। 16वें ओवर में समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स ने दिल्ली की पारी को संभालने की कोशिश की। मुकेश चौधरी के ओवर से 12 रन आए, जिसमें रिजवी ने शानदार छक्का लगाया। इसी ओवर में दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा भी पार किया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए है। गुर. जनप्रीत अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर अक्षर बैकफुट ड्राइव खेलना चाहते थे,

लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और कवर पर खड़े अकील हुसैं ने आसान कैच पकड़ लिया। नूर ने 10वें ओवर में एक और सफलता हासिल करते हुए नीतीश राणा को 15 रन पर पवेलियन भेज दिया। राणा ने स्वीप शाट खेला, लेकिन गेंद सीधा बाउंड्री पर खड़े कार्तिक शर्मा के हाथों में चली गई। आउट होने के बाद निराश नीतीश राणा। नूर अहमद ने अपने पहले ही ओवर में करुण नायर को आउट कर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। लेग स्टंप के बाहर मिली आसान गेंद पर नायर ने स्वीप शाट खेला, लेकिन गेंद सीधे शार्ट फाइन लेग पर खड़े गुरजनप्रीत सिंह के हाथों में चली गई। करुण 13 रन बनाकर लौटे। अकील हुसैन ने दिल्ली को बड़ा झटका देते हुए केएल राहलु को 12 रन पर आउट किया।

# आईसीसी आचार संहिता तोड़ने पर निगार सुल्ताना को फटकार

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना जोटी को शनिवार को सिलहट में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई है।

निगार को आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट के सामान या कपड़ों, मैदान के उपकरणों या फिक्स्चर और फिटंग का गलत इस्तेमाल करने से संबंधित है। इसके अलावा, निगार के अनुशा सनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा गया है, पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला अपराध था। यह घटना तब हुई जब बांग्लादेश बल्लेबाजी कर रहा था और आउट होने के बाद, निगार ने मैदान से बाहर जाते समय अपना बल्ला जमीन पर फेंक दिया। निगार ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय मैच रेफरी पैनल की सुप्रिया रानी दास द्वारा प्रस्तावित सजा को भी मान लिया, इसलिए किसी औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदान पर मौजूद अंपायर एलोइस शेरिडन और शथीरा जाकिर जेसी, तीसरे अंपायर रोकेया सुल्ताना और चौथे अंपायर चंपा चकमा ने यह आरोप लगाया था। लेवल 1 के उल्लंघन पर कम से कम आधिकारिक फटकार, ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट पॉइंट की सजा दी जाती है।

**खेल विशेष**

### स्कीट निशानेबाज फाइनल से चूके

**नई दिल्ली, वार्ता।** कजाखस्तान के अल्माटी स्थित आसानोव शूटिंग क्लब में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप शॉटगन में भारतीय स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला दोनों वर्गों में फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। ओलंपियन मैराज अहमद खान और राइजा ढिल्लों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे बेहतर स्थान पर रहे। मैराज, जिन्होंने पहले दिन 75 में से 71 का स्कोर करते हुए 26वें स्थान से दूसरे दिन की शुरुआत की थी, ने अंतिम दो सीरीज में 23 और 25 का स्कोर किया और कुल 119 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन चरण का समापन 18वें स्थान पर किया। रैंकिंग अंक के लिए खेल रहे भावतेग सिंह गिल 119 (24, 24, 23, 24, 24) के स्कोर के साथ मैराज से एक स्थान नीचे 19वें स्थान पर रहे।

### फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने रवि ब्रदर्स को दो विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में मंगलवार को दो विकेट से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, फेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब ने 29-2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए। करण सोनी ने 35(59) और हरीश बडाना ने 33(24) रन की पारी खेली। वहीं, फेंड्स क्रिकेट क्लब के गेंदबाज ऋति मेहता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर 5 विकेट लिए और प्रद्युमन ने 43 रन देकर 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, फेंड्स क्रिकेट क्लब ने अंकित बिट 32(21) और आर्य सिंह 27(15) की मदद से 22 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाए और मैच दो विकेट से जीत लिया।

### मुंबई कई टीमों की प्लेऑफ उम्मीदों को झटका देगी: गावस्कर

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने टाटा आईपीएल 2026 के मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया। उन्होंने 229 रनों के विशाल लक्ष्य का शानदार ढंग से पीछा किया। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने एलएसजी के खिलाफ रोहित शर्मा की बल्लेबाजी की जमकर तारीफ की और कहा कि अगर रोहित इसी फॉर्म में खेलते रहे, तो मुंबई इंडियंस कई टीमों की प्लेऑफ उम्मीदों को झटका देगी। गावस्कर ने कहा कि मैं पिछले एक साल से रोहित शर्मा को बहुत करीब से देख रहा हूं। जब से उन्हें व्हाइट-बॉल क्रिकेट और आईपीएल में कप्तानी से हटाया गया है, तब से उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में रन बनाए।

# पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को पहले वनडे में हराया

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने जबरदस्त टीम परफॉर्मेंस दिखाते हुए जम्बिाब्वे को पहले वनडे में 168 रनों से हरा दिया। यह मैच चल रही आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा है। चार खिलाड़ियों ने हाफ-सेंचुरी बनाईं।

जम्बिाब्वे की कप्तान नोमवेलो सिबांडा ने पाकिस्तान को पहले बैटिंग करने के लिए बुलाया, जिसके बाद पाकिस्तान ने 330/5 का स्कोर बनाया। सोमवार को बैटिंग ऑर्डर में सबसे ऊपर आकर सदाफ शमास ने 98 रनों की शानदार पारी खेली। सिदरा अमीन (67), नजीहा अल्वी (56 नॉट आउट) और गुल फिरोजा (50) ने भी हाफ-सेंचुरी बनाकर टीम में योगदान दिया। अल्वी ने महिला वनडे में किसी भी पाकिस्तानी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया, उन्होंने सिर्फ 24 गेंदों में यह कारनामा कर दिखाया। आईसीसी के अनुसार, शमास और फिरोजा के बीच 162 रनों की ओपलनग पार्टनरशिप महिला वनडे में पाकिस्तान के लिए किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी पार्टनरशिप थी। वहीं, रनों के लिहाज से यह टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत थी। जवाब में, जम्बिाब्वे की तरफ से सिर्फ बेलव्ड बिजा (53) ही अकेले डटी रहीं। लेकिन पाकिस्तान की गेंदबाजों ने - जिनकी अगुवाई कप्तान फातिमा सना (2/28) ने बेहत. रीन ढंग से की - यह पक्का कर दिया कि मेहमान टीम रनों का पीछा करते हुए लक्ष्य से काफी पीछे रह जाए। यह पाकिस्तान के लिए एक अच्छा संकेत है, क्योंकि 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने वाला है। पाकिस्तान को ग्रुप 1 में रखा गया है और उसे ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, नीदरलैंड्स और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच खेलने हैं। जम्बिाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज के अगले दो मैच बुधवार और शनिवार को कराची में खेले जाएंगे। इसके बाद, टी20 वर्ल्ड कप से पहले, पाकिस्तान इसी टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा।

# बेंगलुरु में आईपीएल फाइनल की मेजबानी पर छाया संकट

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु के आईपीएल 2026 फाइनल की मेजबानी करने के मौकों पर गंभीर संकट आ गया है। विधायकों को मैच के टिकट देने को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद के बढ़ने के बाद बीसीसीआई अब इस बड़े मैच को किसी दूसरे शहर में शिफ्ट करने के विकल्प पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह विवाद, जो कर्नाटक के विधायकों की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए मुफ्त वीआईपी टिकटों की मांग के तौर पर शुरू हुआ था,

अब एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बन गया है। इस


विधायकों को मैच के टिकट देने को लेकर चल रहे विवाद पर बीसीसीआई सख्त

विवाद के बढ़ने की वजह 'वीआईपी कल्चर', विशा बर्ताव और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) पर कथित दबाव को लेकर हो रही आलोचना है। बीसीसीआई सूत्रों ने बताया कि प्लेऑफ मैच पंजाब और कर्नाटक के बीच बांटे जाने की संभावना है, जो कि मौजूदा चैंपियन के फाइनल की मेजबानी करने की परंपरा के मुताबिक होगा। हालांकि, बेंगलुरु में इंतजामों को लेकर बनी अनिश्चितता ने बोर्ड की योजनाओं को मुश्किल में डाल दिया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि अगर यह मुद्दा हल नहीं होता है, तो आईपीएल फाइनल को बेंगलुरु से बाहर शिफ्ट करना पड़ सकता है। यह विवाद आईपीएल 2026 के पहले मैच से ठीक पहले शुरू हुआ था। यह मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच होना था।

# हैदराबाद व पंजाब के बीच बल्लेबाजी का जबरदस्त मुकाबला होने की उम्मीद

**हैदराबाद, वार्ता।** पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस हाई-वोल्टेज आईपीएल 2026 मुकाबले में, भवियवाणियों के जानकारों के बीच वायरल पेग के टैग के साथ उतर रही है। इसकी मुख्य वजह इस सीजन में सबसे भरोसेमंद चेजलग टीमों में से एक के तौर पर उनकी बनी प्रतिठा है।

हालांकि, राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला, जितनी चर्चा है उससे कहीं ज्यादा संतुलित होने का वादा करता है, क्योंकि दोनों ही टीमें विस्फोटक और ज्यादा स्कोर वाले क्रिकेट के लिए बनी हैं। पंजाब ने अपना अभियान एक खास ताकत के दम पर खड़ा किया है, दबाव में लक्ष्य का पीछा करना। उनकी बल्लेबाजी यूनिट ने



बार-बार बड़े लक्ष्यों को ध्वस्त किया है, जिसमें इस सीजन की शुरुआत में 265 रनों का रिकॉर्ड चेज भी शामिल है। कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम में संयम बनाए रखा है, जबकि प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य ने आक्रामक शुरुआत दी है, जिसने सफल चेज की नींव रखी है। ज्यादा दबाव वाले चेज में शांत रहने की उनकी काबिलियत ने उन्हें सटेबाजी और भवियवाणियों के जानकारों के बीच पसंदीदा बना दिया है, खासकर उन मैचों में जहां बड़े स्कोर बनने की उम्मीद होती है। इस प्रतिठा के बावजूद, पंजाब अपने हालिया प्रदर्शन को लेकर चिंताओं के साथ इस मैच में उतर रही है, क्योंकि उन्हें लगातार दो हार का सामना करना पड़ा है। उनकी गेंदबाजी यूनिट पर काफी दबाव रहा है, वे स्कोर का बचाव करने में संर्घा कर रहे हैं और अहम मौकों पर रन लुटा रहे हैं। अर्शदीप सिंह गेंद के साथ सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन कुल मिलाकर टीम के लिए निरंतरता एक बड़ी समस्या बनी हुई है। दूसरी ओर, हैदराबाद इस टूर्नामेंट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाजी यूनिट्स में से एक बनी हुई है। उनका शीर्ा क्रम - जिसमें अभिोक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन शामिल हैं।

# चीन ने थॉमस कप और दक्षिण कोरिया ने उबेर कप जीता

**हॉर्सेंस ( डेनमार्क ), वार्ता।** रिपब्लिक ऑफ कोरिया ने पिछले तीन टूर्नामेंट में अपना दूसरा उबेर कप खिताब जीता। रविवार को डेनमार्क के हॉर्सेंस में हुए मुक. ाबले में उन्होंने पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना को 3-1 से हराया।

हालांकि, चीनी पुरु टीम फांस के खिलाफ अपने चैंपियनशिप मुकाबले में जीत हासिल करने में सफल रही। उन्हें इसी स्कोरलाइन (3-1) से जीतने के लिए लगभग साढ़े चार घंटे का समय लगा। यह इस टूर्नामेंट के 34वें संस्करण में चीन की लगातार दूसरी (2024 के बाद) और कुल मिलाकर 13वीं जीत थी। वोंग होंग यांग और शी यू क्यूई द्वारा मशहूर फांसीसी पोपोव भाइयों पर सिंगल्स में जीत हासिल करने के बाद, ही जी टिंग और रेन जियांग यू ने डबल्स मुकाबले में



एलोई एडम और लियो रॉसी को 21-13, 21-16 से हराकर टीम की जीत पक्की कर दी। इससे पहले, कोरिया की बेक हा ना और किम हे जियोंग ने जिया ई फैन और झांग शू जियान को 16-21, 21-10, 21-13 से हराकर उबेर कप में जीत हासिल की। इस जीत के बाद कोरियाई टीम जश्न मनाते हुए कोर्ट पर दौड़ पड़ी। रिपब्लिक ऑफ कोरिया ने अब 2010, 2022 और 2026 में उबेर कप जीता है। चीन अपना रिकॉर्ड 17वां टीम खिताब जीतने की उम्मीद कर रहा था, क्योंकि 1988 से अब तक हुए सात चैंपियनशिप मुक. ाबलों में उसने कोरियाई टीम को हराया था।

# हेड, क्लासेन और किशन पर भारी पड़े हैं: अर्शदीप

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और पंजाब किंग्स के बीच इस सीजन का 49वां मुकाबला खेला जाएगा। एसआरएच ने अभी तक 10 मैच खेले हैं जिसमें से उन्हें छह मैचों में जीत मिली है और चार मुक. ाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। टीम 12 अंक के साथ प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर है। वहीं पंजाब ने अभी तक नौ में से छह मैच जीते हैं,

और 13 अंकों के साथ अंक तालिका में टॉप पर हैं। हालांकि वह दो लगातार मैच हारकर आ रहे हैं। ओवरऑल दोनों टीमों के बीच अभी तक कुल 25 मैच हुए हैं जिसमें से एसआरएच ने 17 और पंजाब ने केवल आठ ही मैच जीते हैं। सिक्स हिटर्स की होगी जंग इस मैच में छक्कों की बरसात हो सकती है। इसकी वजह यह है कि दोनों ही टीमों में लंबे-लंबे छक्के लगाने वाले बल्लेबाज मौजूद हैं। अगर एसआरएच की बात करें तो उनके पास अभिोक शर्मा हैं जिन्होंने इस सीजन अभी तक दूसरे सबसे ज्यादा (32) छक्के लगाए हैं।

इशान किशन 18 और हेनरिक क्लासेन 19 छक्के अभी तक लगा चुके हैं। ट्रेविस हेड भी फॉर्म में आ चुके हैं। दूसरी तरफ अगर पंजाब की बात करें तो उनके पास भी सिक्स हिटर्स की फौज है। प्रियांश आर्य अभी तक इस सीजन 26 छक्के लगा चुके हैं और कुल 51 छक्के आईपीएल में लगाए हैं। प्रभसिमरन सिंह भी आईपीएल 2025 से लेकर अभी तक 47 छक्के लगा चुके हैं। श्रेयस अय्यर भी 22 छक्के इस सीजन जड़ चुके हैं। कूपर कॉनली भी पीछे नहीं रहे हैं और 18 छक्के अभी तक लगा चुके हैं। अर्शदीप के पास हेड, क्लासेन और किशन का तोड़ एसआरएच के लिए टॉप ऑर्डर में हेड और किशन ने धुआंधार बल्लेबाजी की है। वहीं मिडिल ऑर्डर में क्लासेन का बल्ला जमकर बोला है। क्लासेन अगर चलते हैं तो फिर मैच जिताकर ही लौटते हैं। हालांकि पंजाब के पास अर्शदीप सिंह के रूप में इन सबका तोड़ है। अर्शदीप ने हेड को तीन बार और किशन को चार बार आउट किया है। वहीं क्लासेन के खिलाफ जहां तक रिकॉर्ड का सवाल है तो उनको टी20 की सात पारियों में तीन बार पवेलियन भेजा है।

# मुंबई, बुमराह का सही इस्तेमाल नहीं कर रही है: संजय बांगड़

**मुंबई, वार्ता।** जसप्रीत बुम. राह, आईपीएल 2026 में लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं और ज्यादातर बातें इस बारे में रही हैं कि वह विकेट नहीं ले पा रहे, उनकी रफ्तार कम दिख रही है और मुंबई इंडियंस उन्हें हमेशा सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर रही है। जबकि मुंबई कैंप के लोग यह कहते नजर आ रहे हैं कि बुम. राह चुनौती के लिए तैयार हैं और जब विकेट लेने का समय आएगा, वह विकेट ले लेंगे।

सोमवार रात वानखेड़े में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ भी उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। यह इस सीजन का सातवां ऐसा मैच था, जब उन्हें कोई विकेट नहीं मिला और उन्होंने इस



दौरान इस मैच में 45 रन दिए। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में संजय बांगड़ और वेदा कृणमूर्ति ने सुझाव दिया है कि मुंबई टीम प्रबंधन को बुम. राह से बात करनी चाहिए और उनसे पूछना चाहिए कि क्या वह ब्रेक लेना चाहते हैं? वेदा ने कहा कि टीम प्रबंधन, कोच, कप्तान, उपकप्तान सूर्या (कुमार यादव) या फिर रोहित (शर्मा), ईमानदारी से बैठकर उनसे बात कर सकते हैं। उनसे पूछ सकते हैं: 'क्या आप अंदर से 100 प्रतिशत फिट महसूस कर रहे हैं, 'क्या आप एक-दो मैच का ब्रेक लेना चाहते हैं'। ताकि वह तरोताजा होकर लौटें।

उनसे यह पूछा जा सकता है और उम्मीद की जा सकती है कि वह ईमानदारी से जवाब देंगे। और अगर वह कहते हैं 'नहीं, मैं खेलने के लिए तैयार हूं', तो शायद हम उनका बेहतर वर्जन देखेंगे, क्योंकि वह और ज्यादा मेहनत करेंगे। एक ईमानदार बातचीत जरूरी है, ताकि यह साफ हो सके कि उन्हें ब्रेक चाहिए या वह खेल सकते हैं।

## ममता का रौद्र रूप

यूं तो सोमवार को हुई मतगणना में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम सामने आ चुके हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल का मामला अभूतपूर्व दिखाई दे रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री के पद पर बैठीं ममता बनर्जी ने इन चुनाव नतीजों को मानने से इन्कार कर दिया है और साफ कह दिया है कि वह इस्तीफा नहीं देने जा रही हैं। भारत के इतिहास में संभवत: पहली बार ऐसा देखने में आ रहा है जब किसी राज्य का मुख्यमंत्री हारने के बाद अपना इस्तीफा देने से इन्कार कर रहा है। मंगलवार को ममता ने साफ कहा कि वह हारी नहीं हैं बल्कि उन्हें साजिश के तहत हराया गया है। इसलिए मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, उन्होंने यह भी कहा कि वह राजभवन नहीं जाएंगी। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सीधे निशाना साधा और कहा कि इस चुनाव में चुनाव आयोग ही असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर सौ सीटें लूटी हैं। उन्होंने चेतावनीभरे लहजे में कहा कि अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं, सड़कों पर रहूंगी, कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उनके कार्यकर्ताओं ने काउंटर सेंटरों पर कब्जा कर लिया था और खुद उनके साथ बदसलूकी की। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटों पर जीत दर्ज की है और 80 सीटें टीएमसी के खाते में गई हैं। भाजपा नौ मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि चुनाव के समय से ही बंगाल से जिस तरह की खबरें आ रही हैं, वह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक दिखाई नहीं दे रही थी। ममता बनर्जी नहीं बल्कि तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग को लेकर जरा भी सहज दिखाई नहीं दिए और उन्हें लगता रहा कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। ये आरोप कितने सही हैं, यह बात अपनी जगह पर, लेकिन यह तो कहना ही पड़ेगा कि चुनाव आयोग ने भी अपनी तरफ से इस तरह का वातावरण नहीं बनाया जिससे उस पर लगे आरोपों की धार कुंद हो। चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वह चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी कराए और उस पर सत्ता और विपक्ष दोनों का ही विश्वास बना रहे, लेकिन पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है कि विपक्ष खुलकर चुनाव आयोग पर एक पक्षीय फैसले लेने का आरोप लगा रहा है। इस पर चुनाव आयोग को जरूर ध्यान देना होगा, लेकिन जहां तक बात ममता के इस्तीफे की है, इस तरह का टकराव भी लोकतंत्र के हित में नहीं है। इससे जनता में गलत संदेश जाता है। वैसे भी टकराव विचारों का होना चाहिए न कि निजी रूप से। ममता बनर्जी सीधे पीएम मोदी और अमित शाह को निशाने पर ले रही हैं। जिस तरह बंगाल से हिंसा की खबरें आ रही हैं वह तो और भी चिंता पैदा करती हैं।

# इंडिया गठबंधन का अस्तित्व राहुल गांधी और अखिलेश की कार्य योजना पर निर्भर



एम. हसन

पश्चिम बंगाल में टीएमसी की ममता बनर्जी और तमिलनाडु में डीएमके के एम।के। स्टालिन की चुनावी हार ने इंडिया गठबंधन के लिए एक विचित्र स्थिति पैदा कर दी है और कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों ने तो इसकी मृत्यु की घोषणा भी कर दी है। गठबंधन को पहले ही बिहार और महाराष्ट्र में बड़े झटके लग चुके हैं, जहां आरजेडी के तेजस्वी यादव और एनसीपी के शरद पवार को क्रमश: चुनावी हार का सामना करना पड़ा है। इस प्रकार, संकट के दौर में भारत गठबंधन को संभालने की भारी जिम्मेदारी काफी हद तक कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आ गई है।

इसी कारण, संभावित संकट को भांपते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज पार्टी के भीतर ममता बनर्जी की आलोचना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। कुछ बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस और अन्य दलों के कुछ लोग टीएमसी की हार पर खुशी मना रहे हैं। गांधी ने आगे कहा, उन्हें यह स्पष्ट रूप से समझना चाहिए कि असम और बंगाल के जनादेश की चोरी भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने के अपने अभियान में एक बड़ा कदम है। छोटी राजनीति को एक तरफ रख दें। यह किसी एक पार्टी या दूसरी पार्टी का मामला नहीं है, यह भारत का मामला है। इसी तरह, अखिलेश यादव ने कोलकाता में ममता बनर्जी



के खिलाफ अपनी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा के आलोचनात्मक बयान के बावजूद उनका समर्थन किया है। यादव ने कहा, धोखाधड़ी से मिली जीत हमेशा के लिए नहीं टिकती और उसका जीवनकाल सीमित होता है। नंदा की तुलना में, जिनका समाजवादी पार्टी में योगदान मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में हमेशा विवादास्पद रहा है, अखिलेश यादव ममता बनर्जी के राजनीतिक महत्व को बेहतर समझते हैं।

लोकसभा में उनके पास अभी भी 29 और राज्यसभा में 13 सांसदों का मजबूत आधार है। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बावजूद टीएमसी को 41 प्रतिशत मत मिले हैं। स्टालिन की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है, जिनकी डीएमके ने लगभग 25 प्रतिशत मतों के साथ 59 सीटें जीती हैं। डीएमके के लोकसभा में 22 सांसद हैं। टीएमसी और डीएमके दोनों ने पिछले महीने एनडीए के विवादास्पद परिसीमन विधेयक को पारित होने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसी खबरें हैं कि एनडीए इन दोनों पार्टियों में फूट डालने की कोशिश कर रहा है ताकि भारत गठबंधन को और कमजोर किया जा सके। इसलिए, 2029 के लोकसभा चुनाव अभी दूर हैं, ऐसे में TMC और DMK की संसदीय शक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मतगणना के दौरान राहुल गांधी द्वारा ममता बनर्जी और स्टालिन को किया गया फोन कॉल, INDIA गठबंधन को एकजुट रखने के उद्देश्य से था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ममता बनर्जी और स्टालिन, INDIA गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में कांग्रेस को उसका उचित हिस्सा नहीं देने दिया।

पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने दो सीटें जीती हैं और तमिलनाडु में DMK के साथ गठबंधन में पांच सीटें जीती हैं। केरल में जीत और कर्नाटक एवं तेलंगाना में नियंत्रण हासिल करने के बाद अब कांग्रेस को दक्षिण में मजबूती मिल गई है। ऐसे में, नई गठबंधन सरकार के गठन में विजय की टीवीके पार्टी का समर्थन करना संभव है, लेकिन ऐसी खबरें हैं कि वह डीएमके के साथ भी संबंध बनाए रखेगी। हालांकि, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को कांग्रेस के साथ घनिष्ठ सहयोग करते हुए अपनी राजनीतिक रणनीति में बदलाव करना होगा। पिछले 24 घंटों में राहुल गांधी के नरम रुख से यह साफ संकेत मिलता है कि वे ममता बनर्जी को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में, जहां 2027 में चुनावी मुकाबला होना है, यादव को अपनी गठबंधन रणनीति पर पुनर्विचार करना होगा और यह तय करना होगा कि वे कांग्रेस को गौण भूमिका में रखना चाहते हैं या एक सम्मानजनक साझेदारी चाहते हैं। बसपा प्रमुख मायावती के किसी भी गैर-भाजपा गठबंधन में शामिल होने की संभावना न के बराबर है, क्योंकि उन्होंने पहले ही अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इस प्रकार, राहुल गांधी और अखिलेश यादव न केवल संयुक्त रूप से भारत गठबंधन के अस्तित्व की कुंजी रखते हैं, बल्कि वे भारत के सबसे अधिक आबादी वाले और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में अपनी खोई हुई जमीन भी वापस हासिल कर सकते हैं।

## श्रीमुख से...

### चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रहा चुनाव आयोग



चुनाव आयोग केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रहा है, पश्चिम बंगाल चुनावों के परिणाम देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की गिरती स्थिति के प्रति बड़ी चिंता का हिस्सा हैं, टीएन शेषन द्वारा किए गए सुधारों के बाद कभी भारत की मजबूत चुनाव प्रणाली की पूरी दुनिया में प्रशंसा होती थी और आयोग को लोकतंत्र का निडर रक्षक माना जाता था, आज वही संस्था केंद्रीय एजेंसियों की मदद से चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने के आरोपों के घेरे में है, देश भले ही विश्वगुरु बनने का लक्ष्य हासिल न कर पाया हो, लेकिन चुनावी हेराफेरी की कला में जरूर महारत हासिल कर ली है, पश्चिम बंगाल के हालिया घटनाक्रम इस परेशान करने वाली वास्तविकता का ताजा उदाहरण हैं।

**-महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष, पीडीपी**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**


# जेलीफिश मनुष्यों के समान सोती है

जेलीफिश एक समुद्री अकशेरुकी जीव है जो आम तौर पर अपने छतरी जैसी आकृति से पहचाना जाता है। यह निडेरिया फायलम में कैसियोपिडी कुल में आता है और कैसिओपी जीनस का सदस्य है जिसमें 12 प्रजातियां हैं। देखा जाए तो यह हायड्रा, सी-एनीमोन, कोरल जैसे अन्य जलचर जंतुओं का सम्बंधी है। यहां जिस जेलीफिश की बात हो रही है वह उल्टी छतरी जैसा दिखता है। यानी छत्ता जमीन पर और झालर ऊपर।

यह शैवालों के साथ सहजीवी सम्बंध में रहता है। शैवाल प्रकाश संश्लेषण के जरिए भोजन का निर्माण करते हैं। यह शैवाल इसके छाते में बसते हैं और यही कारण है कि यह जेलीफिश छाते को उल्टा रखती हैं ताकि इन शैवालों को भोजन निर्माण के लिए प्रकाश मिलता रहे। जेलीफिश विभिन्न रंगों में मिलती है और यह रंग इन्हें शैवालों की बदौलत ही मिलता है। अब वैज्ञानिकों ने नेचर कम्यूनिकेशन्स में प्रकाशित एक शोध पत्र में बताया है कि जेलीफिश और स्टारलेट सी-एनीमोन में नींद जैसे पैटर्न नजर आते हैं। अक्सर यह मान लिया जाता है कि नींद लेने के लिए दिमाग जरूरी है लेकिन उक्त अध्ययन ने इस धारणा को चुनौती दी है। देखा जाए तो नींद एक जोखिम भरा व्यवहार है - उस दौरान जंतु शिकारियों के प्रति कमजोर हो जाते हैं। वैज्ञानिकों का विचार है कि यदि फिर भी नींद आती है, तो इसकी कुछ तो लाभदायक भूमिका होनी चाहिए। इस्राइल के शोधकर्ता

**यूवी प्रकाश डीएनए क्षति के लिए जाना जाता है। यूवी के संपर्क में रहने के बाद जेलीफिश सामान्य से ज्यादा देर तक सोती रहीं जबकि उनमें मस्तिष्क नहीं होता। इसी प्रकार से, सी-एनीमोन को ऐसी कीमोथेरपी औषधि दी गई जो डीएनए क्षति करती है। इस उपचार के बाद एसी-एनीमोन 30 प्रतिशत ज्यादा सोए।**

उपरोक्त दो प्रजातियों में इसी की छानबीन कर रहे थे। ये दोनों जंतु उथले लैगून्स के पेंदों में अपने टेन्टेकल्स को लहराते पड़े रहते हैं। टेन्टेकल्स शिकार को पकड़ने का काम करते हैं। इनमें नींद जैसी अवस्था देखी गई थी। यह देखा गया था कि दिन के कई घंटे यह ऊंघते रहते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इन जंतुओं में मस्तिष्क तो छोड़िए, केंद्रीय तंत्रिका तंत्र भी नहीं होता। इनकी तंत्रिकाएं पूरे शरीर में बिखरी होती हैं। बार-इलान विश्वविद्यालय के लियोर एपलबॉम और उनके साथी देखना चाहते थे कि इनमें नींद का पैटर्न कैसा होता है और नींद की भूमिका क्या है। अपनी प्रयोगशाला में उन्होंने एक एक्वेरियम में कई सारी जेलीफिश रखीं और कई दिनों तक उन्हें 12 घंटे रोशनी और 12 घंटे अंधकार में रखा, यह देखने के लिए कि जेलीफिश इन



अवधियों में कितनी बार अपनी छतरी नुमा तोंद को ऊपर-नीचे करती हैं। यह फूलना-पिचकना इनके जागे होने का एक संकेत है।

प्रयोग में देखा गया कि रात में जेलीफिश कम सक्रिय रहती हैं और अपनी तोंद को प्रति मिनट लगभग पांच बार कम ऊपर-नीचे करती हैं। अब यह देखना था कि क्या इस क्रिया का सम्बंध निद्रावस्था से है। शोधकर्ताओं ने जेलीफिश पर रोशनी चमकाई और देखा कि वे कितनी जल्दी अपनी धड़कन से प्रतिक्रिया देती हैं। किसी ऊंघते मनुष्य के ही समान जेलीफिश ने अंधकार में रोशनी की प्रतिक्रिया देने में 20 सेकंड का टाइम लिया। जबकि दिन में चौकन्नी अवस्था में उन्हें मात्र 10 सेकंड लगते हैं। सी-एनीमोन का पैटर्न इससे उल्टा था। वे रात में सक्रिय रहते हैं और दिन में उनकी हरकतें धीमी रहीं और प्रतिक्रिया अवधि लंबी। अलबत्ता, दोनों ही जंतु दिन की एक-तिहाई अवधि तक सोते रहे। और तो और, सी-एनीमोन के सोने जागने का क्रम उनकी अंदरुनी घड़ी (सर्काडियन क्लॉक) से संचालित था। शोधकर्ताओं ने प्रकाश व अंधकार के क्रम को पलट दिया, तब भी सी-एनीमोन का सोने-जागने का क्रम बरकरार रहा। दूसरी ओर, जेलीफिश में यह क्रम प्रकाश से प्रभावित हुआ-अंधेरे में वे उनींदे रहे और रोशनी में सक्रिय।

यह भी देखा गया कि इन जंतुओं को यदि एक रात की नींद ठीक से न मिले तो उन्हें बाद में ज्यादा आराम की जरूरत होती है, ठीक इंसानों के समान। शोधकर्ताओं ने एक्वेरियम में पानी को 6 घंटे तक उस दौरान मथा जो जेलीफिश के सोने का समय था। इससे उनकी नींद कच्ची रही और बाद में वे सामान्य जेलीफिश की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक समय तक सोते रहे। शोधकर्ताओं ने नींद के साथ छेड़छाड़ का एक तरीका और आजमाया। उन्होंने कुछ एक्वेरियम टंकियों में मेलेटोनिन डाल दिया। मेलेटोनिन एक हॉरमोन है, मनुष्यों में मस्तिष्क जिसका स्राव रात में करता है और यह नींद प्रेरित करता है। मेलेटोनिन का ऐसा ही असर जेलीफिश तथा सी-एनीमोन पर भी हुआ और वे दिन की उस अवधि में ऊंघने लगे जब वे सामान्य तौर पर सक्रिय होते हैं। जाहिर है कि यह दो जंतु नींद का मजा लेते हैं। पूर्व में कई शोधकर्ता दर्शा चुके थे कि मक्खियों, चूहों और मनुष्यों सहित कई प्रजातियों में नींद डीएनए को हुई क्षति को कम करता है। यह क्षति जाग्रत अवस्था में होती रहती है। एपलबॉम का विचार है कि शायद जेलीफिश और सी-एनीमोन में भी ऐसा ही होता है। अपने इस विचार की जांच के लिए उन्होंने एक प्रयोग किया।

# चलो अच्छा हुआ कम्युनिस्टों की विदाई तो हुई



यशोदा श्रीवास्तव

पांच राज्यों के चुनाव परिणाम की खास बात यह रही कि पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा के बाद केरलम से कम्युनिस्ट विचारधारा की विदाई हो गई। अजीब संयोग है कि कुछ माह पहले ही नेपाल से भी कम्युनिस्ट विचारधारा का खात्मा हुआ है। और अब भारत से बची-खुची इसके अवशेष अतीत होने के कगार पर है। कम्युनिस्ट विचारधारा फिलहाल भारत की राजनीति में सूट नहीं करती बावजूद इसके यह विचार धारा यहां दो चार प्रदेशों में अच्छे से फल-फूल रहा था। भारत और नेपाल दोनों ही इससे प्रभावित होते रहे हैं। फिलहाल अब भारत और इसके पड़ोसी राष्ट्र नेपाल दोनों ही इससे मुक्त हो गए हैं।

एकाध चुनावों में किसी पार्टी के पराजय को उसके समापन की दृष्टि से देखना यद्यपि कि मुनासिब नहीं है लेकिन जब हम कट्टर कम्युनिस्ट राज्य पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा की ओर देखें तो कह सकते हैं कि केरलम भी अब इस विचारधारा की वापसी नामुमकिन नहीं तो मुश्किल जरूर है। पश्चिम बंगाल से कम्युनिस्ट पार्टियों के बियाबान में पहुंचाने के लिए ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया जाना चाहिए, भले ही वे सत्ता से बेदखल हो गई हों। नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की वाह वाही इसलिए भी खूब हो रही है कि उसने नेपाल जैसे कट्टर कम्युनिस्ट देश से वामपंथ की विदाई कर दी। ममता बनर्जी का राजनीतिक भविष्य क्या होता है, यह कह पाना मुश्किल है लेकिन उन्हें बंगाल से कम्युनिस्टों की विदाई के लिए हमेशा याद किया जाएगा। ममता बनर्जी की राजनीतिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी रही है। कांग्रेस में रहते हुए ही उन्हें बंगाल की शेरनी कहा गया था। उसके बाद जब वे एनडीए का हिस्सा बनीं तो उन्हें आर एस एस के मुख पत्र पांचजन्य के तत्कालीन संपादक तरुण विजय ने भी बंगाल की दुर्गा कहा। अभी कुछ समय पहले दिवंगत हुए भाजपा के बौद्धिक संपदा के धनी राज्य सभा सांसद बलवीर पुंज ने भी भरी संसद में कहा था कि हमारी दीदी ममता जी बंगाल की साक्षात दुर्गा हैं। सन,2001 में रक्षा सौदे में रिश्वत खोरी का बड़ा मामला उजागर होने के बाद उन्होंने एनडीए से नाता तोड़ लिया था लेकिन उसी वक्त बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा था कि भाजपा अभी भी उनकी प्रमुख स्वाभाविक सहयोगी है। ममता बनर्जी इस चुनाव में भाजपा के हाथों भले ही बुरी तरह पराजित हुई हैं लेकिन कब उनके भीतर भाजपा के प्रति प्रेम उमड़ जाए, यह संभावना खत्म नहीं हुई है। ममता बनर्जी ने 1997 में कांग्रेस तोड़कर मुकुल रॉय के साथ तृणमूल कांग्रेस का गठन किया था। उनका लक्ष्य पश्चिम बंगाल से कम्युनिस्टों के साथ कांग्रेस को भी खत्म करना था। ममता बनर्जी के इस मुहिम में आरएसएस ने भी ममता बनर्जी को 'बंगाल की दुर्गा' बताते हुए खुलकर उनका साथ दिया। नतीजा 2011 में ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्टों का सफाया कर अपनी खुद की सरकार बनाने में कामयाब हो गईं। तब से वे चार मई 2026 तक पश्चिम बंगाल की एक मात्र छत्रप बनीं रहीं। भाजपा को भी प्रत्यक्ष रूप से कोई एतराज नहीं था लेकिन अंदर अंदर वह बंगाल जीतने की रणनीति पर काम करती रही जिसमें अब जाकर उसे कामयाबी मिली। ममता बनर्जी बंगाल से कम्युनिस्टों का सफाया करने के बाद भी वे भाजपा से दूर नहीं रहीं। उन्होंने 2019 में एन आर सी और सीएए के खिलाफ बहुत सारे आंदोलन जरूर किए लेकिन जब संसद में इस पर विल लाया गया तो उनके आठ सांसद संसद से गैर हाजिर होकर अप्रत्यक्ष रूप से इस विल के पास होने में मददगार की भूमिका निभाई। इतना ही नहीं 2022 में उपराष्ट्रपति पद के लिए उन्होंने विपक्ष की उम्मीदवार मार्ग्रेट अल्वा के पक्ष में मतदान से साफ इंकार करते हुए सदन में हिस्सा ही नहीं लिया। 2022 में एक कार्यक्रम में उन्होंने आर एस एस की तारीफ में पुल बांधते हुए कहा था कि संघ दुनिया का सबसे सुव्यवस्थित संगठन है। इस तरह देखें तो ममता बनर्जी उन्हीं के हाथों पराजित हुई हैं जिनसे उन्हें रहम की उम्मीद थी। इस बाबत कांग्रेस विधायक विरेंद्र चौधरी की टिप्पणी गौर तलब है कि पश्चिम बंगाल में न कोई जीता है न हारा है, यह सत्ता हस्तांतरण का एक स्वयंबर था जो चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से धूम धड़ाके के साथ संपन्न हुआ, लेकिन यही बात केरलम के लिए भी तो लागू होती है। ठीक है वहां केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका अलग तरह की रही होगी, सत्ता का हस्तांतरण तो वहां भी हुआ। कांग्रेस गठबंधन कोई अपने कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी से तो सत्ता छीनी नहीं है। उसने भी अपने सहयोगी दल को ही पराजित कर सत्ता में वापसी की है। भारत में वामपंथ विचार धारा की जड़ों को देखें तो इसकी शुरुआत केरलम से ही हुई है। यहां 1957 में पहली बार वामपंथ की सरकार बनी। इसके बाद 1977 में पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में कम्युनिस्ट सरकार सत्ता रूढ़ हुई। इन दो प्रदेशों से वामपंथ के खात्मे के बाद केरल ही इनका आखिर किला बचा था, अब वह भी ढह गया। जिस तरह कभी ममता की पसंदीदा पार्टी भाजपा ने ममता बनर्जी को शिकस्त दी ठीक उसी तर्ज पर केरलम में एलडीएफ को अपने ही घटक दल के हाथों मात खानी पड़ी। सवाल यह नहीं कि कम्युनिस्टों का सफाया किसके हाथ हुआ, संतोष यह है कि नेपाल के बाद उसका यह पड़ोसी मित्र राष्ट्र भी कम्युनिस्ट मुक्त हो गया। भारत के बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ सहित कुछ अन्य प्रदेशों में भी हल्का फुल्का कम्युनिस्ट विचारधारा का प्रभाव था लेकिन वहां पहले ही इससे मुक्ति मिल गई थी। बिहार में अब सिर्फ तीन कम्युनिस्ट विधायक हैं जबकि झारखंड में दो ही हैं। त्रिपुरा जो लंबे समय तक वामपंथ का गढ़ था वहां भी मात्र 11 वामपंथी विधायक हैं। पश्चिम बंगाल में मात्र एक विधायक वामपंथी हैं। हां वामपंथियों का केरलम में अभी कुछ अवशेष जरूर बचा है लेकिन भविष्य में उसके पुनर्विस्तार की संभावना बहुत कम है क्योंकि आने वाले दिनों में यहां भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य मुकाबले की पार्टी होगी। राहुल गांधी कहते हैं कि बंगाल में ममता बनर्जी ने भाजपा के लिए रास्ता खोल दिया है। यह बात राहुल गांधी पर लागू होती है कि उन्होंने भी केरलम में भाजपा का रास्ता खोल दिया है।

# ईरान के साथ जारी संघर्ष को ट्रम्प ने बताया 'लघु युद्ध'

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने युद्ध प्रभाव व पैमाने को कमतर बताने का किया प्रयास

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष को 'छोटा युद्ध' करार देते हुए इसके प्रभाव और पैमाने को कमतर बताने का प्रयास किया है।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में छोटे व्यवसायों से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश इस समय काफी तरक्की कर रहा है, जबकि हम एक संघर्ष में उलझे हुए हैं, जिसे मैं लघु युद्ध कहता हूं। गौरतलब है कि ट्रम्प इस युद्ध के लिए समय-समय पर अलग-अलग शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कभी वह इसे 'युद्ध' कहते हैं, तो कभी सैन्य 'अभियान', 'भ्रमण' या सिर्फ एक



■ ट्रम्प इस युद्ध के लिए समय-समय पर अलग-अलग शब्दों का इस्तेमाल कर रहे

'पड़ाव' मात्र बताते हैं। जानकारों का मानना है कि शब्दों का यह चयन सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्ष 1973 के 'युद्ध शक्तियां अधिनियम' के अनुसार, किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को लंबे समय तक सैन्य कार्रवाई जारी रखने के लिए संसद (कांग्रेस) की मंजूरी लेना अनिवार्य होता है। राष्ट्रपति बिना मंजूरी के केवल 60 से 90 दिनों तक ही सैन्य अभियान चला सकते हैं। ट्रम्प ने भी मार्च में कहा था कि वे 'युद्ध' शब्द के इस्तेमाल से बचते हैं क्योंकि इसके लिए आधिकारिक अनुमति की आवश्यकता पड़ती है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि 28 फरवरी से शुरू हुई यह सैन्य कार्रवाई ईरान की ओर से मिलने वाली धमकियों के जवाब में एक 'रक्षात्मक कदम' है। वहीं, दूसरी ओर ईरान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन और एक अवैध हमला बताया है।

# नशीली दवाओं की तस्करी वाली नाव पर अमेरिकी हमले में दो की मौत

**वाशिंगटन।** कैरिबियन सागर में नशीली दवाओं की कथित तस्करी करने वाले एक नाव पर अमेरिकी सेना के हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी सेना के दक्षिण कमान (साउथकॉम) के अनुसार, नशीली दवाओं को ले जाने वाले एक संदिग्ध नाव पर किए गए घातक हमले में दो लोग मारे गए हैं। यह सैन्य अभियान चार मई को जनरल फ्रांसिस एल डोनावन के निर्देशन में चलाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि 'ज्वाइंट टास्क फोर्स साउदर्न स्पीयर' ने उस नाव को निशाना बनाया जिसके बारे में जानकारी मिली थी कि वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़ी है और ड्रग्स तस्करी के रास्ते पर जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में किसी भी अमेरिकी सैनिक को चोट नहीं आई है। यह ताजा कार्रवाई ट्रम्प प्रशासन द्वारा लैटिन अमेरिका में 'नार्को-टेररिज्म' के खिलाफ

■ कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में फैले इस अभियान में अब तक कम से कम 188 लोग मारे जा चुके हैं

सितम्बर से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में फैले इस अभियान में अब तक कम से कम 188 लोग मारे जा चुके हैं। हालांकि, अमेरिकी सेना ने अभी तक सार्वजनिक रूप से ऐसे सबूत पेश नहीं किए हैं जिनसे यह पुष्टि हो सके कि निशाना बनाए गए जहाजों में नशीली दवाएं मौजूद थीं। भले ही इस समय दुनिया का ध्यान पश्चिमी एशिया के संघर्ष पर है, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में इस तरह के हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है। इससे यह संकेत मिलता है कि पश्चिमी गोलार्द्ध में अमेरिका के नशीली दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान उसकी प्राथमिकता बने हुए हैं।



**कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद टॉलीगंज निर्वाचन क्षेत्र की सड़कों से टीएमसी के होर्डिंग्स-बैनर फाड़कर फेंकते भाजपा समर्थक।**

# भारत-जापान स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भारत और जापान की संयुक्त समिति की तीसरी बैठक के बाद मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने और नई साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की आपसी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि भारत और जापान के बीच स्वास्थ्य संबंधी संयुक्त समिति (जेसीएम) की तीसरी बैठक आज भारत मंडपम में आयोजित की गई। नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति प्रभारी मंत्री किमी ओनोदा ने मिलकर बैठक की अध्यक्षता की।

# ईरान-अमेरिका युद्धविराम वार्ता खतरे में

## ईरान के ताजा प्रस्ताव को खारिज करने और नए हमलों के बीच होर्मुज में बढ़ा तनाव

**वाशिंगटन/तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच हुआ युद्धविराम अब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर खतरे में पड़्ता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से ईरान के ताजा प्रस्ताव को खारिज करने और होर्मुज से जहाजों के पारगमन में मदद के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू करने के बाद तनाव चरम पर है।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा पेट्रोलियम उद्योग क्षेत्र पर ईरान के ड्रोन हमले के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। यूएई ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है। इस घटना ने उस शांति को खत्म कर दिया है जो अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद से बनी हुई थी। दोनों देशों के बीच आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा हुई थी, जिसे 22 अप्रैल को आगे बढ़ाया गया था। इस बीच राजनयिक माध्यमों से प्रस्तावों का आदान-प्रदान जारी है। हालांकि, ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यदि ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य या फारस की खाड़ी में कहीं भी अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने का दुस्साहस किया, तो उन्हें 'धरती से मिटा दिया जाएगा।' ईरान की प्रतिक्रिया भी उतनी ही आक्रामक रही है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालीबाफ ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम के उल्लंघन और



■ यूएई ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है

नाकाबंदी कर सुरक्षित नौवहन को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका के लिए मौजूदा स्थिति को सहन करना असंभव होगा और चेतावनी दी कि ईरान के पास अभी भी कई बड़े विकल्प मौजूद हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की पुष्टि की है। इसमें लगभग 15,00 अमेरिकी सैनिक, मिसाइल विध्वंसक जहाज, 100 से अधिक विमान और मानव रहित प्लेटफॉर्म तैनात किए गए हैं। शीर्ष अमेरिकी कमांडर एडमिरल ब्रैडली कूपर के अनुसार, अभियान के पहले दिन दो अमेरिकी झंडे वाले जहाजों को सैन्य सुरक्षा में सफलतापूर्वक पार कराया गया। इस दौरान अमेरिकी नौसेना ने जहाजों को निशाना बनाने वाली ईरानी क्रूज मिसाइलों को बीच में ही मार गिराया और हमला करने की कोशिश कर रही ईरान की छह छोटी नावों को नष्ट कर दिया। वहीं, यूएई ने कहा कि उसने ईरान की ओर से दागी गई कई मिसाइलों को नाकाम कर दिया है, हालांकि फुजैरा के पेट्रोलियम केंद्र में भीषण आग लग गई है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस हमले का जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यूएई के राष्ट्रपति के सलाहकार अनवर गर्गाश ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि ईरान ही इस क्षेत्र में संकट और खतरे का असली स्रोत है।

## होर्मुज तनाव के बीच अमेरिकी प्रभाव कम हो जाएगा: गालिबफ



**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर ग़ालिबफ़ ने मंगलवार को कहा कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर अगर तनाव बढ़ेगा तो उससे अमेरिकी प्रभाव में कमी आएगी। होर्मुज़ जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण वैश्विक ऊर्जा और नौवहन मार्ग है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, ग़ालिबफ़ ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम का उल्लंघन करके और नौवहन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाकर समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे नाकाबंदी करार दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का एक नया समीकरण अंतिम रूप ले रहा है, अमेरिका के लिए यथास्थिति बनाए रखना असहनीय है जबकि हमने अभी शुरुआत भी नहीं की है। ये टिप्पणियां उन खबरों के बाद बढ़े तनाव के बीच आई हैं जिनमें कहा गया है कि अमेरिका ने 13 अप्रैल से ईरानी बंदरगाहों एवं समुद्री मार्गों पर नौसैनिक नाकाबंदी लगा दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की घोषणा की, जो एक नौसैनिक पहल है जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जलमार्ग से वाणिज्यिक जहाजों को एस्कॉर्ट करना है जिस पर ईरान का काफी प्रभाव है। ईरानी सेना ने अमेरिकी युद्धपोतों को रणनीतिक जलमार्ग के पास आने के खिलाफ बार-बार चेतावनी दी है जिसपर इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कोर ने अपना कड़ा नियंत्रण बनाए हुआ है। आईआरजीसी नियमित मिसाइल और ड्रोन अभ्यासों के माध्यम से अपनी उन्नत क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहा है।

# जीसीसी ईरानी मिसाइल हमलों के खिलाफ यूएई का करेगा समर्थन

**दोहा।** खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव जासेम अलबुदैवी ने कहा कि संगठन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा अपनी सुरक्षा की रक्षा के लिए उठाए गए सभी कदमों का समर्थन करेगा। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि देश की वायु रक्षा ने 12 बैलिस्टिक मिसाइलों और चार ड्रोन को रोका, जिन्हें कथित रूप से ईरान द्वारा प्रक्षेपित किया गया था और कहा कि वह जवाबी कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखता है। इसके अलावा, अमीरात सरकार की प्रेस सेवा ने ड्रोन हमले के बाद फुजैरा तेल क्षेत्रों में से एक में आग लगने की सूचना दी। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने सैन्य सूत्र के हवाले से कहा कि यूएई के पूर्वी हिस्से में एक औद्योगिक तेल क्षेत्र पर हुए आगजनी के हमले के पीछे अमेरिकी सेना का हाथ था। जीसीसी ने कल एक बयान में कहा कि महामहिम ने यूएई के साथ जीसीसी की पूर्ण एवं दृढ़ एकजुटता पर बल दिया और उसकी सुरक्षा की रक्षा, उसकी संप्रभुता की सुरक्षा और उसके महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए उठाए गए सभी उपायों के समर्थन में एक एकजुट मोर्चे के रूप में खड़े होने की बात की।

# ईरानी विदेश मंत्री बीजिंग यात्रा पर करेंगे चीनी समकक्ष के साथ वार्ता

**तेहरान/बीजिंग।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची अपने चीनी समकक्ष वांग ई के साथ बातचीत करने के लिए बीजिंग की यात्रा पर जाने वाले हैं। ईरान यह कदम संयुक्त अमेरिका-इजरायल के साथ चल रहे संघर्ष और बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए उठा रहा है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, चर्चा 'द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर केंद्रित' होगी, जिसमें युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में उत्पन्न व्यवधान प्रमुखता से शामिल होने की संभावना है। चीन ने 28 फरवरी को ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से ही अत्यंत सतर्क रुख अपनाया हुआ है। यद्यपि कई देशों की भांति चीन ने भी ईरान पर अमेरिका और इजरायल के शुरुआती हमलों की निंदा की थी, लेकिन ईरान के साथ अपनी निकटता के बावजूद वह आश्चर्यजनक रूप से तटस्थ बना हुआ है। चीन लगातार तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान का आह्वान करता रहा है। चीन ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है, फिर भी

■ चीन ने 28 फरवरी को ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से ही अत्यंत सतर्क रुख अपनाया हुआ है

■ चीन लगातार तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान का आह्वान करता रहा है

इसके विशाल भंडार और ऊर्जा के विविध स्रोतों ने इसे होर्मुज जलडमरूमध्य में आए व्यवधान के बुरे प्रभावों से बचाये रखा है। ईरान ने इस मार्ग को प्रभावी रूप से उन देशों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है जिन्हें वह 'शत्रु' मानता है। यह यात्रा अमेरिका-चीन संबंधों के एक महत्वपूर्ण क्षण से पहले हो रही है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14-15 मई के बीच अपने चीनी समकक्ष राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के लिए चीन जाने वाले हैं। 2025 में व्हाइट हाउस लौटने के बाद उनकी यह पहली चीन यात्रा होगी। अमेरिका और चीन के बीच पिछले एक वर्ष से संबंधों में तनाव बढ़ गया है। इन दोनों आर्थिक महाशक्तियों के बीच शुल्कों और व्यापार नीति को लेकर बार-बार विवाद हुए।



# शेफ का किरदार निभाना और सचमुच खाना बनाना बेहद खास रहा: सुम्बुल तौकीर खान

**मुंबई।** अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि स्क्रीन पर शेफ का किरदार निभाना और सचमुच खाना बनाना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा है। सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अपनी सरल और दिल को छू लेने वाली कहानी और सहज पलों के ज़रिए दर्शकों से जुड़ता जा रहा है। मौजूदा ट्रैक में अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) अपनी ज़िंदगी के नए पड़ाव में कदम रखती है, जब वह रेस्टोरेंट में काम शुरू करती है और शेफ बनने के अपने सपने की ओर पहला कदम बढ़ाती है। अन्विता की यात्रा चुनौतियों, सीख और छोटी-छोटी जीतों से भरपूर दिखाई देती है। दिलचस्प बात यह है कि यह ट्रैक सुम्बुल के असली जीवन के शौक से भी मेल खाता है। उन्हें हमेशा घर पर खाना बनाने और नए प्रयोग करने का शौक रहा है।

# ऑस्ट्रेलियाई तट के पास जलयान डूबने से तीन की मौत

**न्यू साउथ वेल्स।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स तट के पास एक जलयान के डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें दो स्वयंसेवी बचावकर्मी भी शामिल हैं। यह दुखद घटना तब घटित हुई जब एक आम नागरिक ने सूचना दी कि साउथ बैलिना के ब्रेकवॉल के पास एक जलयान मुश्किल में फंसा हुआ है। उल्लेखनीय है कि साउथ बैलिना एनएसडब्ल्यू और क्वींसलैंड की सीमा के पास स्थित एक लोकप्रिय तटीय पर्यटन स्थल है। पुलिस ने बताया कि 'मरीन रेस्क्यू एनएसडब्ल्यू' के छह सदस्यों का एक दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा, लेकिन बैलिना बार को पार करते समय खराब मौसम के कारण उनकी नाव पलट गई।

# चीन की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 21 की मौत

## बचाव दल ने संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

**हुनान।** चीन के हुनान प्रांत में एक पटाखा कारखाने में विस्फोट होने से 21 लोगों की मौत हो गई है और 61 घायल हो गए हैं। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार विस्फोट में 21 लोगों की मौत हो गई है और 61 लोग घायल हुए हैं। बीबीसी में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है कि हुनान प्रांत के लियूयांग शहर के हुआशेंग पटाखा संयंत्र में यह विस्फोट सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 16:40 बजे हुआ। बचाव दल ने मुस्तैदी दिखाते हुए संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रशासन ने खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए तत्काल अधिकारियों की



तैनाती की तथा घायलों के उपचार के लिए करीब 500 कर्मियों को भी तैनात किया। रोबोट की मदद से पटाखा कारखाने की इमारत के भीतर फंसे लोगों को ढूंढने का काम किया गया। स्थानीय पुलिस ने विस्फोट के कारणों की जांच का काम आरंभ कर दिया है और इस दौरान पटाखा कंपनी के प्रभारी व्यक्ति से भी पूछताछ की गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने जानकारी दी कि कारखाना परिसर के भीतर स्थित बारूद के दो गोदाम बचाव कार्यों के दौरान उच्च जोखिम पैदा कर रहे थे। बचाव दलों को पटाखा संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे से सभी को हटाना पड़ा। बचाव कार्यों के दौरान कोई दुर्घटना न हो जाए, इसे ध्यान में रखकर दुर्घटनाग्रस्त इलाके में नमी बढ़ाने के उपाय भी किए गए। घटनास्थल से प्रसारित एक टीवी कार्यक्रम में सीसीटीवी के संवाददाता ने बताया कि विस्फोट इतना विनाशकारी था कि कारखाने के पास स्थित एक आवासीय भवन की खिड़कियां भी टूट गईं। रिपोर्ट के मुताबिक पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में घायल हुए लोगों की आयु 20 से 60 वर्ष के बीच है और कुछ लोगों को उड़ते हुए मलबे की चपेट में आने से हड्डियों में गंभीर चोटें आई हैं।

# जर्मन में कार के भीड़ में घुसने से दो की मौत, कई घायल

**लीपजिंग।** पूर्वी जर्मन शहर लीपज़िग में सोमवार दोपहर एक कार के भीड़ में घुससे दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी बीबीसी ने दी। लीपजिंग के मेयर बुरखार्ड जंग ने कहा कि अधिकारियों द्वारा संदिग्ध अपराधी की पहचान 33 वर्षीय जर्मन नागरिक के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों को अभी तक अपराध के मकसद के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है।

# बांग्लादेश में खसरे के प्रकोप से एक दिन में 17 की मौत

## संदिग्ध मौतों में से सबसे अधिक 10 मौतें ढाका जिले में दर्ज की गई

**ढाका।** बंगलादेश में खसरा और खसरा से संबंधित जटिलताओं के कारण एक ही दिन में 17 लोगों की मौत हो गई। मार्च में इस अत्यधिक संक्रामक लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी के प्रकोप की शुरुआत के बाद से एक दिन में दर्ज मौत की यह सबसे अधिक संख्या है।

यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों से मंगलवार को प्राप्त हुई। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, सोमवार सुबह आठ बजे तक दर्ज की गई 17 मौतों में से दो की पुष्टि खसरा से होने जबकि अन्य 15 को संदिग्ध मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध मौतों में से सबसे अधिक 10 मौतें ढाका जिले में दर्ज की गई। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, देश में खसरा से होने वाली पुष्ट मौतों की कुल संख्या बढ़कर 52 हो गई है। इसके

■ देश में खसरा से होने वाली पुष्ट मौतों की कुल संख्या बढ़कर 52 हो गई है

■ 15 मार्च से दर्ज किए जा रहे आंकड़ों के अनुसार इस बीमारी से संबंधित संदिग्ध मौतों की संख्या वर्तमान में 259 है

अलावा, 15 मार्च से दर्ज किए जा रहे आंकड़ों के अनुसार इस बीमारी से संबंधित संदिग्ध मौतों की संख्या वर्तमान में 259 है। डीजीएचएस के अधिकारियों ने बताया कि इसी अवधि के दौरान खसरे के लगभग 1302 संदिग्ध मामले दर्ज किए गए, जिससे 15 मार्च से अब तक संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 41793 हो गई है। ढाका ट्रिब्यून ने कहा कि इसी अवधि के दौरान, खसरा के 154 नए पुष्ट मामले सामने आए जिससे पुष्ट संक्रमणों की कुल संख्या 5467 हो गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 15 मार्च तक खसरा के संदिग्ध मामलों में से 28832 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से 25,151 मरीज स्वस्थ हो गए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। कोलंबिया में खदान धंसने से नौ लोगों की मौत बोगोटा। कोलंबिया में सुताताउसा नगरपालिका स्थित 'ला सिस्कुडा' खदान में हुए हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है। नेशनल माइनिग एजेंसी (एएनएम) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने पुष्टि की है कि इस घटना में नौ लोगों की मौत हो गई और छह खनिकों को जीवित बचा लिया गया। घायल श्रमिकों का एक क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि 18 श्रमिक जमीन के नीचे थे और उसी दौरान यह हादसा हो गया।

